स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, शुक्रवार
17 अक्टूबर, 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष 11
सं. 2082 वि.
वर्ष 79, अंक - 61 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

रवि शास्त्री बोले खुद ही वनडे से भी संन्यास ले लेंगे विराट और रोहित



# सीबीआई का ग्लोबल ऑपरेशन सेंटर तैयार

## विदेश में छिपे भगोड़ों को भी निकालेंगे : शाह




**नई दिल्ली।** दुनिया के कई मुल्कों में छिपे बैठे भगोड़ों को पकड़ने के लिए सीबीआई ने ग्लोबल ऑपरेशन सेंटर तैयार किया है। पिछले 9 महीने में

- चार वर्षों में हुई है दो बिलियन डॉलर की रिकवरी
- नौ महीने में 189 रेड कॉर्नर नोटिस जारी

189 रेड कॉर्नर नोटिस जारी किए गए हैं। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को भगोड़े अपराधियों के प्रत्यर्पण पर आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। शाह ने कहा, हम भारत में भ्रष्टाचार, अपराध और आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस तो जरूर रखें, लेकिन भारत की सरहदों के बाहर बैठकर जो इसे चला रहे हैं, उनके लिए भी जीरो टॉलरेंस रखना, उन्हें कानून के दायरे में लाने का प्रयास करना और इसके लिए एक सुनिश्चित तंत्र बनाना, यह जिम्मेदारी भी हमारी ही है। मनी लॉन्ड्रिंग निरोधक कानून (पीएमएलए) को भी और सशक्त तथा पुख्ता बनाया गया है। लगभग 12 बिलियन डॉलर की संपत्तियां 2014-23 के बीच जब्त की गई हैं। सीबीआई ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भगोड़ों को पकड़ने के लिए विशेष ग्लोबल ऑपरेशन सेंटर भी स्थापित किया है। यह सेंटर, दुनिया भर की पुलिस के साथ रीयल-टाइम समन्वय कर रहा है। इसके साथ ही रेड नोटिस प्रकाशन, जनवरी-सितंबर 2025 के बीच 189 इश्यू किए गए हैं, जो स्थापना के बाद अब तक सबसे अधिक हैं। यह दर्शाता है कि जब व्यवस्था होती है तो बहुत अच्छे परिणाम मिलते हैं। शाह ने कहा, जनवरी 2025 में संरचना के बाद भारतपोल को बहुत अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। यदि इसका अधिकतम उपयोग राज्य पुलिस भी करें तो उद्देश्यों की प्राप्ति में और अधिक सफल होंगे। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में हमने धारा 355 और 356 में ट्रायल इन एब्सेंशिया का प्रावधान किया है। आज़ाद भारत में पहली बार कानून में इसे स्थान दिया गया है। यदि कोई व्यक्ति भगोड़ा घोषित हो जाता है, तो उसकी अनुपस्थिति में भी अदालत उसके बचाव के लिए एक वकील नियुक्त करके मुकदमे की कार्यवाही चला सकती है। एक बार जब वह भगोड़ा से सजायाफ्ता ठहराया जाता है, तो इससे अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत उसके दर्जे में बहुत बड़ा बदलाव आ जाता है।

### अपराधी से ज्यादा गतिमान हो न्याय की पहुंच

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, अपराध और अपराधी की चाल चाहे कितनी भी तेज क्यों न हो, न्याय की पहुंच उससे भी अधिक गतिमान होनी चाहिए। पीएम मोदी के नेतृत्व में एक मज़बूत भारत, सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ रूल ऑफ लॉ की मजबूती सुनिश्चित करने के लिए आगे बढ़ रहा है। भगोड़े चाहे आर्थिक अपराधी हों, साइबर अपराधी हों, आतंकवादी घटनाओं में लिप्त हों या संगठित अपराध नेटवर्क के हिस्सेदार हों, हर भगोड़े के साथ रुथलेस अप्रोच अपनाकर उन्हें भारतीय न्याय व्यवस्था के समक्ष खड़ा करने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। अब इसका समय आ गया है।

### हर राज्य बनाये सीबीआई की यूनिट

सीबीआई हमारे यहां प्रत्यर्पण के लिए नामित एजेंसी है। इस जांच एजेंसी के सहयोग से हर राज्य को अपने यहां एक यूनिट खड़ी करनी चाहिए, जो राज्य से भागे हुए भगोड़ों को वापस लेने के लिए एक तंत्र स्थापित करे। इसे गति भी देनी पड़ेगी। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद इस दिशा में कई तरह के बदलाव हुए हैं। साल 2018 में भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम लाया गया है। इससे सरकार को भगोड़ों की भारत में स्थित संपत्तियों को जब्त करने का अधिकार मिला। लगभग चार वर्षों के भीतर लगभग 2 बिलियन डॉलर की रिकवरी हुई है, यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह ने कहा, इसमें आगे और भी गति बनाए रखनी होगी।

# बदल चुका है भारत का रक्षा क्षेत्र : राजनाथ



**पुणे।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की आत्मनिर्भरता का जीता जागता सबूत है। उन्होंने ऑपरेशन के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता की सराहना की। पुणे में सिम्बायोसिस स्किल्स एंड

- 'ऑपरेशन सिंदूर हमारी आत्मनिर्भरता का जीता जागता सबूत है'

प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए, राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अपने आप में हमारी आत्मनिर्भरता का जीता जागता सबूत है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, हमारे सशस्त्र बलों द्वारा प्रदर्शित वीरता को पूरी दुनिया ने देखा। खास बात यह है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, हमारे बलों ने बड़ी मात्रा में भारत में निर्मित उपकरणों का इस्तेमाल किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी भारतीय रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर भाजपा सरकार के फोकस पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से रक्षा क्षेत्र में जो स्थितियाँ थीं, हमने उन्हें बदल दिया है। हमने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत अपने सैनिकों के लिए देश में ही हथियार बनाएगा। हमारे लिए परिस्थितियाँ बहुत प्रतिकूल थीं। लेकिन हमने हार नहीं मानी। हमने रक्षा निर्माण को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किया। और हमें अपने प्रयासों के सकारात्मक परिणाम दिखने लगे। राजनाथ सिंह ने युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्किल इंडिया और स्टार्ट-अप इंडिया पहल पर भी प्रकाश डाला। राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आत्मनिर्भर भारत के अपने दृष्टिकोण को समझते हैं और उसे साकार करते हैं, इसलिए युवाओं के कौशल को बढ़ाना आवश्यक है, उन्होंने कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की स्थापना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 2014 से, जब देश ने न्यू इंडिया की ओर कदम बढ़ाए, प्रधानमंत्री ने बार-बार स्किल इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया और मेक इन इंडिया के बारे में बात की है, क्योंकि उन्होंने समझा कि अगर भारत को आत्मनिर्भर बनना है, तो सबसे पहले युवाओं को कुशल बनाना होगा। जैसे ही हम सत्ता में आए, हमने कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए एक समर्पित मंत्रालय की स्थापना की।

## राजद-कांग्रेस में केवल परिवार कल्याण है : सीएम



**पटना।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज बिहार दौर पर आ चुके हैं। पटना एयरपोर्ट पर भाजपा के

- पटना में दहाड़े योगी

वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया। वह पूर्व सांसद रामकृपाल यादव के नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद दानापुर में उन्होंने चुनावी सभा को संबोधित किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बिहार के दानापुर विधान सभा क्षेत्र की जनता आस्था का सम्मान करने वाली एनडीए सरकार के साथ है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार का संबंध केवल एक संबंध नहीं है बल्कि एक साझी विरासत है। एक आत्मा का संबंध है, एक संस्कृति का संबंध है और एक संकल्प का भी संबंध है। यह संबंध उसी प्रकार से अटूट है जैसे भगवान राम और मां जानकी का संबंध अटूट है। उन्होंने महागठबंधन पर हमला बोला। कहा कि राजद और कांग्रेस में सिर्फ परिवार कल्याण है। हमारा परिवार आप सब लोग हैं। उत्तर प्रदेश में माफिया तो जहन्नुम की यात्रा पर जा चुके हैं। राजद के सहयोगी सपा वाले वहां पर इस अराजकता को फैलाते थे। आज उनकी क्या दुर्गति हो रही है? यह सब आप जानते हैं। योगी ने सीएम नीतीश कुमार के कामों की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार ने कर दिखाया है। 2005 से पहले बिहार की क्या स्थिति थी वह सब आप जानते थे।

## एल्विश के खिलाफ ईडी ने दाखिल की चार्जशीट

**गुरुग्राम।** यूट्यूबर एल्विश यादव और पंजाबी सिंगर फाजिलपुरिया पर ईडी ने गुरुग्राम स्थित पीएमएलए की विशेष अदालत में दोनों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। इस चार्जशीट में उन्हें दोषी ठहराया गया है। ये मामला भी सांपों के इस्तेमाल से जुड़ा हुआ है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने यूट्यूबर एल्विश यादव और गायक राहुल यादव उर्फ फाजिलपुरिया और दो अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। उन पर सांपों और छिपकलियों से जुड़े एक कथित वन्यजीव अपराध में धन शोधन का आरोप लगाया गया है। अदालत ने मामले को संज्ञान में लेकर दोनों आरोपितों को जल्द ही तलब करने का फैसला किया है।

## गुजरात में भाजपा के सभी मंत्रियों ने दे दिया इस्तीफा

**अहमदाबाद।** गुजरात की राजनीति से बड़ी खबर सामने आ रही है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को छोड़कर राज्य में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के सभी मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया है। सरकार के कुल 16 मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया है।ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि गुजरात में भाजपा सरकार कैबिनेट का विस्तार करने जा रही है। सामने आई जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को दोपहर 12 बजकर 39 मिनट पर गुजरात सरकार के नए मंत्रिमंडल का शपथ समारोह का आयोजन होगा। सामने आई जानकारी के मुताबिक, गुजरात की भाजपा सरकार के कैबिनेट विस्तार में मंत्रिमंडल के लगभग 5 मंत्रियों को बरकरार रखे जाने की उम्मीद है जबकि कई पुराने चेहरों का पत्ता कट सकता है। वहीं, कैबिनेट में 16 नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है। दो महिला नेताओं को मंत्री बनाए जाने की संभावना है। नई कैबिनेट में लगभग 20 से 23 सदस्य होने की उम्मीद है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात भाजपा के नेतृत्व, जिसमें मुख्यमंत्री, प्रदेश पार्टी अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता शामिल थे, उनके साथ लंबी बैठक की थी। इस बैठक में कैबिनेट विस्तार समेत संगठन की भूमिकाओं में नए चेहरों को शामिल करने पर चर्चा हुई थी। सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी चाहते हैं कि कार्यभार संभालने वाले सभी नए चेहरे गुजरात के लोगों से जुड़ें और अपनी भूमिका संभालने के तुरंत बाद उन्हें दिवाली की शुभकामनाएं दें।

क्या है कैबिनेट गठन का नियम?

गुजरात के मंत्रिपरिषद में अब तक मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल समेत 17 मंत्री थे। इनमें 8 कैबिनेट स्तर के मंत्री थे जबकि इतने ही राज्य मंत्री थे। आपको बता दें कि गुजरात विधानसभा कुल कुल 182 सदस्यों वाली है।

**जिन कैबिनेट मंत्रियों ने इस्तीफ़ा दिया है उनके नाम हैं-**
कनुभाई देसाई, ऋषिकेश पटेल, राघवजी पटेल, बलवंतसिंह राजपूत, कुंवरजी बावलिया, मुलुभाई बेरा, कुबेर डिंडोर और भानुबेन बाबरिया।
**इस्तीफ़ा देने वाले राज्य स्तर के मंत्रियों के नाम हैं-**
हर्ष संघवी, जगदीश पांचाल, पुरुषोत्तम सोलंकी, बच्चूभाई खाबड़, मुकेश पटेल, प्रफुल्ल पंशेरिया, भीखूसिंह परमार और कुंवरजी हलपति।

## राहत : पूरे देश से विदा हो गया मानसून

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून पूरे देश से विदा हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून पूरे देश से विदा हो गया है। इस साल मानसून 16 साल बाद जल्दी केरल पहुंचा था। मानसून 24 मई 2025 को केरल पहुंचा, जो 2009 के बाद से सबसे जल्दी आगमन था। साल 2009 में मानसून 23 मई को पहुंचा था। यह 8 जुलाई की सामान्य तिथि से नौ दिन पहले पूरे देश में पहुंचा। 2020 में 26 जून तक पूरे देश में पहुंचने के बाद से यह मानसून का सबसे जल्दी आगमन था। दरअसल, प्राथमिक वर्षा-वाहक प्रणाली आमतौर पर 1 जून तक केरल में प्रवेश करती है और 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर कर लेती है।

## निमिषा प्रिया को मृत्यु दंड पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** भारत के अटॉर्नी जनरल (एजी) आर. वेंकटरमाणी ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि यमन में मौत की सजा पाने वाली नर्स निमिषा प्रिया अंतरिम राहत दी गई है और इस मामले में कुछ भी बुरा नहीं हुआ है। केंद्र की तरफ से पेश हुए एजी ने जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच को बताया कि इस मामले में एक नए मध्यस्थ आए हैं। जब कोर्ट ने पूछा कि निमिषा की सजा का क्या हुआ तो यमन में फंसी नर्स को बचाने के लिए अभियान चला रहे याचिकाकर्ता संगठन सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल की तरफ से वकील ने कहा कि सजा पर फिलहाल रोक लगा दी गई है।

## सुप्रीम कोर्ट ने अंतिम मतदाता सूची में सुधार की उम्मीद जताई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि उम्मीद है कि चुनाव आयोग बिहार की अंतिम मतदाता सूची में टाइपिंग और अन्य गलतियों को सुधारेगा। जस्टिस सूर्यकांत और

- कहा बिहार में इस मामले पर अभी भी भ्रम है

जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ अब इस मामले पर 4 नवंबर को सुनवाई करेगी। सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने कहा कि 30 सितंबर को उनके द्वारा प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची को लेकर अभी तक एक भी आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई है। चुनाव सुधार संगठन एडीआर की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि एक मतदाता द्वारा यह दावा किया गया कि उसका नाम अंतिम सूची में नहीं जोड़ा गया था, जिसे चुनाव आयोग ने 7 अक्टूबर को सुनवाई में फर्जी बताया था, लेकिन उसका दावा सच है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को बताना चाहिए कि कितने मतदाताओं के नाम अंतिम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। पीठ ने माना कि कुछ विधानसभाओं में मतदाता सूची 17 अक्तूबर को फ्रीज हो जाएगी क्योंकि वहां पहले चरण में मतदान होना है। वहीं अन्य विधानसभाओं पर 20 अक्तूबर को मतदाता सूची फ्रीज होगी, जहां दूसरे चरण में मतदान होना है। 7 अक्टूबर को, शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से उन 3.66 लाख मतदाताओं का विवरण देने को कहा था जो मसौदा मतदाता सूची का हिस्सा थे, लेकिन बिहार में एसआईआर प्रक्रिया के बाद तैयार की गई अंतिम मतदाता सूची से बाहर कर दिए गए थे। अदालत ने कहा कि इस मामले को लेकर भ्रम है।

## मणिपुर में पांच उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के इंफाल पश्चिम और पूर्वी जिलों से प्रतिबंधित संगठनों के पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के हाओबाम मारक लौरम्बम लेइकाई से प्रतिबंधित यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (पंबेई) संगठन के दो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान लीशांगथेम शिंघाजीत मीतेई (22) और सोरोखैबम दयानंद सिंह (28) के रूप में हुई है। उनसे 9 एमएम का एक पिस्तौल और एक मैगजीन जब्त की गई। सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्वी जिले के नगरियान की तलहटी से प्रतिबंधित पीआरईपीएके संगठन के दो कार्यकर्ताओं को पकड़ा।

## 'भारत की ऊर्जा आयात नीति हितों के आधार पर'



**नई दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के उन दावों को लेकर जवाब दिया, जिनमें कहा गया था कि भारत जल्द

- रूस से तेल खरीद पर ट्रंप के दावों का विदेश मंत्रालय ने दिया जवाब

ही रूस से तेल की खरीद को रोक सकता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि भारत तेल और गैस का एक महत्वपूर्ण आयातक है। अस्थिर ऊर्जा परिदृश्य में भारतीय उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना हमारी निरंतर प्राथमिकता रही है। हमारी आयात नीतियां पूरी तरह इसी उद्देश्य से निर्देशित होती हैं। स्थिर ऊर्जा मूल्य और सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित करना हमारी ऊर्जा नीति के दोहरे लक्ष्य रहे हैं। इसमें हमारी ऊर्जा आपूर्ति का आधार व्यापक बनाना और बाजार की स्थितियों के अनुरूप विविधता लाना शामिल है। विदेश मंत्रालय के बयान में आगे कहा गया, जहां तक अमेरिका का सवाल है, हम कई वर्षों से अपनी ऊर्जा खरीद का विस्तार करने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले दशक में इसमें लगातार प्रगति हुई है। वर्तमान प्रशासन ने भारत के साथ ऊर्जा सहयोग को गहरा करने में रुचि दिखाई है। इस पर चर्चाएं जारी हैं।ओवल ऑफिस में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके अच्छे मित्र हैं और दोनों के बीच शानदार संबंध हैं। आगे उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही रूस से तेल की खरीद बंद कर देगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि ऐसा आश्वासन खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से दिया है। ट्रंप ने कहा कि भारत का यह कदम एक बड़ा कदम है।

## चेतावनी : भुखमरी की चपेट में आ सकते हैं 1.4 करोड़ लोग



**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र की खाद्य सहायता एजेंसी ने कहा हैकि उसके प्रमुख दानदाताओं द्वारा वित्त पोषण में की गई कटौती से छह देशों में उसकी गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। उसने चेताया कि इससे करीब 1.4 करोड़ लोग भुखमरी की कगार पर पहुंच सकते हैं। विश्व खाद्य कार्यक्रम

- डब्ल्यूएफपी ने फंडिंग संकट को बताया वजह

(डब्ल्यूएफपी) ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा कि इस वर्ष उसका वित्त पोषण अब तक की सबसे बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है। डब्ल्यूएफपी ने कहा, इस चुनौती का मुख्य कारण अमेरिका (डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के तहत) तथा अन्य प्रमुख पश्चिमी देशों द्वारा अनुदान में की गई भारी कटौती है। एजेंसी ने चेतावनी दी कि उसकी खाद्य सहायता प्राप्त करने वाले 1.37 करोड़ लोगों को अब आपात स्तर की भुखमरी का सामना करना पड़ सकता है। जिन देशों में मुख्य व्यवधान देखने को मिल रहे हैं, वे अफगानिस्तान, कांगो, हैती, सोमालिया, दक्षिण सूडान और सूडान हैं। डब्ल्यूएफपी ने बताया कि इस साल उसे 40 प्रतिशत कम वित्त पोषण मिलने के आसार हैं।

## तेलंगाना सरकार को सुप्रीम कोर्ट से झटका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें राज्य सरकार ने ओबीसी वर्ग को स्थानीय निकाय चुनाव में 42 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की थी। इससे पहले तेलंगाना हाईकोर्ट ने भी राज्य सरकार के इस फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट के अंतरिम फैसले के खिलाफ तेलंगाना सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। हालांकि अब सुप्रीम कोर्ट से भी उसे निराशा हाथ लगी है और सर्वोच्च अदालत ने याचिका खारिज कर दी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने राज्य सरकार की विशेष याचिका खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि उच्च न्यायालय को मेरिट के आधार पर फैसला करना चाहिए और उसे राज्य सरकार की याचिका खारिज होने से प्रभावित नहीं होना चाहिए।

## मसूद अजहर अंडरग्राउंड, संगठन छोड़कर भाग रहे आतंकी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में सरकार और सेना की शह पर इतराने वाला जैश-ए-मोहम्मद का खूंखार आतंकी मसूद अजहर ऑपरेशन सिंदूर में अपना पूरा परिवार खोने के बाद

- जोखिम उठाने से बच रही पाकिस्तान की सेना

अब भूमिगत हो गया है। उसे सामने नहीं आने की सलाह दी गई है। चूंकि भारतीय सशस्त्र बल उस पर कड़ी नजर रख रहे हैं और पाकिस्तानी सेना कोई भी जोखिम नहीं उठाना चाहती, इसलिए उन्होंने उसे अपनी निगरानी में रखा है। अजहर ने फिलहाल चुप्पी साध रखी है और उसकी इस खामोशी ने जैश के गुर्गों को बेचैन कर दिया है। उनका मनोबल गिर रहा है और मायूस होकर वे अब इस संगठन को छोड़कर भागने लगे हैं क्योंकि उन्हें कोई नेतृत्व नहीं दिख रहा है।

**प्रचार मुहिम हो रही बेअसर**

संगठन में उन्हें बनाए रखने के लिए एआई संचालित वीडियो के माध्यम से फैलाया जा रहा प्रोपेगेंडा भी बेअसर हो रहा है। आतंकियों का संगठन पर से उठने लगा है भरोसा पहले, जब अजहर छिप जाता था या इलाज करा रहा होता था तो उसका भाई रऊफ असगर ही जैश के सारे फैसले लेता था। वह संगठन की हर चीज का प्रभारी था और वह अपने भाई अजहर का आदर्श सहयोगी था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बहावलपुर में असगर मारा गया। यह जैश के लिए एक बड़ा झटका था क्योंकि उसने अपना आपरेशन प्रमुख खो दिया। दूसरी ओर, अजहर संगठन के वैचारिक प्रमुख की भूमिका में रहा है और अब, दोनों की अनुपस्थिति में आतंकियों का संगठन पर से भरोसा उठने लगा है।



**प्रोपेगेंडा वीडियो का प्रसार बढ़ाने में जुटा है जैश**

खुफिया ब्यूरो के अधिकारियों ने कहा कि जैश को फिर से संगठित होने में समय लगेगा। उसे पता है कि भारत के साथ किसी भी दुस्साहस का उसे उचित जवाब दिया जाएगा। वह अपने गुर्गों का मनोबल बढ़ाने के लिए कोई भी जोखिम उठाने की स्थिति में नहीं है। इसलिए संगठन महिला शाखा समेत कई नई शाखाएं खोलने और अन्य गतिविधियां शुरू करने के बारे में प्रोपेगेंडा फैलाता रहता है। यह केवल आतंकियों का मनोबल ऊंचा रखने के लिए है ताकि उन्हें लगे कि कुछ गतिविधि हो रही है। भारतीय एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद जैश कोई दुस्साहस तो नहीं करेगा, लेकिन वह प्रोपेगेंडा वीडियो का प्रसार बढ़ाने में शिद्दत से जुटा हुआ है। दुष्प्रचार के जरिए मनोबल ऊंचा रखने की कोशिश एजेंसियों को पता चला है कि ये वीडियो न केवल पाकिस्तान में, बल्कि भारत के कुछ हिस्सों में भी बड़ी संख्या में प्रसारित हो रहे हैं। संगठन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके अजहर की तस्वीरें और वीडियो बना रहा है और उन्हें बड़ी संख्या में प्रसारित कर रहा है।

## जयशंकर से मिलीं श्रीलंका की पीएम अमरसूर्या

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के प्रधानमंत्री का पदभार संभालने के बाद बतौर पीएम हरिनी अमरसूर्या भारत की अपनी पहली यात्रा पर दिल्ली पहुंची हैं।

- सहयोग मजबूत करने पर हुई चर्चा

श्रीलंकाई पीएम अमरसूर्या 18 अक्टूबर तक भारत दौरे पर रहेंगी, जहां प्रमुख द्विपक्षीय मुद्दों और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के अवसरों पर चर्चा करेंगी। अपने दौरे के पहले दिन हरिनी अमरसूर्या ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की। इस दौरान विदेश मंत्री ने बताया कि श्रीलंका को भारत के निरंतर समर्थन और शिक्षा एवं क्षमता निर्माण में सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा हुई। इससे पहले श्रीलंकाई पीएम ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के हिंदू कॉलेज में छात्रों को संबोधित किया।

# नवीनीकृत मार्गो का विधायक ने किया लोकार्पण

कांट शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत) विधायक अरविंद सिंह ने250.88 की लागत से सिरोमनपुर में एवं 73.00 की लागत से 2.70 कि मी इमलिया से मरेना जाने वाले 4.00 कि मी मार्ग के नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण किया। गुरुवार को ददरौल क्षेत्र के विधायक अरविंद सिंह ने दीपावली से पूर्व कांट ब्लॉक में विकास कार्यो का लोकार्पण किया लो नि वि और मंडी परिषद द्वारा निर्मित अलग अलग 2 दो मार्गो जिनकी लागत क्रमश 250.88 लाख और 73.00 लाख रुपये लागत के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया।विधायक अरविंद सिंह द्वारा अमौरा रोड स्थित पाल ब्रिक फील्ड (भट्टे) के पास से प्रारम्भ होकर ग?चम्पा -सिरोमनपुर मार्ग होते हुए इमलिया मरेना मार्ग को जो?ने वाले पी डब्लू डी द्वारा नवनिर्मित



2.70 कि मी लंबे मार्ग का लोकार्पण किया।इसके बाद विधायक श्री सिंह ने मंडी परिषद द्वारा इमलिया से मरेना जाने वाले 4.00 कि मी मार्ग के नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण किया। एवं इमलिया गांव में क्षेत्रीय लोगों से प्रदेश सरकार द्वारा किए जाने वाले कल्याणकारियों पर चर्चा की बताया कि जल्द ही क्षेत्र के विकास के लिये भेजे गये प्रस्तावों पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृति मिलने पर अन्य विकास कार्य कराये जायेंगे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मेंअवर अभियंता इं अहमद मुबीन, सोबरन सिंह यादव, विधायक प्रतिनिधि हरजीत सिंह चौहान , ठेकेदार बृजेश आर्या, जय सिंह यादव देवेंद्र सिंह, सुधीर अवस्थी, काशीराम मिश्रा राम रहीस पाल अवनीश हरद्वारी लाल मनोज मिश्रा समेत क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# डीसीएम की टक्कर में लखीमपुर के किसान की मौत

## टैक्टर ट्राली से धान बेंचने आ रहा था रोजा मंडी

**रोजा,शाहजहांपुर।** बुधवार की देर रात्रि मोहम्मदी मार्ग पर बड़ा हादसा हो गया। टैक्टर ट्राली से धान बेंचने रोजा मंडी आ रहे किसान को डीसीएम ने जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप में घायल हो गया। जिसे उपचार के लिये राजकीय मेडिकल कालेज ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन जिला अस्पताल पहुंच गये। जनपद लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी के गांव सिसयार निवासी पंकज सिंह पुत्र रामलडैते



बुधवार की देर रात अपनी टैक्टर ट्राली पर धान लादकर रोजा गल्ला मंडी आ रहा था। तभी लखीमपुर मार्ग पर रोजा थाना क्षेत्र के खन्ना पट्रोल पंप के पास सड़क के किनारे टैक्टर ट्राली खड़ी करके डीजल चेक कर रहे था, तभी पीछे से आ रही डीसीएम ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पंकज सिंह गंभीर रूप में घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल पंकज सिंह को एबुंलेस से उपचार के लिये राजकीय मेडिकल कालेज भेज दिया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पंकज के परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए। हादसे में पंकज की मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# एसडीएम ने किया धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण

**पुवायां।** क्रय केंद्रों पर एसडीएम ने सभी क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें तमाम धान भरी ट्रालियां मिली पर उनके किसान गायब मिले। जब उन्होंने केंद्र प्रभारियों से पूछा कि इस ट्राली का किसान कहां है तो किसी ने कहा घर गए तो कोई बोला की कागज सत्यापन कराने के लिए तहसील गए। क्रय अधिकारियों के निरीक्षण के बाबजूद भी केंद्र प्रभारी हरकतों से बाज नही आते है। गुरुवार को एसडीएम चित्रा निर्बाल ने पीसीएफ के क्रय केंद्र का निरीक्षण किया जहां उन्हें बगैर सत्यापन के 400 कुंतल की तौल मिली ओर क्रय केंद्र पर धान भारी ट्राली ख?ी मिली लेकिन मौके पर किसान गायब था, पीसीएफ जेवाँ के क्रय केंद्र पर भी तमाम खामियां मिली लेकिन घर बार केंद्र प्रभारी एसडीएम को अपनी बातों में गुमराह करने की कोशिश करते रहे। इसी बीच उन्होंने उपभोक्ता सहकारी संघ कलुआपुर के क्रय केंद्र पर निरीक्षण के दौरान एसडीएम को केंद्र प्रभारी सत्यम शुक्ला नरारद मिले उनकी जगह पर एक प्राइवेट व्यक्ति बैठा मिला।



गुरुवार को इस क्रय केंद्र पर तौल नही की गई ओर किसान मासूस बैठे मिले। एक किसान ब्रजेश का कहना है कि करीब 4 दिनों पर क्रय केंद्र पर धान तौलने के लिए बैठे है लेकिन जब यहां केंद्र प्रभारी ही नही आता है तो तौल क्या हो? इसी बीच डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पाण्डेय पहुँच गए और उन्होंने एसडीएम के साथ एफ0सी0आई0 के क्रय केंद्र पर हो रही धान खरीद का जायजा लिया जहां उन्हें केंद्र प्रभारी रॉबिन्स कुमार ने बताया की टोटल धान खरीद 760 हो चुकी है और आज की खरीद 133 कुंतल की जा चुकी है जिस पर डिप्टी आरएमओ ने केंद्र प्रभारी की फटकार लगाते हुए कहा कि किसाने के धान खरीद में तेजी लाओ नही तो कार्यवाही के लिए तैयार रहो। बाद में उन्होंने पी0 सी0यू 0के क्रय केंद्र पर केंद्र प्रभारी खाद बॉटने गए थे उनकी जगह एक प्राइवेट ल?का बैठा था। जब उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि वह किसानों को खाद बॉटने गए है उनकी जगह पर हम उपस्थित है। जब उससे डिप्टी आरएमओ ने पूछा कि आज की खरीद कितनी है तो उसने कहा कि आज खरीद नही की गई है टोटल खरीद लगभग 278 कुंतल ही हो पाई है। जिस पर डिप्टी आरएमओ के तेवर च? गए और केंद्र प्रभारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए निर्देश दिए। उसी क्रय केंद्र के पास बोरे लगे देखे तो उन्होंने कहा जब ये धान भरे बोरे किसी के नही है तो उन्हें सीज कराओ।

# साइबर अपराध रोकने को पुलिस ने किया जागरूक



**तिलहर शाहजहांपुर (स्वतंत्र भारत)** जैतीपुर थाना क्षेत्र में साइबर अपराधों को रोकने के लिए ब्लॉक मुख्यालय पर एसआई सूरज पाल पचौरी नें ग्रामीणों को जागरूक किया।कहा जागरूकता ही बचाव का कारगर तरीका है।जागरूक रह कर ही साइबर अपराधों से बचा जा सकता है।बताया अगर किसी के साथ साइबर वित्तीय धोखाधड़ी होती है तो वह तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें।जिससे धनराशि उसके खाते में होल्ड कराई जा सके। कहा किसी अनजान व्यक्ति को अपने खाते की केवाईसी अपडेट कराने के लिए ओटीपी,सीवीवी या पिन नंबर नहीं दे।यह जानकारी बैंकों द्वारा नहीं मांगी जाती है।किसी भी वेबसाइट पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से पहले अच्छी तरह जांच लें।ऑनलाइन खरीदारी विश्वसनीय वेबसाइट सही करें। कस्टमर केयर का नंबर गूगल सर्च से प्राप्त न करके आधिकारिक वेबसाइट से ही ले।मोबाइल पर आई किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। खुद जागरूक बनकर अपने आसपास के लोगों को भी साइबर अपराध के प्रति सचेत करें।

# गौस नगर में वार्षिक उर्स ए गौसुल आजम कार्यक्रम का शुभारंभ

**निगोही।** कस्बा निगोही स्थित खानकाह कादरिया, अल जामिया तुल गौसिया, गौस नगर निगोही मे हजरत पीरान ए पीर दस्तगीर का सालाना उर्स ए गौसुल आज़म आज , से 19 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। यह जानकारी अल जामिया तुल गौसिया के संस्थापक हाफ़ज़ि मोहम्मद फाजिल कादरी के प्रतिनिधि मौलाना तारिक क़ादरी हाफ़ज़ि हाशिम क़ादरी ने जानकारी देते हुए बताया कि उर्स ए गौसुल आज़म की सरपरस्ती दरगाह वली मियां हुजूर बरेली शरीफ के सज्जादानशीं हज़रत अनवर मियां हुजूर करेंगे। उन्होंने बताया कि जुमेरात को बाद नमाजे फजर हल्का ए ज़क्रि, कुरआन ख्वानी बाद नमाज़ मगरिब चरागां और रात 9 बजे महफ़लि ए नात




व मनकबत होगी। जुमा बाद नमाजे फजर हल्का ए ज़क्रि, कुरआन ख्वानी,व परचम कुशाई बाद नमाज़ मगरिब चरागां और रात 9 बजे तकरीर उलमा ए इकराम होगी। 18 अक्टूबर दिन हफ्ता बाद नमाजे फजर हल्का ए ज़क्रि, कुरआन ख्वानी व बाद नमाज़ ज़ोहर फातिहा ख्वानी और बाद नमाज़ इशा 9 बजे से तरहई मुशायरा होगा। 19 अक्टूबर दिन इतवार बाद नमाजे फजर हल्का ए ज़क्रि, कुरआन ख्वानी दोपहर 12 बजे से इख्ते़तामी कुल शरीफ शुरू होगा। इसके बाद जायरीन में लंगर बांटा जाएगा

# विधायक अरविंद ने जिलाधिकारी को पत्र देकर की ग्राम पंचायतों में नन्दीशाला बनाने की मांग

**शाहजहाँपुर।** विधायक अरविंद सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र देकर निर्वाचन क्षेत्र 136 ददरौल के अन्तर्गत विकास खण्ड वार क्षेत्र भ्रमण के दौरान विकास खण्ड मदनापुर, कांट, ददरौल व भावलखेड़ा की निम्नाकिंत ग्राम पंचायतों में लगभग 14,807 छुटटा पशुओ / नंदी की सूची ग्रामीणों द्वारा मुझे उपलब्ध कराई गई है। तहसील प्रशासन ग्रामो व ब्लाकों के अधिकारी सयुक्त रूप से इसमें रूचि ले और गौशालाओं के निर्माण तत्काल कार्य योजना बनाकर गौशालाओ / नंदीशीला बनवाने की दिशा में कार्य करे। रोड पर आये दिन दुर्घटनाये घटित हो रही और लोगो की जाने जा रही है गत दिवस मौजमपुर में हाइवे पर कई गौवंश भारी वाहनो की चपेट में आकर मृत्यु हो रही है एवं मोटर साइकिल सवार तथा छोटे वाहन भी दुर्घटना का शिकार होकर लोगो की जाने जा रही है। इसके साथ वाहन को भी नुकसान होता है। इसके साथ-साथ पिपरौला, वरीखास, मदनापुर, कुर्रिया रोड सेहरामऊ रोड एवं सीतापुर रोड सहित स्थानीय रोडों पर सैकड़ों की संख्या में गौवंश रोड पर बैठते है मेरा सुझाव है जब तक गौशालाओं का निर्माण नही होगा तब तक स्थिति ऐसे ही बनी रहेगी। सफाई कर्मियों की डियूटी लगायी गई उससे भी समाधान निकलता हुआ दिखाई नही पड़ रहा है। क्योकि वह एक रोड से भगाये जाते है तो वह दूसरी तरफ भाग जाते है खेतों की तरफ भगाये जाते तो वहां के किसान दूसरी तरफ भगाते है इससे आये दिन आपस में झगड़े हो रहे हैं। इससे सरकार की छवि पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उक्त प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुये तत्काल तहसील प्रशासन को निर्देशित करे कि ग्राम पंचायतों में भूमि आरक्षित करे तथा खण्ड विकास अधिकारियों से इस आशय से निर्देशित करे कि वह अपनी ग्राम पंचायत में अतिशीघ्र गौशालाओं का निर्माण कराना सुनिश्चित करे, तभी स्थायी समाधान हो सकेगा।

## बाइकों की टक्कर में युवक घायल

**निगोही।** नगर पंचायत निगोही निवासी राजेश कुमार सोनी सुबह में अपनी वाइक से क्षेत्र के गांव कुकहामहमूदपुर स्थित खेती बाड़ी देखने जा रहे थे ! रास्ते में समय 10=30 बजे जैसे ही गांव महोलिया से पहले कैमुआं पुल के पास पहुंचे सामने से तीव्र गति से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी जिससे राजेश कुमार सोनी गंभीर रूप से घायल हो गए ! घटना की सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल राजेश कुमार सोनी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निगोही ले गई जहां पर डॉक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए शाहजहांपुर जिला अस्पताल रेफर किया !

# महात्मा गांधी के जीवन पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित



**शाहजहांपुर।** जीएफ कॉलेज में गांधी उत्सव के अन्तर्गत महात्मा गांधी की 156वीं वर्षगांठ पर %महात्मा गांधी और उनका जीवन% विषय पर एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय की कैरियर काउंसलिंग, गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल के द्वारा किया गया। प्राचार्य प्रो मोहसिन हसन खान ने कहा कि गांधी महोत्सव के अंतर्गत महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैंमहात्मा गांधी का जीवन सत्य और अहिंसा की प्रतिमूर्ति था। डॉ रईस अहमद के संचालन में हुई क्विज प्रतियोगिता में लगभग छह सौ छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रो मोहम्मद अरशद खान, डॉ अनमोल सक्सेना, डॉ स्वप्निल यादव,रश्मि रस्तोगी,डॉ रिफाकत हुसैन,डॉ नीलम टंडन, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ जाने आलम, डॉ मिन्हाजुल हुदा, शाजिया अंसारी, डॉ शाजिया बी, डॉ नसीम, डॉ जमा खान, डॉ तनवीर आलम, डॉ जमाल अख्तर ,रवि प्रजापति आदि का आयोजन में विशेष सहयोग रहा।

# पूर्व सपा नेता की बंधक सम्पत्ति पर बैंक ने लिया कब्जा

## मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में भारी पुलिस फोर्स के साथ की गई कार्यवाही

**पुवायां(शाहजहांपुर)।** पूर्व सपा नेता सुभाष चौधरी की निगोही रोड स्थित बैंक में बंधक सम्पत्ति पर गुरूवार को बैंक ऑ? बडौदा ने मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में भारी पुलिस और पीएसी ?ोर्स के साथ कब्जा ले लिया7 बैंक द्वारा यह कार्यवाही करीब 33 लाख रुपये की ऋष्ा अदायगी नहीं हो पाने के कारण की गई नगर के मोहल्ला तकिया निवासी सुभाष चौधरी ने वर्ष 2012 में बैंक ऑ? बडौदा शाखा पुवायां से ऋष्ा लिया था7 निर्धारित अवधि में ऋष्ा की अदायगी नहीं हो पाने की वजह से सुभाष चौधरी पर बैंक का करीब 33 लाख का बकाया हो गया, जिसकी अदायगी के लिए सपा नेता सुभाष चौधरी को समय समय पर नोटिस भी दिए गए लेकिन सपा नेता ने बैंक का बकाया ऋष्ा अदा नहीं किया7



गुरूवार दोपहर करीब एक बजे मजिस्ट्रेट पंकज कुमार (नायब तहसीलदार ),बैंक के अधिकारी भारी पुलिस और पीएसी ?ोर्स के साथ निगोही रोड स्थित बैंक में बंधक आवासीय सम्पत्ति पर कब्जा लेने पहुंच गए7 इस दौरान सपा नेता और बैंक अधिकारी के बीच कई बार नोंकझोंक भी हुई7 सपा नेता ने मजिस्ट्रेट के सामने काफी दलीलें दीं लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई और बैंक ने आवासीय (मकान) सम्पत्ति पर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में तालाबंदी कर सील मोहर लगाकर कब्जा की कार्यवाही पूरी की7 इस दौरान बैंक ऑ? बडौदा के चीफ मैनेजर सौरभ भारद्वाज, रिकबरी अधिकारी धीरज दीक्षित, विनय पाठक, रुपेश अवस्थी, दीपक रस्तोगी, अमित कुमार आदि लोग शामिल रहे।

# जानलेवा हमला करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

**तिलहर शाहजहांपुर।** मीरानपुर कटरा क्षेत्र के गांव हुसैनपुर कबरा निवासी अमित कुमार पुत्र रमेशचंद्र ने गांव के दो लोगों पर गन्ने के खेत में ट्रैक्टर ट्राली निकालने में हुए विवाद को लेकर सीने पर तमंचा और धारदार बांके से जानलेवा हमला करने की 15 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मुकदमे में वांछित ग्राम हुसैनपुर कबरा निवासी अमन गंगवार पुत्र सतीश गंगवार, सतीश गंगवार पुत्र कल्लूमल उर्फ रामनाथ को मुखबिर की सूचना पर 15 अक्टूबर को समय करीब शाम 8 बजकर 25 मिनट पर ग्राम हुसैनपुर कबरा की पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त अमन गंगवार के कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक कारतूस बरामद किया गया।



अभियुक्तगणों ने पूछताछ में बताया कि हम लोग दिनाक 15 अक्टूबर को ट्रैक्टर ट्राली लेकर अपने खेत मे जा रहे थे हमारे खेत को जाने के लिये हमारे गाँव के अमित कुमार पुत्र रमेशचन्द्र के खेत से होकर जाना पड़ता है जिसमे पहले से रास्ता बना हुआ है जो सकरा होने के कारण ट्राली का पहिया अमित के खेत मे चला गया था। तो इन लोगो ने अपने खेत मे ट्रैक्टर ट्राली निकालने से मना किया और गाली गलौज करने लगे थे। हमने गालियाँ देने से मना किया तो मारपीट करने लगे जिससे हमारे शरीर मे खुली व गुम चोटे आयी है। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय में पेश किया गया।

# खेलकूद में कंपोजिट विद्यालय छिकडापुर रहा विजेता



**तिलहर-शाहजहांपुर (स्वतंत्र भारत)।** परिषदीय विद्यालयों की न्यायपंचायत लखोहा के मुस्तफाबाद खैरपुर में आयोजित हुई खेल प्रतियोगिताओ में कंपोजिट विद्यालय छिकडापुर ओवर आल चैंपियन रहा। प्राथमिक स्तर पर विजेता बच्चे 50मीटर दौड़ में मुस्तफा खैरपुर, 100 मीटर दौड़ में मुस्तफा खैरपुर, 200 मीटर और 400 मीटर में नरेंद्र कुमार प्रथम कंपोजिट विद्यालय छिकडापुर, 100 मीटर में विभा खैरपुर प्रथम, 200 मीटर में फलक खैरपुर प्रथम, 400 मीटर में अवांछिता कंपोजिट बंधा, कबड्डी में कंपोजिट विद्यालय छिकडापुर, खो खो खैरपुर, लंबी कूद शिक्षा प्रथम कंपोजिट विद्यालय छिकडापुर, नरेंद्र कुमार प्रथम कंपोजिट विद्यालय छिकडापुर, कबड्डी में कंपोजिट विद्यालय छिकडापुर, जूनियर बालक वर्ग में 100 मीटर सुशांत यादव प्रथम, कंपोजिट विद्यालय छिकडापुर, 200 मीटर में अमन कुमार प्रथम, कंपोजिट विद्यालय छिकडापुर, 600 मीटर में अमन कुमार प्रथम कंपोजिट विद्यालय छिकडापुर, 100 मीटर में नैन्सी बंधा, 200 मीटर काजल बंधा, 400 में काजल बंधा, 600 में काजल बंधा, कबड्डी बालिका कंपोजिट विद्यालय छिकडापुर, कबड्डी बालक वर्ग कंपोजिट विद्यालय छिकडापुर, खो खो कंपोजिट विद्यालय बंधा, न्याय पंचायत की खेल प्रतियोगिताएं सम्पन्न कराने में बृज मोहन सिंह यादव ब्लॉक व्यायाम शिक्षक, हयातुल्ला खान, डॉ फैजान खान, अमर बहादुर, आशीष प्रभाकर, अखिलेश मौर्य खेल अनुदेशक, बृजेश कुमार सिंह, सत्यपाल सिंह, जगपाल, शैलेन्द्र सिंह, विजेंद्र सिंह, सुभाष चंद्र, देवदत्त गंगवार, कमलेश मौर्या, खुशबू शर्मा, श्वेता सक्सेना, अनुराग शर्मा, सतीश चंद्र, अरविंद मौर्या आदि शामिल रहे ।

# छोटे किसानों के साथ हो रहा हैं भेदभाव

**रोजा,शाहजहांपुर।** भारतीय किसान राष्ट्रवादी के पदाधिकारियों ने रोजा नवीन मंडी के सचिव रिंकू लाल कश्यप से मुलाकात कर मंडी में अव्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जताई। भाकियू नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि छोटे किसानों के साथ सौतेला व्यवहार बंद न हुआ तो मंडी गेट पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। गुरूवार की दोपहर भारतीय किसान राष्ट्रवादी के पदाधिकारी प्रदेश उपाध्यक्ष मुनेश्वर दयाल के नेतृत्व में रोजा नवीन मंडी पहुंचे, जहां उन्होंने मंडी सचिव रिंकू लाल कश्यप से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि रोजा मंडी में छोटे किसानों के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा हैं। उनका धान नहीं तौला जा रहा हैं। मंडी में माफियागिरी चल रही हैं। इसे तत्काल बंद किया जाये साथ ही छोटे काश्तकारों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मंडी सचिव रिंकू लाल कश्यप ने किसान नेताओं को आश्वासन दिया कि किसी भी किसान के साथ भेदभाव नहीं किया जायेगा। इस मौके पर जिला प्रभारी शकील मंसूरी, यासीन खां, सुखदेव सिंह व जाकिर रजा आदि मौजूद थे।

## मंडी से बाइक चोरी, दी तहरीर

**तिलहर।** ब्लॉक के पीछे गुरगवां कॉलोनी निवासी राकेश की बाइक अज्ञात चोरों ने मंडी समिति परिसर से पार कर दी। जानकारी के अनुसार, राकेश बृहस्पतिवार सुबह करीब 6=30 बजे घर से सब्जी खरीदने मंडी समिति गए थे। उन्होंने वहां अपनी बाइक खड़ी कर सब्जी खरीदने के बाद जब लौटकर आए तो बाइक गायब मिली। काफी तलाशने के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ति राकेश ने घटना की सूचना पुलिस को देते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया पुलिस जांच कर रही।

# दशरथ मरण प्रसंग देख भावुक हुए दर्शक

## रामलीला में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**तिलहर शाहजहांपुर।** पोटरगंज नगर के पोटरगंज मैदान में श्री जनता रामलीला समिति द्वारा आयोजित चल रही भव्य रामलीला में बृहस्पतिवार की रात अयोध्या से आई श्री किशोरी आदर्श रामलीला मंडली के कलाकारों ने दशरथ मरण प्रसंग का इतना सजीव और भावनात्मक मंचन किया कि पूरा मैदान भक्तिमय माहौल में डूब गया। मंचन के दौरान राजा दशरथ का अपने पुत्र राम के वनवास जाने के बाद वियोग में तड़पना और अंततः प्राण त्याग देना देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गईं। कलाकारों के भावपूर्ण अभिनय, संगीत और संवादों ने वातावरण को अत्यंत मार्मिक बना दिया। मंडली के कलाकारों ने पात्रों के अनुरूप हावभाव और भावनाओं को इतनी सहजता से अभिव्यक्त किया कि दृश्य अत्यंत प्रभावशाली बन पड़ा। कार्यक्रम में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शक उपस्थित रहे। भीड़ के बावजूद दर्शक शांतिपूर्वक मंचन का आनंद लेते रहे और ÷जय श्री राम÷ के जयघोष से पूरा मैदान गूंज उठा। रामलीला समिति के संरक्षक देवेंद्र गुप्ता, प्रबंधक कमलेश गुप्ता, अध्यक्ष नीरज गुप्ता, महामंत्री पंकज गुप्ता, कोषाध्यक्ष निलेश गुप्ता, मेला प्रभारी सौरभ गुप्ता, तथा पूर्व सभासद विकास गुप्ता सहित समिति के सभी पदाधिकारी कार्यक्रम में मौजूद रहे।समिति पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिदिन अलग-अलग प्रसंगों का मंचन किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है। आने वाले दिनों में भरत मिलाप, हनुमान मिलन और लंका विजय जैसे प्रसंगों का मंचन किया जाएगा।रामलीला में बढ़ती भीड़ को देखते हुए समिति ने सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। मंचन देखने आए श्रद्धालुओं ने कलाकारों के अभिनय की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की रामलीलाएं समाज में आदर्श और मर्यादा का संदेश देती हैं।



# अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को रौंदा, मौत

## साइकिल पर सब्जी लादकर बेचने आ रहा था रोजा मंडी

**रोजा,शाहजहांपुर।** गुरूवार की तड़के सुबह खेत से सब्जी लेकर रोजा सब्जी मंडी जा रहे साइकिल सवार किसान को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप में घायल गया है। घटना की सूचना मिलते ही रोजा पुलिस मौके पर पहुंच गई और गंभीर रूप में घायल को उपचार के लिये राजकीय मेडिकल कालेज भेज दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मिश्रीपुर निवासी 55 वर्षीय अनवार खेत से साइकिव पर सब्जी लादकर रोजा सब्जी मंडी बेचने जा रहे थे, जब वे मेजबान होटल के पास पहुंचे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अनवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अनवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया और शव को मोर्चरी में रखवा दिया। अनवार आमतौर पर सुबह आठ बजे तक घर लौट आते थे, लेकिन गुरुवार को जब वे नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। मेजबान होटल के पास उन्हें सड़क किनारे अनवार की टूटी हुई साइकिल मिली। इसके बाद परिजन सीधे मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां उन्होंने शव की पहचान अनवार खां के रूप में की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद वे अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ थाने में तहरीर देंगे। मृतक के परिवार में उनकी पत्नी नाजबी, बेटे चांदमियां, शानमियां, इर्शाद, इस्लाम और बेटी चांदनी शामिल हैं। परिवार में लोगों का रो रोकर बुरा हाल है।

# जिलाधिकारी ने गोद लिए गए पीएम श्री विद्यालयों की समीक्षा बैठक की



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद के 28 पीएम श्री विद्यालयों को आधुनिक मॉडल बनाने हेतु अधिकारियों द्वारा गोद लिए गए विद्यालयों की स्थिति के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बुनियादी ढांचा- मुख्य द्वार, अतिरिक्त कक्ष, कम्प्यूटर लैब, बाउंड्रीवॉल, विद्यालय जाने का रास्ता सहित अन्य कायाकल्प एवं निर्माण के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों से गोद लिए विद्यालयों में कराए गए कार्यों के संबंध में विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं अधिकारियों से जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपूर्ण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि छूटे हुए सभी विद्यालयों में बच्चों को बैठकर खाना खाने के लिए मध्यान्ह भोजन सेट बनवाया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालय कार्यों के साथ इन विद्यालयों का निपुण रिजल्ट भी प्रस्तुत किया जाए। जिलाधिकारी ने निपुण परीक्षा में 55 हजार बच्चों द्वारा सीडीई कैटिगरी लाने पर पेयरिंग कर शिक्षकों द्वारा कराए जा रहे पठन-पाठन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इन सभी 55 हजार बच्चों की 8 नवंबर तथा 29 नवंबर को एक साथ परीक्षा कराई जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों को सभी बेसिक जानकारी होनी चाहिए तथा प्रार्थना के समय तथा कक्षाओं में कुछ न कुछ अतिरिक्त जरूर पढ़ाया जाए। जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य से कहा कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर बुनियादी ढांचे और सीखने के लिए अनुकूल माहौल प्रदान करें, जिससे छात्रों का सर्वांगीण विकास हो। जिलाधिकारी ने पीएम श्री विद्यालयों को मॉडल विद्यालयों के रूप में कायलकल्प कर विकसित करने हेतु कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने विद्यालयों को और बेहतर बनाने के लिए प्रधानाचार्य से सुझाव भी मांगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह, जिला विकास अधिकारी ऋषि पल सिंह एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गप्ता सहित संबंधित अधिकारी एवं प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

# राम वन गमन ,दशरथ मरण का भावपूर्ण मंचन



**मिर्ज़ापुर -शाहजहांपुर (स्वतंत्र भारत)।** कस्बे में चल रहे श्रीरामलीला मंचन के पांचवे दिन कलाकारों ने दशरथ-कैकेयी संवाद व दासी मंथरा के कैकेई को भ्रमित करने के साथ राम वनवास और दशरथ मरण का भावपूर्ण मंचन किया गया। गुरुवार को श्री ललिते आदर्श रामलीला नाट्य कला परिषद के कलाकारों ने दशरथ-कैकेयी संवाद के साथ दासी मंथरा रानी कैकेयी को भ्रमित कर समझाती है, कि अगर राम को राज्य मिला तो भरत का क्या होगा। मती भ्रम होते ही कैकेई कोप भवन में चली जाती हैं। जिसके बाद राजा दशरथ वहां पहुंचते हैं और कैकेयी से कोप का कारण पूछते हैं। तब रानी कैकेयी ने दशरथ को दो वरदानों की याद दिलाते हुए राम को 14 वर्ष का वनवास और भरत के लिए राज्य मांग लिया। कैकेयी के कठोर वचनों को सुनकर राजा दशरथ व्यथित हो जाते हैं। वे रानी कैकेयी को समझाते हैं, लेकिन रानी समझने को तैयार नहीं होती हैं। आखिरकार रघुकुल की रीति का पालन करते हुए राजा दशरथ कैकेयी को वरदान दे देते हैं। इसके बाद राम वनवास और दशरथ मरण लीला का भावपूर्ण मंचन के दौरान श्रीराम ने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए सभी राजसी सुखों का त्याग कर दिया और वनवास स्वीकार कर लिया। मेले की व्यवस्था में मेलाध्यक्ष सत्यवीर सिंह यादव,प्रेमसिंह पंजाबी,रनवीर सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।

# डॉ.अनुराग ने आई.ए.ए.के एग्जीक्यूटिव मेंबर का जीता चुनाव



**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष और उपप्राचार्य डॉ अनुराग अग्रवाल ने इंडियन एकाउंटिंग एसोसिएशन की एग्जीक्यूटिव बॉडी के लिए हुए चुनाव में निर्विरोध विजय प्राप्त की। भारत में राष्ट्रीय स्तर पर लेखांकन के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्था इंडियन अकाउंटिंग एसोसिएशन का 47वां राष्ट्रीय सम्मेलन 12 एवं 13 अक्टूबर को जनार्दन राय डीम्ड विश्वविद्यालय, राजस्थान, उदयपुर में आयोजित किया गया जिसमें देश के विभिन्न भागों का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनाव भी संपन्न हुए। डॉ अनुराग अग्रवाल ने सेंट्रल जोन से नामांकन कराया और निर्विरोध विजय प्राप्त की । अब वह भारतीय लेखांकन परिषद में सेंट्रल जोन की ओर से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनकी इस उपलब्धि पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने आशीर्वाद प्रदान किया, सचिव डॉ ऐ.के. मिश्रा, प्राचार्य डॉ आर.के. आजाद तथा डॉ आलोक मिश्रा, डॉ देवेंद्र सिंह, डॉ प्रभात शुक्ला, डॉ कमलेश गौतम आदि शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया।

# रज कलश शौर्य यात्रा का किया गया स्वागत



**तिलहर शाहजहांपुर।** रेजांगला युद्ध के अमर वीर शहीदों के सम्मान में पूरे भारत में निकाली जा रही है। तिलहर। गुरुवार शाम सरऊ पुलिया के पास यात्रा पहुंचने पर जिला पंचायत सदस्य झब्बू सिंह यादव द्वारा स्वागत किया गया। वीर बलिदानियों के सम्मान में सैकड़ों क्षेत्रवासियों ने सर झुकाकर स्वागत किया। जिला पंचायत सदस्य श्री यादव ने कहा ये देश वीर जवानों का है जब जब देश को वीरों की जरूरत पड़ेगी वह अपना लहू देने को तैयार हम उन सभी पुण्य आत्माओं के ये सम्मान में अपना सर बारम्बार झुकाते हैं। भाजपा नेता अरुण यादव चैन ने स्वागत करते है हम ऐसे रेजांगला युद्ध के अमर वीर शहीदों के सम्मान के लिए सदा अपना सर झुकाकर सम्मान करते रहेंगे।इस दौरान शिक्षक नेता सुधीर यादव,सत्यपाल सिंह यादव,राजेंद्र यादव,प्रमोद यादव, ज्ञानेंद्र यादव राजू, मृत्युंजय यादव एडवोकेट एवं रूम सिंह यादव मौजूद रहे।

# जसप्रीत कौर बनी एक दिन की अधिशासी अधिकारी



**पुवायां शाहजहांपुर।** नगर के एक स्कूल की छात्रा को एक दिन का अधिशासी अधिकारी बनाया गया। एक दिन की ईओ बनी छात्रा ने नपा कर्मचारियों का परिचय लिया तथा नगरवासियों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत नगर के आर एम एल कॉलेज की छात्रा एवं बंडा के गांव मोहद्दीनपुर निवासी जसप्रीत कौर को एक दिन की अधिशासी अधिकारी बनाया गया। एक दिन की अधिशासी अधिकारी जसप्रीत कौर के नगरपालिका कार्यालय पहुंचने पर नगरपालिका परिषद अध्यक्ष संजय गुप्ता एवं ईओ कल्पना शर्मा ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया। जिसके बाद एक दिन की अधिशासी अधिकारी जसप्रीत कौर ने कार्यालय रजिस्टर का निरीक्षण किया। जिसके बाद जसप्रीत कौर ने नगरपालिका के कर्मचारियों का परिचय जाना तथा नगरपालिका द्वारा नगरवासियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी की। जिसके बाद बैठक कर अपने विचार साझा किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक दिन के लिए अधिशासी अधिकारी के पद मिलने से गौरांवित महसूस कर रही है और उनकी इच्छा है कि आगे चलकर वह ऐसे ही किसी पद पर तैनात हो और समाज की सेवा कर सके। इस दौरान नगरपालिका परिषद अध्यक्ष संजय गुप्ता, ईओ कल्पना शर्मा, राजीव मित्रा, आशीष रावत सभासदों रजनीश शर्मा, राजेश त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

# रावण वध के साथ रामलीला मेला संपन्न



**कांट शाहजहांपुर।** नगर की ऐतिहासिक रामलीला में कुंभकरण ,रावण,अहिरावण, एवं उद्धार बाद देर रात पुतला दहन का भावपूर्ण मंचन किया नाभि में तीर लगते ही दशानन धराशाई हो गया भगवान श्री राम के जय घोष से क्षेत्र गुजायमान हो गया देर रात रावण एवं कुंभकरण के धू धू कर पुतले जले। नगर के ऐतिहासिक रामलीला का शुभारंभ विगत 2 अक्टूबर दसवीं से प्रारंभ हुआ था जिसमें राम बनवास, सीता खोज, लंका दहन सहित विभिन्न लीलाओं का वृंदावन के कलाकारों द्वारा भावपूर्ण मंचन किया गया था गुरुवार को भगवान श्री राम द्वारा कुंभकरण रावण एवं का उद्धार किया गया देर रात 9ः00 बजे के बाद रावण एवं कुंभकरण के धू धू कर जलते पुतलों को भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने देखा मंच पर राम रावण युद्ध के दौरान बार-बार रावण के वाण लगने के बाद जीवित होने की स्थिति में रावण के भाई विभीषण ने जब भगवान श्री राम को बताया कि उसकी नाभि में अमृत है तो श्री राम द्वारा एक साथ 31 वाण छोड़े गए जिससे 10 वाण से उसके सर एवं 20 बाण से भुजाएं कट कर गिरी वही एक तीर उसकी नाभि में लगा अमृत सूखने के बाद रावण धराशाई हो गया ।इस दौरान अपार समूह ने भगवान श्री राम का जय घोष किया। रावण कुंभकरण के पुतला दहन के बाद प्रतिवर्ष की भांति आतिशबाजी का भी प्रदर्शन किया गया जो गैस के गुब्बारे ऊंचाई तक उड़ने का तूहल पूर्ण लोगों ने देखें।

### आकर्षण का केंद्र

विगत 2 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 17 अक्टूबर तक लगने वाले ऐतिहासिक मेला में जहां बड़ी संख्या में चार्ट पकड़ो की दुकान लगी थी वहीं मुख्य रूप से ऊंचे ऊंचे झूले ,मिकी माउस, मौत का कुआं जंपिंग झूला, ब्रेक डांस लकड़ी आज की घरेलू उसे की वस्तुओं के अलावा सॉफ्टी कॉफी शॉप मेला का आकर्षण केंद्र रहे। इस दौरान प्रमुख रूप से प्रबंध समिति के अध्यक्ष राम मुरारी मिश्रा ,मुन्ना मिश्रा ,राजदीप शर्मा सुरेश चंद्र सक्सेना गंगाराम राठौर राजीव शर्मा बिरजू मिश्रा लालजीत राठौर योगेश शर्मा कमेटी सदस्य उपस्थित रहे

# संत श्री प्रेमानन्द महाराज के शीघ्र स्वास्थ्य को की प्रार्थना कीर्तन

**शाहजहांपुर।** प्रेमानन्द जी महाराज के शीघ्र स्वास्थ लाभ की कामना व प्रार्थना हेतु श्रीराधानाम संकीर्तन के सदस्यों द्वारा कृष्णानगर कॉलोनी स्थित श्रीकृष्णा मन्दिर पर संकीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें राधानाम की रटन करते हुए श्रीराधानाम का मंत्र जाप किया गया तथा बंशी वाले से उनके अनन्य भक्त महाराज श्री के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की अनुनय विनय की गई । जिसमें नितिन शर्मा, कार्तिक शर्मा, अंकित सचदेवा, देवेन्द्र खुराना,गौरव अरो?ा, अनिल कक्क?,पार्थ सचदेवा,नवीन सचदेवा आदि भजन गायकों ने अपनी अपनी प्रस्तुति देकर ईश्वर से भजनों के माध्यम से महाराज श्री के स्वास्थ्य हेतु प्रार्थना की ।उक्त कार्यक्रम में पण्डित अखिलेश शास्त्री, पूनम अवस्थी,दुर्गा अरोरा, रेखा शर्मा,विमला खुराना,कमलेश सचदेवा,रोहिताश सचदेवा,दीप गुप्ता एड0, आलोक शर्मा,डॉ0 निर्भय गुप्ता,रोजी खुराना, मदन अरोरा, ओमप्रकाश सचदेवा, प्रदुम्न सचदेवा, अनूप गुप्ता टीटू,रवि सचदेवा, आशीष मेहरोत्रा, रुचि गुप्ता, सुधा गुप्ता, राजीव मिश्रा एड,संदीप अरोरा, कार्तिक गुप्ता, शिवांश गुप्ता आदि तमाम भक्तगण उपस्थित रहे ।

# राम लीला मेले में मंथरा कैकई संवाद का मंचन

**ददरौल।** रोजा चीनी मिल रौसर कोठी के ट्रक यार्ड में चल रहे रामलीला मंचन में मंथरा कैकई संवाद, दशरथ कैकई संवाद,केवट संवाद का मंचन अमर ज्योति सेवा संस्थान के कलाकारों द्वारा किया गया।मंचन में राम सिंह, हिमांशी, मनोज,मुस्कान, संजय, सचिन,अर्चित, अभिनय,रागिनी,आयुष मौजूद रहे। मंच संचालन डी आर शर्मा ने किया। इस दौरान दर्शकों ने रामलीला का आनंद लिया और मंचन को देखकर तालियां बजाने पर विवश हो गए।

# प्रदेश सरकार ने उच्च शिक्षा का बढ़ाया स्तर

**शाहजहाँपुर।** शिक्षा का उद्देश्य केवल आजीविका अर्जित करना नहीं है, बल्कि व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करना है। उत्तर प्रदेश, देश की जनसंख्या और युवाशक्ति में अग्रणी है, शिक्षा सुधारों और नवाचारों के माध्यम से उच्च शिक्षा इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। स्वामी शुकदेवानन्द राज्य विश्वविद्यालय, तथा अंग्रे?ी एवं विदेशी भाषा विश्वविद्यालय (केंद्रीय), लखनऊ परिसर की स्थापना हेतु कार्यवाही भी प्रगति पर है। प्रदेश में 71 नवस्थापित राजकीय महाविद्यालयों के संचालन हेतु 1207 शैक्षिक एवं 1249 गैर-शैक्षिक पदों का सृजन किया गया है। 05 महाविद्यालयों में अतिरिक्त संकाय खोले गए हैं तथा 02 निर्माणाधीन महाविद्यालयों में भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई है। यह विस्तार दर्शाता है कि शिक्षा को अंतिम पंक्ति तक पहुँचाने का लक्ष्य सरकार और विभाग की प्राथमिकता है। अनुसंधान में निवेश भविष्य की शिक्षा का निवेश है। ऋ»ष्ठ योजना के अंतर्गत प्रति वर्ष 400 लाख रुपये का प्रावधान है। शिक्षकों को शोध अनुदान दिए जा रहे हैं। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों के आयोजन हेतु राजकीय महाविद्यालयों को रू0 04 लाख और सहायता प्राप्त महाविद्यालयों को 20 लाख रुपये तक की सहायता दी जा रही है। इससे शोध वातावरण और अधिक सशक्त हुआ है विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में भवन निर्माण, प्रयोगशालाओं का आधुनिकीकरण, पुस्तकालय ऑटोमेशन और स्मार्ट क्लास की स्थापना की गई है। राजकीय महाविद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना हेतु 500 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। पूर्व में 1017 सहायक प्राध्यापक पदों पर अधियाचन ऑफलाइन शिक्षा सेवा चयन आयोग, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को प्रेषित किया जा चुका है जिस हेतु चयन की प्रक्रिया गतिमान है और 1253 पदों का अधियाचन आनलाइन लोक सेवा आयोग को भेजा गया है।उत्तर प्रदेश सरकार ने उच्च शिक्षा को विश्वस्तरीय बनाने का संकल्प लिया है। सरकार का ध्येय है कि प्रदेश का प्रत्येक युवा न केवल ज्ञानवान हो, बल्कि कौशल संपन्न, आत्मनिर्भर और राष्ट्रहित में योगदान देने वाला नागरिक बने।

# वाहनों के प्रवेश से बाजार में जाम दीया विक्रेताओं को हो रहा नुकसान

**तिलहर।** दीपावली पर्व से पूर्व नगर के मुख्य बाजार में बड़े वाहनों के बेधड़क प्रवेश से जाम की स्थिति बनी हुई है। पुलिस द्वारा रोकथाम के पर्याप्त इंतज़ाम न होने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।बृहस्पतिवार दोपहर करीब दो बजे पोटरगंज के दक्षिणी गेट पर बड़े वाहनों को रोकने के लिए बैरिकेड लगाया गया था, लेकिन मौके पर कोई पुलिसकर्मी तैनात नहीं था। इसी दौरान एक कार चालक ने बेरिकेड हटाकर सड़क किनारे बिक्री के लिए रखे सैकड़ों दीयों को रौंद दिया, जिससे दुकानदार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ।इस घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों में नाराज़गी देखी गई। क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव ने बताया कि दीपावली पर्व को देखते हुए मुख्य बाजार मार्गों पर बड़े वाहनों के प्रवेश पर सख्त रोक लगाई जाएगी और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# 260 विकलांग बच्चों को दिए निःशुल्क उपकरण



**शाहजहांपुर।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत जनपद के 6 से 14 आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों को निशुल्क उपकरण वितरण के उद्देश्य से भारत सरकार के उपक्रम अलीम को कानपुर के सहयोग से प्रशिक्षण एवं पंजीकरण कैंप बीआरसी भांवलखेड़ा पर आयोजित किया गया। उक्त कैंप में भारत सरकार के उपक्रम भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम लिमिटेड कानपुर से आई हुई विशेषज्ञ टीम द्वारा 290 दिव्यांग बच्चों का परीक्षण करते हुए 260 दिव्यांग बच्चों को निशुल्क उपकरण वितरण हेतु चिन्हित किया गया। दिव्यांग बच्चों को इस मेजरमेंट कैंप के उपरांत निशुल्क उपकरण वितरण निर्धारित तिथियां पर किया जाएगा। निशुल्क उपकरण वितरण में ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी ,स्मार्ट केन, ब्रेल किट,रोलेटर, सी पी चेयर तथा हियरिंग एड आदि उपकरण निशुल्क वितरित किए जाएंगे । मापन एवं पंजीकरण कैंप का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती दिव्या गुप्ता के कुशल निर्देशन में समग्र शिक्षा के अंतर्गत समेकित शिक्षा यूनिट द्वारा किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी भावलखेड़ा तथा जनपद में दिव्यांग बच्चों हेतु कार्यरत स्पेशल टीचर द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया।

# थाना रोजा पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## दो वारण्टी महिला सहित चार को दबोचा

**रोजा,शाहजहांपुर।** थाना रोजा पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस टीम ने गुरूवार की दोपहर अवैध शराब एंव अवैध शस्त्र व मादक पदार्थ का कारोबार करने वाले काफी समय से फरार चल रहे दो महिलाओं सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया हैं। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि रोजा पुलिस की टीम द्वारा अवैध शराब, मादक पदार्थ व अवैध का कारोबार करने वाले पहाडी पुत्र लाखन निवासी ग्राम फकरगंज, गुड्डू पुत्र बुद्धा निवासी ग्राम जमुका, धनदेवी पत्नी शत्रुघन निवासी मोहल्ला आदर्शनगर कालोनी व मीना पत्नी भूरे निवासी मोहल्ला आईटीआई कालोनी थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि ये चारों काफी समय से न्यायालय से फरार चल रहे थे।

# परिवार परामर्श केंद्र ने तीन दंपतियों को मिलवाया



**शाहजहांपुर।** परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन पुलिस लाइन जनपद शाहजहाँपुर में किया गया। 24 पत्रावली पर सुनवाई की गयी तथा 03 दम्पति को विदा किया गया। थाना कांट के एक दम्पति जिनकी शादी लगभग 06 वर्ष पूर्व हुई थी। पत्नी दो माह से अपने मायके में रह रही थी. उसका आरोप था कि पति बात बात पर झगड़ा करते हैं किसी अन्य लड़की से बात करते हैं इसी बात को लेकर दोनों पति-पत्नी में विवाद था दोनो पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र बुलाया गया द्ध दोनो पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया द्ध प्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार हैद्ध दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है दोनो को परिवार परामर्श केंद्र से विदा किया गया। थाना कलान के एक दम्पति जिनकी शादी लगभग 06 माह पूर्व हुई थी। 01 माह से अपने मायके में रह रही थी ।महिला ने बताया कि ससुराल वाले कम दहेज को लेकर ताना मारते हैं और वीडियो बना बनाकर वायरल करते है इसी बात को लेकर दोनों पति-पत्नी में विवाद था दोनो पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र बुलाया कर दोनो पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया द्ध प्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार हैद्ध दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है दोनो को परिवार परामर्श केंद्र से विदा किया गया थाना कांट के एक दम्पति जिनकी शादी लगभग 08 वर्ष पूर्व हुई थी। महिला 02 माह से अपने मायके में रह रही थी उसने बताया की पति मेरे साथ मार -पीट करता है और मेरे साथ झगड़ा करते हैं इसी बात को लेकर दोनों पति-पत्नी में विवाद था द्ध दोनो पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया द्ध प्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार हैद्ध दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है दोनो को परिवार परामर्श केंद्र से विदा किया गया । इस मौके पर परिवार परामर्श केंद्र महिला मुख्य आरक्षी चंद्रकांता महिला आरक्षी पिंकी महिला आरक्षी मोनिका महिला आरक्षी सरस्वती मौजूद रही।

# खाद्य विभाग ने कई कुंतल पनीर किया नष्ट



**शाहजहांपुर।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, एवं जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के आदेश के क्रम में एवं रजनीश मिश्रा, अपरजिलाधिकारी (प्रशासन) के निर्देश पर सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वद्व/ अभिहित अधिकारी, चन्द्रशेखर मिश्र के नेतृत्व में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, बागीश मणि त्रिपाठी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों, मनोज कुमार एवं विनय कुमार यादव द्वारा ग्रा0 मुडिगवॉ, कॉट, पर स्थित पनीर निर्माण इकाई पर छापामार कार्यवाही कर 01 मिश्रित दूध का नमूना एवं 01 पनीर का नमूना संग्रहित किया गया तथा खराब दशा में पाये गये 15 कि0ग्रा0 पनीर को नष्ट कराया गया जिसका अनुमानित मूल्य-4500 रू0 है। उपजिलाधिकारी, जलालाबाद के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजीत सिंह द्वारा याकूबपुर चौराहा के पास स्थित रंजीत के छेना निर्माण प्रतिष्ठान पर छापामार कार्यवाही करते हुए 01 छेना का नमूना संग्रहित किया गया तथा खराब दशा में पाये गये 105 कि0ग्रा0 छेना को नष्ट कराया गया जिसका अनुमानित मूल्य-18900 रू0 है। पुवायाँ तहसील के खुटार क्षेत्र से खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री मानवेन्द्र कुमार द्वारा खाद्यकारोबार कर्ता अनीस कुरैशी के प्रतिष्ठान पर छापामार कार्यवाही कर पनीर का 01 नमूना संग्रहित किया गया एवं खराब दशा में पाये गये 12 कि0ग्रा0 पनीर को नष्ट कराया गया जिसका अनुमानित मूल्य-3600 रू0 है। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी बागीश मणि त्रिपाठी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, वरुण कुमार, सौरम सोनी, अजीत सिंह, मनोज कुमार, मानवेन्द्र कुमार एवं विनय कुमार यादव मौजूद रहे। खाद्य सुरक्षा विभाग की छापामार कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# खेती के साथ-साथ रेशम कीट पालन बनी किसानों की आय का श्रोत

**शाहजहांपुर।** रेशम एक जैविक एवं प्राकृतिक कृषि आधारित उत्पाद है। रेशम उत्पादन का कार्य तकनीकी प्रकृति का होता है। जिसके लिए उत्पादकों कृषकों को जागरूक किया जाना जरूरी होता है। इसके उत्पादन के लिए प्रदेश में जनसामान्य, कृषकों तक पहुँचाने एवं आय का लोकप्रिय श्रोत बनाने के लिए विभिन्न प्रकार से जागरूकता लाई जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में गत 10 वर्षों में उत्तर प्रदेश में रेशम निर्यात में 28 गुना की ब?ोत्तरी हुई है, जो अन्य सेक्टर के मुकाबले सर्वाधिक है। प्रदेश में रेशम उत्पादन की अपार सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए रेशम उत्पादन की वृद्धि हेतु लगातार प्रयत्न किये जा रहे है। रेशम उत्पादन के लिए शहतूत के वृक्षों का रोपण करने के लिए किसानों को सहायता दी जा रही है। कृषि के साथ-साथ रेशम उत्पादन कर कृषक अपनी आय में वृद्धि कर रहे है। प्रदेश में केन्द्र एवं राज्य पोषित संचालित योजनाओं से लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों के लिये पारदर्शी सुविधा उपलब्ध कराने हेतु ''रेशम मित्र पोर्टल'' पर ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा लागू है, जिस पर इच्छुक लाभार्थी पंजीकरण कराते हुए विभाग की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। । प्रदेश में स्थापित रेशम फार्मों पर रेशम से संबंधित क्रियाकलापों को ब?ावा दिये जाने हेतु 300 नयी रेशम सहकारी समितियों का गठन किया जा रहा है। प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री जी के कुशल मार्गदर्शन से प्रदेश में जनपद बहराइच, श्रावस्ती, लखीमपुर, सीतापुर, गोण्डा, बलरामपुर, बस्ती, महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बिजनौर एवं सहारनपुर में प्रथम बार राज्य पोषित ''मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना'' के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 हेतु रू0 100.00 लाख बजट की स्वीकृति हुई है, जिसके अन्तर्गत प्रदेश के निजी क्षेत्र के कृषकों को वृक्षारोपण कीटपालन भवन एवं उपकरणों के क्रय हेतु अनुदान सहायता उपलब्ध करायी जा रही है।

# ब्लॉक संसाधन केन्द्र भावलखेडा पर एलिम्को मेजर मेंट कैम्प का सफल आयोजन

**शाहजहांपुर।** समेकित शिक्षा योजना एवं समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत आज ब्लॉक संसाधन केन्द्र भावलखेडा में परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के लिए उपकरण मापन शिविर का आयोजन किया गया। इस जिला स्तरीय कैम्प में लगभग 315 बच्चों ने भाग लिया, जिन्हें उनकी आवश्यकताओं के अनुसार बैसाखी, वॉकिंग स्टिक, व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, सी0पी0 चेयर, श्रवण यंत्र, टी एल एम किट एवं लर्निंग किट, डी जी प्लेयर, ब्रेल किट आदि सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए। सभी बच्चों का ऑनलाइन पंजीकरण कर उनके लिए उपकरण वितरण सुनिश्चित किया गया। आगामी कुछ समय में पुनः वितरण शिविर का आयोजन कर शेष उपकरण वितरित किए जाएंगे। इस आयोजन में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सोहन शुक्ला एवं खंड शिक्षा अधिकारी । विनय मिश्रा के कुशल नेतृत्व में कामकाज संपन्न हुआ। विशेष शिक्षक अतुल दीक्षित, राम सुधीर पाल, रामनरेश यादव, खुशबू गुप्ता और राम जीत पाल के साथ फिजियोथेरेपिस्ट श्री अभिषेक मिश्रा ने बच्चों की उपस्थिति और शिविर के सुचारू संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। शिविर की सफलता ने यह सुनिश्चित किया कि दिव्यांग बच्चे अपनी शिक्षा और दैनिक जीवन में सहायक उपकरणों से समर्थित होकर अपनी क्षमता के अनुसार आगे बढ़ सकें।

# धान खरीद में नहीं होगी किसानों से कटौती

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी नेमंडी सचिवों को निर्देशित किया है कि विभिन्न किसान संगठनों एवं किसानों द्वारा अवगत कराया जा रहा है कि प्राइवेट धान विक्रय करते समय एक मूल्य तय हो जाने के बाद भी कुछ आढ़तियों, राईस मिलर्स द्वारा उपरोक्त धान में मुद्दत, गर्दा, नकद कैश डिडक्शन (सी0डी0) के नाम पर कटौती की जा रही है। यह कृत शासन के निर्देशों के विपरीत है, इसे प्रतिबन्धित किया जाना आवश्यक है। निर्देशित किया जाता है कि सभी आढ़तियों तथा मिलर्स को निर्देश दिया जाये कि प्राईवेट धान क्रय स्थलों पर इस आशय का बेनर लगाये कि ÷यहाँ पर किसी भी प्रकार की अनियमित कटौती नहीं की जाती है÷। इसके सापेक्ष समस्त आढ़तियों एवं राईस मिलर्स को यह सूचित कर दें कि धान का दर तय हो जाने के उपरान्त शासनादेश के विरूद्ध किसी भी प्रकार की कोई कटौती नही की जाये। साथ ही यदि कोई कटौती करता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

# 10 हजार के इनामी हत्याभियुक्त को मदनापुर पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जलालाबाद।** कई दिनों से फरार चल रहे नामजद हत्याभियुक्त को मदनापुर पुलिस ने जलालाबाद क्षेत्र से गिरफ्तार किया है अभियुक्त पर 10000 का इनाम घोषित किया गया था मदनापुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है हत्या के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त की पुलिस को तलाश थी जिस पर पुलिस ने 10000 का इनाम घोषित किया था पकड़े गए अभियुक्त का नाम भूपाल उर्फ रमन पाल है जो विकासखंड जलालाबाद की ग्राम पंचायत मगटोरा का प्रधान है एस ओ मदनापुर ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त का भाई पोपी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है इस मामले में चार लोग नामजद हैं

# स्वदेशी मेले में महिलाओं की डांडिया नाइट का आयोजन

## जिलाधिकारी ने मेले का हिस्सा बनें, स्वदेशी उत्पादों की खरीददारी कर स्थानीय कारीगरों को सशक्त बनाएं जाने की अपील



**शाहजहांपुर।** स्वदेशी मेले में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अपराजिता सिंह, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता सहित अन्य महिलाओं द्वारा डांडिया नाइट% एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें रंगारंग संगीत, नृत्य और उल्लास का अद्भुत संगम रहा। कार्यक्रम में जनपद की महिलाओं एवं बालिकाओं की व्यापक सहभागिता रही, जिसका उद्देश्य सांस्कृतिक अभिव्यक्ति, महिला सशक्तिकरण तथा सामाजिक समरसता को प्रोत्साहित करना रहा है। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ 5 प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने ने कहा कि जनपद के स्वदेशी मेले में उद्यमी, कारीगर, हस्तशिल्प, घरेलू उत्पादों और पारंपरिक वस्तुओं की दिवाली मेले में, हुनर और उत्पादों को आम जनता को प्रदर्शित हो रही स्वदेशी निर्मित वस्तुएं। राजकीय इण्टर कॉलेज क्रीड़ा ग्राउण्ड खिरनी बाग में 18 तक प्रातः स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा है। यू0पी0 ट्रेड शो स्वदेशी मेला-2025 स्वदेशी मेले में स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाई गई वस्तुओं की बिक्री हो रही है। मेले में स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने ` उद्देश्य से कई हस्तनिर्मित उत्पादों की बिक्री हेतु स्वदेशी मेला हो रहा है। स्वदेशी मेला न केवल स्थानीय कारीगरों को मंच प्रदान कर रहा है, बल्कि जनपद की पारंपरिक कारीगरी, कला और स स्कृति को भी नई पहचान दे रहा है। सभी नागरिक जनपद के इन कारीगरों के सम्मान एवं प्रोत्साहन के लिए स्वदेशी मेले में आकर खूब खरीददारी करे। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को सभी नागरिक अवश्य आए और गर्व के साथ खरीददारी कर सभी स्थानीय कारीगरों की दिवाली में रौनक लाएं। मेला प्रधानमंत्री जी के 'वोकल फॉर लोकल' और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'स्वदेशी अपनाओ' अभियान को धरातल पर उतारने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है।उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे इस मेले का हिस्सा बनें, स्वदेशी उत्पादों की खरीददारी कर स्थानीय कारीगरों को सशक्त बनाएं। मेले में कला, संस्कृति, हस्तशिल्प, माटी कला, घरेलू साज सज्जा की वस्तुएं आदि की झलक देखने को मिल रही है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव, समस्त उप जिलाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मजूद रहे।

# स्वदेशी मेला-में हुआ कवि सम्मेलन का आयोजन




**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश ट्रेड फेयर स्वदेशी मेला- 2025 के आठवें दिन शानदार कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया । जिसमें कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कवि सम्मेलन की शुरुआत कवयित्री सरिता बाजपेयी ने माँ सरस्वती वन्दना के बाद सुनाया-

लिखने वाला खुशियाँ लिखता,
दर्द सिंधु पी लेता है ।
जीवन पथ के सारे ही,
ग़म हंस हंस जी लेता है ।।

अध्यक्षता करते हुए लोकगीतकार विजय ठाकुर ने सुनाया-

मैं तो यूँ ही उधर से गुज़र भर गया,
लोग चलने लगे तो डगर हो गई ।
कल लिखा था जहाँ पर निकलना मना ।
चल पड़ी वह गली तो सदर हो गई ।।

संचालन करते हुए संयोजक कवि डॉ इन्दु अजनबी ने अपने चर्चित गीत सुनाए । उन्होंने सुनाया-

मेरे बिन तू न इक पल जिया लिख दे।
मेरे नाम कोई पाती पिया लिख दे ।।

कवि अजय अवस्थी ने मार्मिक गीत प्रस्तुत किये । उन्होंने सुनाया-

गली चलते बुजुर्गो से वो दिन भर बंदगी करना।
दुआ में उठते हाथों को चलो फिर ढूंढ लाते हैं।।

युवा रचनाकार पीयूष शर्मा ने कुछ यूँ सुनाया-

हमने कुछ तो अच्छा देखा
हँसने वाला चेहरा देखा
भूल गए अपनी मनमानी,
जब भी उनका गुस्सा देखा

युवा कवि आशीष शुक्ला ने ऐसे सुनाया-

यह जान देख दिल जान गया ।
यह जान अभी तक क्वाँरी है ।
यह जान किसी को मत देना,
यह पहली जान हमारी है ।।

कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव व केन्द्रीय मन्त्री जितिन प्रसाद के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र ने प्रभु गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्पण कर किया । सभी रचनाकारों का शाल ओढ़ाकर अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर अरुण पांडेय, शहनबाज़ ख़ान, अनिल कुमार गुप्ता, डॉ नमिता सिंह, नलिनी ओमर, शालू यादव, बलराम शर्मा, स्तुति गुप्ता, सुमन गुप्ता, मीनू गुप्ता समेत अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे । अंत में आभार उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव द्वारा व्यक्त किया गया ।

# छेना निर्माण फैक्ट्री में खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा

## भारी मात्रा में छेना कराया नष्ट, मौके पर मौजूद रहे एसडीएम

**जलालाबाद-शाहजहाँपुर (स्वतंत्र भारत)।** बृहस्पतिवार उप जिलाधिकारी प्रभात राय के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा याकूबपुर तिराहा स्थित एक मकान में छापा मारा जहां छेना मिठाई बनायी जा रही थी इसके अलावा भारी मात्रा में पाउडर मिला है जिससे छेना बनाया जाता था एसडीएम के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम ने मिठाई को नष्ट करवा दिया तथा छेना का सैंपल लेकर लखनऊ लेबोरेटरी में भेजा गया है जहां से रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। जलालाबाद में आज मिठाई निर्माण के गोदाम पर पहली कार्यवाही नहीं है इससे पहले भी खाद्य विभाग की टीम अन्य अधिकारियों के नेतृत्व में कार्यवाही को अंजाम दे चुकी है कई खाद्य वस्तुओं के सैंपल भरे जा चुके हैं और उन्हें प्रयोगशाला भेजा गया है जहां से अभी रिपोर्ट नहीं आई है बतादें कि विशेष कर दीपावली पर्व से पहले खाद्य विभाग की टीम सक्रिय हो जाती है और खासतौर से मिठाई की दुकानों को टारगेट करती है यहां पर बनने वाली मिठाइयां ज्यादातर सिंथेटिक उत्पाद होती है इसकी मूल वजह दीपावली पर्व पर मिठाई की खपत कई गुना ज्यादा बढ़ जाती है जिसके चलते व्यापारी भारी मात्रा में मिठाई निर्माण करवाते हैं और उसमें तरह-तरह के केमिकल और पाउडर मिलाए जाते हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि कार्यवाही जारी है मानव जीवन को प्रभावित करने वाले पदार्थ से बनने वाली मिठाइयां लोगों को बीमार कर सकती हैं इसलिए नमूना लेकर प्रयोगशाला भेजा जा रहा है रिपोर्ट आने पर नमूना फेल हुआ तो कार्यवाही अवश्य की जाएगी।

# रंजिशन मारपीट कर युवक को किया घायल, तहरीर दी

## बालू भरे ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने के शक में ग्रामीणों का हंगामा



**जलालाबाद/अल्हागंज (स्वतंत्र भारत)।** मारपीट की घटना को बालू खनन से जोड़कर देखा जा रहा है पीड़ित ने थाने पर दी तहरीर में इस बात का खुलासा किया है तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है सच्चाई के मुताबिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। थाना अल्हागंज क्षेत्र के गांव रामपुर निवासी वीरेश पुत्र महेंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह सुबह तड़के अपने बैल लेकर खेत पर जा रहा था तभी गांव के ही विपिन पुत्र राजेंद्र ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारा पीटा जिससे उसके पैर में काफी चोट लगी है इसी दौरान बालू से भरा ट्रैक्टर ट्राली भी मौके पर आ गया, वह शोर मचा ही रहा था कि गांव के लोग एकत्र हो गए उन्होंने घटना को समझ नहीं पाया ग्रामीण समझे कि ट्रैक्टर ट्राली से एक्सीडेंट हो गया है और उन्होंने बालू से भरी ट्रैक्टर ट्राली को रोक लिया व पुलिस को सूचना दे दी। घायल पीड़ित का कहना है कि उसका ट्रैक्टर से एक्सीडेंट नहीं हुआ है ट्रैक्टर से उसका कोई लेना देना नहीं है घटना पूरी तरह से मारपीट की है। घायल वीरेश ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस पड़ताल कर रही है एहतियात के तौर पर पुलिस ने बालू से भरे ट्रैक्टर ट्राली को थाने में लाकर खड़ा कर लिया है।

# त्रिदिवसीय वार्षिक खेल-महोत्सव आरोहण का शुभारंभ




**शाहजहांपुर।** तक्षशिला पब्लिक स्कूल में त्रिदिवसीय वार्षिक खेल - महोत्सव %आरोहण% का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि एसएस पी राजेश द्विवेदी तथा अशोक अग्रवाल सिंधिया पब्लिक स्कूल के प्रबंधक मून जौहरी एवं अर्चना जौहरी, सुरेंद्र सर, सुनील शर्मा एवं कर्नल्स अकादमी की प्रधानाध्यापिका पूनम जौहरी के द्वारा दीप -प्रज्ज्वलन तथा गुब्बारे उड़ाकर महोत्सव का कर किया । इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा मार्च-पास्ट का प्रदर्शन किया गया। खेल - महोत्सव का प्रारंभ विद्यालय की कोर कमेटी के छात्रों द्वारा मशाल को लेकर क्रीडास्थल में दौड़ लगाकर हुआ। इसके बाद प्रधानाचार्य ,प्रबंध समिति एवं पीटीआई द्वारा बैच लगाकर तथा स्पोर्ट्स कैप एवं पटका पहनाकर मुख्य अतिथि तथा अन्य अतिथियों को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात म्यूजिक टीम के छात्र - छात्राओं द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति के साथ %आरोहण% के प्रथम दिवस की विभिन्न प्रकार की खेल-प्रतियोगिताओं का आरंभ हुआ। सर्वप्रथम कक्षा के.जी. के बच्चों द्वारा रिले रेस में (टीम बी प्रथम, सी द्वितीय तथा ई तृतीय),क्रैब रेस में (टीम ई प्रथम, बी द्वितीय तथा ए तृतीय), टग -ऑफ वॉर में (टीम ए प्रथम व बी द्वितीय ) ,हर्डल रेस (बाधा दौड़) में (टीम डी प्रथम,सी द्वितीय व ई तृतीय), बैकवर्ड (पीछे जाकर आगे जाने वाली) रेस में (टीम ए प्रथम, डी द्वितीय व सी तृतीय ) स्थान पर रहे। कक्षा एक के बच्चों द्वारा बॉल बैलेंसिंग रेस में टीम ए प्रथम,बी द्वितीय तथा डी तृतीय) , कलेक्ट द ऑब्जेक्ट एंड रन रेस में (टीम ई प्रथम,सी द्वितीय तथा ए तृतीय),रिले रेस में (प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय), मैथलेट्स रेस में (टीम सी प्रथम,ए द्वितीय व बी तृतीय), प्रकृति के साथी रेस में (टीम ब्लू प्रथम, ग्रीन द्वितीय व लाइट ब्लू तृतीय),मेसी माउथ मैराथन में (टीम सी प्रथम,ई द्वितीय व बी तृतीय), रस्सा-कसी बालिका -वर्ग में (टीम येलो प्रथम,व ब्लू द्वितीय) तथा बालक वर्ग में (टीम रेड प्रथम व ग्रीन द्वितीय) ने स्थान को प्राप्त किया।कक्षा दो के बच्चों द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता में (रेड टीम प्रथम , व टीम येलो द्वितीय ) पर रहे।इसके बाद कक्षा 3 से 5 तक के छात्र -छात्राओं द्वारा गेट रेडी फॉर स्कूल रेस बालक वर्ग में (प्रथम - सतलुज सदन, द्वितीय नर्मदा सदन व गंगा तृतीय), बालिका वर्ग में (प्रथम सतलुज, द्वितीय कृष्णा एवं तृतीय गंगा), मिक्स्ड रिले रेस में (सतलुज प्रथम, नर्मदा द्वितीय तथा गंगा तृतीय),100 मी बालक वर्ग (सतलुज प्रथम, नर्मदा द्वितीय व गंगा तृतीय) ,रिले रेस बालक वर्ग में (नर्मदा प्रथम, सतलुज द्वितीय व गंगा तृतीय), एवं बालिका वर्ग में (प्रथम सतलुज , कृष्णा द्वितीय व नर्मदा तृतीय), रस्सा -कसी में (प्रथम गंगा, व द्वितीय सतलुज) पर रहे।कक्षा 6 से 8 बालक वर्ग 100 मी रेस (गंगा सदन - हैदर चिश्ती प्रथम, सतलुज- अनादि बरोई द्वितीय व नर्मदा- रूद्राक्ष शुक्ला तृतीय )बालिका वर्ग में (अदिति ठाकुर -कृष्णा सदन प्रथम, नर्मदा- आलिया खान द्वितीय व गंगा - ताबिश फातिमा तृतीय), कबड्डी बालक वर्ग में (प्रथम, द्वितीय व तृतीय एवं बालिका वर्ग में (प्रथम, द्वितीय व तृतीय) स्थान को प्राप्त किया। कक्षा 9 से 12 छात्र- छात्राओं द्वारा 100 मी रेस (बालक वर्ग सतलुज सदन- मो अक़दस प्रथम, कृष्णा -- शिवा सक्सेना द्वितीय व नर्मदा -इतिश्व यादव तृतीय),(बालिका वर्ग नर्मदा सदन - जाह्नवी कपूर प्रथम, सतलुज - रवीना यादव द्वितीय व कृष्णा- साक्षी यादव तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजयी छात्र-छात्राओं को मेडल तथा सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में खेल - प्रतियोगिताओं के साथ बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक- कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए । दर्श त्रिपाठी तथा दीपाली बैनर्जी द्वारा विशेष प्रस्तुति दी गई, जिसकी सराहना मुख्य अतिथि द्वारा की गई। मुख्य अतिथि एसएस पी राजेश द्विवेदी जी द्वारा बच्चों को आगे भी ऐसे ही खेल - प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ÷यदि आप शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे, तभी आप मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहेंगे और आगे बढ़- चढ़कर खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। उदाहरण स्वरूप उन्होंने स्वयं के विषय में कहा कि वे भी अपने अत्यंत व्यस्त समय में से प्रतिदिन कुछ समय व्यायाम तथा खेल के लिए अवश्य निकालते हैं।÷ उद्योगपति अशोक अग्रवाल ने भी बच्चों को प्रोत्साहित किया, उन्होंने कहा , ÷ जीवन में समय का सदुपयोग, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का होना आवश्यक है, चाहे आपके पास सुविधाएं हों या न हों। हमें खेल में भाग लेना आवश्यक है तथा पूरी निष्ठा तथा लगन से खेलना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं को इस बात पर गर्व होना चाहिए कि वे तक्षशिला विद्यालय में पढ़ते हैं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हेमंत तनेजा, गोविंद मिश्रा, शिक्षिका तैयबा खान एवं उनकी टीम के बच्चों आशवी कुमार, रम्या तिवारी, माहिरा नाज़, रूज़ैना, प्रथम अरोरा द्वारा किया गया। खेल- महोत्सव %आरोहण% के प्रथम दिवस का समापन प्रधानाध्यापक प्रखर खंडेलवाल जी द्वारा अतिथि तथा अन्य अतिथियों एवं कार्यक्रम के आयोजन के लिए शिक्षक- शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया गया ।

# सभी तहसीलों में 1000 लघु-सीमांत किसानों को तिरपाल वितरण

## सदर तहसील में विधायक सदर और डीएम ने बाटे तिरपाल

स्वतंत्र भारत



**लखीमपुर-खीरी।** दीपावली की खुशियों से पहले जिले के किसानों के चेहरे मुस्कुराए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की किसान और जनहितैषी नीतियों को जमीनी रूप देने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की सक्रिय पहल पर जनपद की सभी तहसीलों में करीब 1000 लघु एवं सीमांत किसानों और जरूरतमंदों को तिरपाल वितरित किया गया। यह पहल किसानों के लिए धान सुखाने से लेकर गोवंश आश्रय तक दोहरा लाभ सुनिश्चित करेगी।

सदर तहसील में आयोजित कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और विधायक सदर योगेश वर्मा ने एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह के साथ किसानों को तिरपाल और लंच पैकेट वितरित किए। इसी क्रम में निघासन, पलिया, धौरहरा, मोहम्मदी, मितौली एवं गोला तहसीलों में उपजिलाधिकारियों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में यह वितरण कार्य संपन्न किया।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य लघु एवं सीमांत किसानों को हर स्तर पर सहयोग एवं सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि दीपावली के पूर्व तिरपाल वितरण कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को मौसमी जोखिमों से फसल की रक्षा और गोवंश के संरक्षण का व्यावहारिक समाधान उपलब्ध कराया गया है।

विधायक (सदर) योगेश वर्मा ने कहा कि यह हमारी किसानों के प्रति जिम्मेदारी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की किसान और जनहितैषी नीतियों का जमीनी क्रियान्वयन है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल से किसानों को मिले यह तिरपाल उन्हें न केवल फसल सुरक्षित करने में मदद करेंगे बल्कि गोवंश के संरक्षण में भी सहारा बनेंगे। हमारा प्रयास है कि हर लघु और सीमांत किसान तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे।

बताते चलें कि यह पहल किसानों के लिए दोहरा लाभ प्रदान करेगी। एक ओर कटाई के दौरान नमीयुक्त धान को सुखाने में यह तिरपाल सहायक सिद्ध होंगे, वहीं दूसरी ओर बरसात के मौसम में गोवंश को आश्रय प्रदान करने में भी उपयोगी रहेंगे।

## एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**गोला गोकरननाथ खीरी।** डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल व स्टैंण्डर्ड चार्टर्ड बैंक के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला नेत्र जाँच केंद्र पर आयोजित की गई। कार्यक्रम में ग्राम प्रधानों के अलावा निवारणीय अंधता मुक्त ग्राम के बी डी सी सदस्य, महिला समूह, आशा, आँगनवाड़ी सहित ग्रामीण उपस्थिति रहे। इस कार्यशाला में विपिन पाण्डेय ने डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के कार्यो के बारे में बताते हुए कहा कि संस्था लखीमपुर, शाहजहांपुर, हरदोई, पीलीभीत अंधता निवारण के लिए घर घर नेत्र जाँच अभियान चला रही है जिससे समुदाय में नेत्र स्वास्थ्य पर जागरूकता बढ़ रही है। साथ ही संस्था द्वारा नेत्र स्वास्थ्य पर समुदाय में विश्व दृष्टि दिवस पर विशाल जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। साथ ही संस्था कि ओर से अंधता निवारण के क्षेत्र में जागरूकता फैलाने पर उपस्थिति सहयोगीयों को उनके विशिष्ट कार्यों के प्रति सम्मानित किया। इस अवसर सोफिया ने कहा हमें हर घर हर जन कि नेत्र जाँच कराने के लिए तैयार रहना होगा, इस आयोजन को सफल बनाने में विनय, पूजा, सोफिया का सहयोग रहा

## शहीद वीर अहीर सपूतों को श्रद्धांजलि

**मैगलगंज-खीरी।** भारत-चीन युद्ध (1962) के दौरान लद्दाख स्थित रेजांगला की ऐतिहासिक वीरगाथा को नमन करते हुए रेजांगला रज कलश यात्रा का आयोजन अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा, उत्तर प्रदेश इकाई द्वारा किया गया। यह यात्रा प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव मनोज सिंह यादव के नेतृत्व में संपन्न हुई। रेजांगला की इस ऐतिहासिक लड़ाई में यदुवंश के 120 वीर सपूतों ने असाधारण साहस का परिचय देते हुए चीन के लगभग 1300 सैनिकों को मार गिराया, लेकिन इस वीरता की कीमत पर हमारे 114 अहीर जवान शहीद हो गए। उनकी स्मृति और बलिदान को सम्मान देने हेतु यह यात्रा लखीमपुर जनपद लाई गई। सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट एवं महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष अशोक यादव के दिशा-निर्देशन में आयोजित इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सीतापुर और लखीमपुर के कई सम्मानित पदाधिकारियों ने भाग लिया और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे! प्रदेश सचिव अंकुर यादव, जिला अध्यक्ष अनूप यादव, श्री प्रमोद यादव, छविनाथ सिंह यादव, अरविंद यादव, यदुवीर सिंह यादव, पवन यादव, उमाशंकर यादव, राहुल यादव, सोनू यादव, रामसागर यादव आदि उपस्थित रहे।




# सीपीआर तकनीक से बचाई जा सकती हैं हजारों जिंदगियां-सीएमएस

● डॉक्टर रोहित पाठक ने दिया लाइव डेमो



**लखीमपुर खीरी।** सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत जिला चिकित्सालय लखीमपुर खीरी में गुरुवार को एक विशेष प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन फिजिशियन डॉ. रोहित पाठक द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने मेडिकल स्टाफ व आम नागरिकों को सीपीआर की तकनीक का लाइव डेमो दिखाया। यह कार्यक्रम सीएमएस डॉ. आर. के. कोहली के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

डॉ. रोहित पाठक ने बताया कि सीपीआर एक जीवनरक्षक तकनीक है, जिसका उपयोग तब किया जाता है जब किसी व्यक्ति का हृदय या सांस अचानक बंद हो जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को अचानक हार्ट अटैक आए और वह बेहोश हो जाए, तो तुरंत सीपीआर देकर उसकी जान बचाई जा सकती है। सीपीआर देने की प्रक्रिया समझाते हुए उन्होंने बताया कि सबसे पहले मरीज की प्रतिक्रिया और सांस की जांच करें, यदि सांस नहीं चल रही हो तो मरीज को सख्त सतह पर लिटाएं, दोनों हाथों की हथेलियों को एक-दूसरे पर रखकर छाती के बीचोंबीच दबाव (30 बार) दें, इसके बाद दो बार मुंह से सांस (रेस्क्यू ब्रीद) दें, यह क्रम तब तक दोहराएं जब तक मरीज की सांस या दिल की धड़कन वापस न आ जाए या मेडिकल सहायता न पहुंच जाए।

सीएमएस डॉ. आरके कोहली ने कहा कि देश में प्रतिवर्ष हृदयाघात से लगभग 70 लाख लोगों की मौत होती है, जिनमें से करीब 40 प्रतिशत मौतें आपके पास मौजूद व्यक्ति को सीपीआर की जानकारी न होने या समय पर सहायता न मिलने के कारण होती हैं। यदि समय रहते सीपीआर दिया जाए तो 50-60 प्रतिशत लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि सीपीआर की जानकारी केवल डॉक्टरों या नर्सों तक सीमित न रहे, बल्कि हर व्यक्ति को यह तकनीक सीखनी चाहिए ताकि आपात स्थिति में किसी की जिंदगी बचाई जा सके। इस अवसर पर चिकित्सालय के अनेक स्वास्थ्यकर्मी व मरीज उपस्थित रहे जिन्होंने डेमो देखकर सीपीआर तकनीक को अपनाने का संकल्प लिया। इस दौरान अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ एके द्विवेदी, जिरियाट्रिक फिजिशियन डॉ शिखर बाजपेई, इएमओ डॉ ललित वर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## निघासन क्षेत्र के चौमुखी विकास के लिए प्रयासरत हैं एड. ऐश्वर्य धुरिया

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर खीरी।** शहर के सीनियर अधिवक्ता संजय धुरिया के आवास पर आयोजित एक प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) उत्तर प्रदेश के सचिव एवं लखीमपुर की अधिवक्ता संघ की जिला कार्यकारिणी में संयुक्त मंत्री एडवोकेट ऐश्वर्य धुरिया ने बताया कि विद्यार्थी जीवन से ही उनका लगाव जनहित कार्यों से रहा है और वे समाजसेवा में सदैव अग्रणी रहे हैं। एडवोकेट धुरिया ने बताया कि वर्ष 2011 में उन्होंने एलएलबी की उपाधि प्राप्त कर अधिवक्ता के रूप में कार्य आरंभ किया। वर्ष 2025 में अधिवक्ता संघ के चुनाव में वे संयुक्त मंत्री पद हासिल किया। , उन्होंने राष्ट्रीय लोक दल की सक्रिय सदस्यता ग्रहण की और तब से ही वे जनसमस्याओं के समाधान में तन-मन-धन से जुटे हुए हैं।



उन्होंने कहा कि यदि पार्टी उन्हें टिकट प्रदान करती है, तो वे निघासन विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का इरादा रखते हैं। एडवोकेट धुरिया ने कहा, निघासन क्षेत्र के चौमुखी विकास के लिए मैं हर संभव प्रयास करूंगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को सशक्त बनाना मेरी शीर्ष प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि अधिवक्ता रहते हुए उन्होंने साइकिल स्टैंड पर अनधिकृत रूप से खड़े वाहनों के कारण संभावित दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए संबंधित अधिकारियों से शिकायत की, जिसके बाद समस्या का समाधान कराया गया। जनता से अपील करते हुए उन्होंने कहा, मैं हमेशा जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनने और समाधान कराने के लिए तैयार हूं। दिन-रात 24 घंटे जनता की सेवा के लिए तत्पर रहूंगा और उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा।

## धनतेरस व दीपावली पर बाईकों व ई रिक्शा पर विशेष आफर व छूट

**जंगबहादुरगंज खीरी।** धनतेरस व दीपावली के पर्व पर मोटरसाइकिलों व ई रिक्शा पर विशेष आफर व छूट दी जा रही है। जानकारी के अनुसार जनपद लखीमपुर खीरी के कस्बा जंगबहादुरगंज में बालाजी हीरो एजेंसी के प्रोपराइटर देवेश सिंह के द्वारा गाड़ी बुकिंग पर एक निश्चित उपहार चांदी या सोने का सिक्का या प्रेस दी जा रही है व गाड़ी मात्र 151 रुपए में बुक कराये 5000 से 15000 तक की जीएसटी छूट का लाभ उठाएं ब फिलिप्स कार्ड से गाड़ी बुक करने पर 20000 तक की छूट पाएं, गाड़ी के साथ एक लकी ड्रा कूपन मिलेगा जिसमें तीन लकी ड्रा होंगे पहले में बाइक, दूसरे में वाशिंग मशीन, व तीसरे में फ्रीज यह सभी उपहार ब छूटें 31 अक्टूबर तक ही उपलब्ध होगी। वही सोनी होंडा एजेंसी के प्रोपराइटर आशीष चौहान ने बताया कि हमारे यहां 4999 रुपए देकर गाड़ी बुक कराये। फ्यूज टैंक, चांदी का सिक्का, प्रेस, इंडेक्शन, डिनर सेट, वाटर कूलर, में से एक निश्चित उपहार पाये। गाड़ी डिलीवरी पर एक हेलमेट फ्री ब लकी ड्रा में एलसीडी, वाशिंग मशीन सम्मिलित है। वही इंडियन बजाज शोरूम के प्रोपराइटर अज्जू ने बताया कि हमारे यहां धनतेरस दीपावली पर सभी गाड़ियों पर 15000 तक की जीएसटी छूट बाल लकी ड्रा के माध्यम से गोवा, नैनीताल जाने का भी ऑफर है व 300 उपहार में से एक निश्चित उपहार गाड़ी खरीद पर मिलेगा। डेक्स, रीवो स्कूटी मात्र 31999 में घर ले जायें व ई-रिक्शा 24999 रुपए जमा करके घर ले जा सकते हैं।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो घायल

**जंगबहादुरगंज खीरी।** अज्ञात वाहन की टक्कर से 2 मोटरसाइकिल सवार घायल हो गये जिन्हें सीएचसी पसगवां भेजा गया जहां डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर किया है। जानकारी के अनुसार खीरी जिले के कस्बा जंगबहादुरगंज नेशनल हाईवे 30 पर किसी अज्ञात ने मोटरसाइकिल सवारों को पीछे से टक्कर मार दी। घायलों में इलियास पुत्र लियाकत, शिव प्रताप पुत्र आशीष निवासी सहादत नगर थाना पिहानी जनपद हरदोई के बताये जा रहे हैं। जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गये जिन्हें 108 एंबुलेंस के द्वारा कस पसगवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भेजा गया जहां डॉक्टर ने गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### पांच दिनों से सड़क पर खड़ी जली पिकअप दे रही हादसे को दावत, पुलिस प्रशासन मौन

**मितौली खीरी (स्वतंत्र भारत)।** पांच दिन पहले सीतापुर मंडी से सब्जी लेकर वापस आते समय एक पिकअप में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई थी, जिससे पूरी गाड़ी जलकर राख हो गई थी। हादसा मढिया पुलिस चौकी से महज 600 मीटर की दूरी पर हुआ था, लेकिन पांच दिन बीत जाने के बावजूद अब तक जले हुए वाहन को हटवाने की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बीच सड़क पर खड़ी यह पिकअप न सिर्फ यातायात में बाधा बन रही है, बल्कि दुर्घटनाओं को भी खुला निमंत्रण दे रही है। सड़क के बीचों बीच खड़ी यह जली हुई पिकअप रात के समय और भी खतरनाक साबित हो सकती है, खासकर जब रोशनी कम हो और रोड पर तेज रफ्तार से गाड़ियाँ गुजरती हों। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि मढिया पुलिस चौकी को इस बारे में कई बार जानकारी दी गई, लेकिन अभी तक मौके पर कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचा। लोगों में प्रशासन की निष्क्रियता को लेकर नाराजगी है। क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतज़ार कर रहा है? यह सवाल अब आमजन के मन में उठने लगा है। यदि समय रहते इस वाहन को हटवाया नहीं गया, तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता।



### विधायक के निर्देशों के बावजूद प्रशासन ने नहीं की कार्रवाई

**बिजुआ खीरी (स्वतंत्र भ्झारत)।** ग्राम पंचायत दौलतापुर में शारदा नदी का कटान लगातार जारी है। 9 अक्टूबर को पलिया विधायक रोमी साहनी के दौरे और अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश के बावजूद अब तक कटान रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। विधायक रोमी साहनी ने कटान रोकने के लिए सिंचाई विभाग के प्रमुख सचिव और खीरी के जिलाधिकारी को पत्र भी लिखा था। ग्रामीणों के अनुसार, विधायक ने सांसद से भी बात की थी, जिन्होंने दिवाली के बाद आने का आश्वासन दिया था। एक वायरल वीडियो में बाढ़ खंड के एक अधिकारी को विधायक साहनी से यह कहते हुए सुना जा सकता है कि रेलवे लाइन को हम क्यों बचाने जाएंगे, रेलवे लाइन बचाए वो। यह घटना अधिकारियों की संवेदनहीनता को उजागर करती है। शारदा नदी ने अपना रास्ता बदल लिया है और अब रेलवे लाइन के करीब पहुंच गई है, जिससे दौलतापुर गांव पर भी खतरा मंडरा रहा है। उल्लेखनीय है कि पहले शारदा नदी में चैनलाइजेशन के काम पर 22 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे।



## आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म करने वाला पिता गिरफ्तार



**मितौली-खीरी।** मितौली पुलिस ने 8 वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को तत्काल प्रभाव से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा द्वारा अपराधों की रोकथाम के क्रम में संचालित अभियान के तहत पुलिस उपाधीक्षक मितौली जितेंद्र सिंह परिहार के निर्देशन में थाना प्रभारी मितौली रविंद्र सोनकर ने 8 वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुकत संजय शर्मा पुत्र धनीराम निवासी कस्बा मितौली उम्र 45 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है गिरफ्तार करने वाले उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह हेड कांस्टेबल करुणेश वर्मा कांस्टेबल विकास कुमार द्वितीय कांस्टेबल किशन कुमार ने सतर्कता के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार का जेल भेजा गया है।

## गरीब बच्चे के इलाज का विधायक ने लिया संज्ञान

● ऑपरेशन का खर्च उठाने का आश्वासन

स्वतंत्र भारत



**बिजुआ खीरी।** बिजुआ विकास खंड की ग्राम पंचायत इटकुटी में एक बीमार बच्चे का मामला पलिया विधायक रोमी साहनी और समाजसेवी विमल कुमार ने संज्ञान लिया। इटकुटी निवासी वर्षा देवी के बेटे को पिछले कई वर्षों से पैर में गंभीर दर्द है, जिससे उसे चलने-फिरने में परेशानी होती है। स्थानीय डॉक्टरों से इलाज कराने पर कोई लाभ नहीं मिला। बड़े अस्पताल के डॉक्टरों ने पैर के ऑपरेशन की आवश्यकता बताई है, जिसका अनुमानित खर्च 35, 000 से 40, 000 रुपये है। वर्षा देवी के पति का लगभग तीन वर्ष पहले निधन हो चुका है। परिवार में अब कोई कमाने वाला सदस्य नहीं है। उनके चार बेटियाँ और एक बेटा है, जिसका इलाज करवाना उनके लिए आर्थिक रूप से बेहद कठिन हो गया है। विधायक रोमी साहनी ने वायरल पोस्ट का संज्ञान लेते हुए पीड़ित परिवार से जल्द मुलाकात करने और बच्चे के संभावित इलाज का आश्वासन दिया है। गुरुवार को समाजसेवी और भाजपा नेता विमल कुमार इटकुटी पहुंचे। उन्होंने बच्चे का हालचाल लिया और ऑपरेशन कराने हेतु संबंधित लोगों से बातचीत की। बच्चे को जल्द ही ऑपरेशन के लिए ले जाया जा सकता है, हालांकि यह दिवाली के बाद भी संभव हो सकता है। समस्त इलाज और अस्पताल लाने-ले जाने का समुचित प्रयास किया जाएगा। इस दौरान इटकुटी प्रधान मुकेश सिंह, अध्यापक अनूप सिंह, अशोक सिंह और मनोज सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे, जिन्होंने परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। समाजसेवी विमल कुमार ने अब तक सहयोग करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

# अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन खामोश माफियाओं के हौसले बुलंद

## अवैध प्लाटिंगो ने पकड़ी रफ्तार, जिम्मेदार मौन

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर खीरी।** शहर और आसपास के इलाकों में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ लगातार उठ रही आवाज़ों और खुलासों के बावजूद प्रशासनिक कार्रवाई अब तक कागज़ों तक सीमित है। राजस्व और नक्शा विभाग की कथित मिलीभगत के चलते भू-माफिया खुलेआम खेतों और सरकारी जमीनों को काटकर प्लॉटों की बिक्री कर रहे हैं।



स्थानीय सूत्रों का कहना है कि पिछली रिपोर्ट प्रकाशित होने के बाद कुछ स्थानों पर दिखावे की कार्रवाई की गई, लेकिन नतीजा शून्य रहा। कार्रवाई के नाम पर नोटिस भेजे गए, कुछ बोर्ड हटाए गए, और उसके बाद सब कुछ फिर से पहले जैसा हो गया।

जानकारों के मुताबिक, प्लाटिंग माफिया राजस्व विभाग को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचा रहे हैं, पर विभागीय कर्मियों की भूमिका संदिग्ध बनी हुई है। कुछ राजस्व कर्मचारी और नक्शा विभाग के तकनीकी कर्मचारी मौके पर निरीक्षण करने के बजाय कथित रूप से ÷नकद लेन-देन÷ कर अवैध कॉलोनियों को अभयदान दे रहे हैं। इसी मिलीभगत के चलते शहर शहर के अंदर कई तरफ नई प्लाटिंग का का विस्तार तेज़ी से हो रहा है। न सड़कें हैं, न नालियां, न जल निकासी की व्यवस्था – फिर भी खुलेआम प्लॉटों की बिक्री जारी है। मौजूदा नियमों के अनुसार, कृषि भूमि को किसी भी निर्माण या बिक्री से पहले धारा 80 के तहत अकृषक घोषित कराना अनिवार्य है, लेकिन यहां ज्यादातर सौदे बिना अनुमति के हो रहे हैं। बैनामे के दौरान ज़मीन की श्रेणी कृषि से गैर-कृषि में बदले बिना रजिस्ट्री कर दी जाती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह पूरा खेल तहसील और नक्शा विभाग की जानकारी में चलता है। जब भी मामला मीडिया में आता है, अधिकारी खानापूर्ति के तौर पर कुछ नोटिस जारी कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल देते हैं।

शहर के निवासी अजय मिश्रा, मनीष वर्मा और किरण सिंह ने बताया कि प्रशासनिक उदासीनता से आम नागरिकों को भविष्य में भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है। बिना स्वीकृत नक्शों और अधूरी सुविधाओं वाली ये कॉलोनियां न तो रजिस्ट्री के बाद विकास की गारंटी देती हैं, न ही किसी प्रकार की कानूनी सुरक्षा। प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि अवैध प्लाटिंग की शिकायतों की जांच के लिए एक टीम गठित की गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। शहरवासियों ने मांग की है कि प्रशासन दोषी कर्मचारियों और भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे, ताकि कानून का भय कायम रहे और अवैध प्लाटिंग पर रोक लग सके।

## गोल्ड मेडिलिस्ट मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए रवाना




**खमरिया-खीरी।** जिला मुख्यालय पर माध्यमिक स्तर की हुई खेल प्रतियोगिता में 400 मीटर की दौड़ व लंबी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त करके गोल्ड मैडल हासिल कर मंडल स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होने पर गांजर क्षेत्र की दो छात्राओं को बधाई देने वालों का तांता लग गया है। वहीं दोनों कालेजों के शिक्षक उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं। विगत दिनों जिला मुख्यालय पर माध्यमिक स्तर की हुई खेल प्रतियोगिता में गांजर क्षेत्र के पब्लिक इंटर कॉलेज ईसानगर में कक्षा 12 में शिक्षा ग्रहण कर रही प्रीती देवी पुत्री श्याम किशोर पाठक निवासी टेड़िया सरैया कला ने 400 मीटर दौड़ में जिले में प्रथम स्थान हासिल कर मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता में चयनित हुई। वहीं सीताराम मनवार पब्लिक इण्टर कालेज महरिया में कक्षा 10 में शिक्षा प्राप्त कर रही छात्रा लक्ष्मी देवी पुत्री पृथ्वी पाल ने लंबी कूद में स्वर्ण पदक जीतने के बाद मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उन्नाव रवाना हो गई। इसको लेकर विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन श्रीवस्तव व श्रीराम मनवार ने अपने अपने विद्यालय प्रांगण में एक समारोह आयोजित कर दोनों छात्राओं को जीत की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए उनके ज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## क्रमिक अनशन मे समर्थन देने पहुचे तमाम संगठन के लोग

स्वतंत्र भारत

**पलियाकलां-खीरी।** रेल चलाओ पलिया क्षेत्र बचाओ संघर्ष समिति का क्रमिक धरना के 11वें दिन भी जारी रहा। गुरु वार को क्रमिक अनशन को मेडिकल एसोसिएशन ने भी अपना समर्थन दिया है। क्रमिक अनशन पर गुरूवार को कमलेश राय, ऐपवा की जिला अध्यक्ष आरती राय के नेतृत्व में धरने पर छह लोगों ने धरने को समर्थन दिया। जिसमें सुरेश कुमार, रामसूरत, रवि प्रताप सिंह, शारदानन्द भारती, रामप्रवेश भार्गव, सुभाष भारती आदि शामिल रहे।



धरने पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए ऐपवा की जिलाध्यक्ष आरती राय ने कहा कि पलिया की जनता का दुर्भाग्य है कि ट्रिपल इंजन के सरकार होने और चारों तरफ विकास के नारे लगने के बाद आज क्षेत्र की जनता अंग्रेजी हुकूमत की चलाई हुई रेल को आबाद रखने के लिए धरना प्रदर्शन कर रही है और किसी भी जनप्रतिनिधि को फर्क नहीं पड़ रहा है। रिसाव व जल भराव के नाम पर रेल नहीं चलाई जा रही रेलवे विभाग जनता को गुमराह कर रहा है। मजदूर नेता राम किशन ने कहा की निदयों की सफाई पंचवर्षीय योजना के तहत कराई जाती है, हमारे क्षेत्र की आवागमन का साधन रेल पर कोई असर नहीं पड़ता हम किसान मजदूर के साथ साथ यहां का व्यापार भी और छात्र छात्राएं महिलाओं के लिए खुशहाली और सस्ता साधन रेलवे चलने के बाद ही उपलब्ध होगा। धरने को लल्लन प्रसाद गौड, राजकुमार गुप्ता, रहीस अली, राम मोहन शर्मा, रामबदन, सुदर्शन, राजेंद्र कुमार व फिरोज शेख सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## सटीक चेतावनी

भारत के प्रति पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठानों की कुटिल मानसिकता अब छिपी बात नहीं है। स्वतंत्रता मिलने के बाद के कई वर्षों तक वहां के शासक कोई न कोई बहाना निकाल कर टकराव की स्थिति बनाते जिसमें अमेरिका और कुछ अरब देश उनकी भरपूर मदद करते थे। लेकिन करीब पांच दशक पहले आतंकवादियों की 'नर्सरी' खोलने के बाद बहानों की आड़ देना भी उसने बंद कर दिया। कश्मीर को मुद्दा बनाकर घाटी और फिर पूरे भारत में दहशत फैलाना उसका खुला मकसद बन गया। बार-बार मुंह की खाने के बावजूद उसने पहलगाम नरसंहार को अंजाम दिया तो भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चला कर उसकी ताकत को एक बार फिर ध्वस्त किया। लेकिन ऐसा नहीं लगता कि इससे भी उसने कोई सबक लिया हो। पाक पीएम, आर्मी चीफ और रक्षा मंत्री ने भारत को गीदड़ भभकियों का सिलसिला अभी भी जारी रखा हुआ है। शायद उसे अमेरिका, सऊदी अरब और आईएमएफ से मिलने वाली भीख पर ज्यादा ही भरोसा है। भारत इसे समझता है और उसी हिसाब से तैयारियां भी पूरी कर रखी हैं। भारतीय सेना का कहना है कि पाकिस्तान के पास भारत से लड़ने की क्षमता नहीं है लेकिन वह फिर से पहलगाम जैसे हमले की कोशिश कर सकता है और इसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर का दूसरा चरण और भी घातक होगा। इस बार की कार्रवाई पहले से भी जोरदार होगी। सेना का मानना है कि उसमें हमसे युद्ध करने की क्षमता नहीं है बल्कि वह 'भारत को हजार जख्मों से लहूलुहान करने' के इरादे के तहत ऐसा करता है। सेना का यह आकलन सही भी है। कहा जाता है कि सांप को कभी घायल करके नहीं छोड़ना चाहिए बल्कि उसे पूरी खत्म कर देना जरूरी होता है। वरना वह फिर हमला जरूर करता है। पाकिस्तान भी ऐसा ही सांप है। ऑपरेशन सिंदूर में उसे बुरी तरह पस्त तो कर दिया गया था लेकिन जब तक उसका सिर पूरी तरह कुचल नहीं दिया जाएगा, तब तक वह जहर बुझी हरकतें करता रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इसी और कई बार संकेत भी कर चुके हैं। इंतजार केवल मौके का है जो अपनी आदत से मजबूर पाकिस्तान खुद ही भारत को देगा। अगर बार-बार की समस्या एक बार में ही खत्म हो जाए तो भला इससे अच्छा और क्या होगा।

## स्वदेशी की धूम

पर्वों के अवसर पर खरीदारी में उत्साह हमेशा से रहता आया है। इस बार भी ऐसा ही है। लोग अपनी-अपनी सामर्थ्य के अनुसार पूजा के लिए धीरे, दीप स्टैंड, खुद को और अपने घर को सजाने संवारने के सामान, कपड़े आभूषण आदि खूब शौक से खरीद रहे हैं। इस खरीदारी में अभी तक ध्यान विदेशी और ब्रांडेड कंपनियों के उत्पादों पर ज्यादा फोकस रहता था। माना यह जाता था कि स्थानीय स्तर पर बनी चीजों में इन जैसी क्वालिटी नहीं होती। कुछ लोगों के लिए महंगा दाम ही भरोसे की सबसे बड़ी कसौटी होता था। लेकिन इस नजरिए में पिछले कुछ सालों से धीरे-धीरे आ रहा बदलाव इस बार बाजार पर पूरी तरह छा गया है। यह हमारे देशी और परंपरागत हस्त कौशल को आगे बढ़ाने की दिशा में अहम बदलाव है। आधुनिकता की चकाचौंध में लोग भले ही इनसे दूर हो गए थे लेकिन फिर इनको हाथों-हाथ लेकर परंपरागत हुनर को पुनर्जीवित तो कर ही रहे हैं, इससे तमाम परिवारों में खुशहाली का उजाला भी फैला रहे हैं। जब इन्हें मौका मिलेगा तभी तो ये आगे आकर अपनी कला को और तराशेंगे तथा उसे नए जमाने के मुताबिक ढालेंगे। इससे अपने देश में मौजूद हुनर, कारीगरी और कुटीर-लघु उद्योग प्रतिस्पर्धा में आकर स्वदेशी एवं आत्मनिर्भरता की अवधारणा को और मजबूती के साथ विकसित करेंगे। लोकल बार लोकल के आह्वान के पीछे यही उद्देश्य है। अभी इसे बड़ी संख्या में स्टार्ट एप्स साकार कर रहे हैं। अब शहरों-कस्बों और गांवो तक में इनकी धूम मच रही है। इस कौशल में महिलाओं की भूमिका ज्यादा अहम है जो व्यक्तिगत स्तर से लेकर स्वयं सहायता समूहों तक में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। स्वदेशी के इस नए दौर में इन कामों से जुड़े परिवारों में तो समृद्धि और संपन्नता बढ़ेगी ही, देश की अर्थव्यवस्था को और आगे ले जाने में भी इसका बहुत बड़ा योगदान होगा। इस बार के पर्व की यही सबसे बड़ी विशेषता है। अच्छा यह होगा कि इस नए ट्रेंड को आगे के लिए भी बरकरार रखा जाए।



## काँव-काँव



♦♦♦

**यूपी में बेटियों को छेड़ा तो मिलेंगे यमराज-योगी**

प्रिया राठौर कांड की जांच वैसे अभी लंबित है!

**चुनावों में धनबल के इस्तेमाल पर आयोग सख्त**

व्यापारी चाहें तो बनी हुई सरकारों को खरीद लें!

**दोगुना हुआ पूर्व सैनिकों और आश्रितों का फंड**

अग्निवीरों के आश्रितों की ऐसी किस्मत कहां?

**जज भी हाड़मांस के बने सामान्य इंसान-हाईकोर्ट**

ये बात तो पब्लिक अब समझने ही लगी है!

**दवाओं, सौंदर्य प्रसाधनों पर सख्त क़ानून आयेगा**

लोग इतने ईमानदार नेताओं को ग़लत कहते हैं!

**दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों को इजाजत**

वायु प्रदूषण नहीं होगा,कान के पर्दे फट जायेंगे!

♦♦♦

# दुश्मनी से दोस्ती तक : भारत-तालिबान रिश्तों का नया अध्याय

जब भू-राजनीति के जटिल ताने-बाने में पुराने ज़ख्म सहजता से भरने लगें और दुश्मनी की कड़वाहट मधुर सहयोग में ढल जाए, तो विश्व मंच का चक्र कितना विस्मयकारी हो उठता है। भारत और तालिबान के उभरते रिश्ते इस चमत्कार की जीवंत मिसाल हैं,



– डॉ. आर.के. जैन 'अरिजीत'

जहां वैचारिक खाइयों को व्यावहारिक हितों की मज़बूत डोर ने पाट दिया है। सोचिए, दो दशक पूर्व पाकिस्तान के छद्म हथियार के रूप में कुख्यात तालिबान आज भारत के रणनीतिक साझेदार की दहलीज पर खड़ा है, अफगानिस्तान की धरती से उठकर क्षेत्रीय समीकरणों को नया रंग दे रहा है। तालिबान विदेश मंत्री का हालिया भारत दौरा–जहां गर्मजोशी भरे स्वागत के बीच दूतावास स्तर की बहाली की घोषणा हुई–न केवल तल्ख इतिहास के अंतिम पन्ने को पलटता है, बल्कि भारत की कूटनीतिक प्रौढ़ता का सशक्त प्रमाण भी है। यह एक ऐसी नीति है, जो सत्ता की कठोर सच्चाइयों को अपनाकर राष्ट्रीय हितों की रक्षा करती है, अतीत की जंजीरों से मुक्त, भविष्य की ओर दृढ़ कदम बढ़ाती हुई। इस परिवर्तन की जड़ें गहरी और बहुआयामी हैं, जो भारत-अफगानिस्तान संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं। सुरक्षा मोर्चे पर भारत की चिंताएं–कश्मीर-केंद्रित चरमपंथ, आईएसआईएस-के और अल-कायदा की साजिशें–अफगान मिट्टी से पनपने के खतरे से हमेशा सताई रहीं, लेकिन तालिबान के स्पष्ट आश्वासन, कि उनकी धरती कभी भारत-विरोधी हमलों का अड्डा नहीं बनेगी, ने विश्वास की मजबूत नींव रखी। अब खुफिया सूचनाओं का साझा आदान-प्रदान, संयुक्त निगरानी तंत्र और आईएस जैसे साझा दुश्मनों के खिलाफ सहयोग इस साझेदारी को अटल बना रहा है, क्योंकि तालिबान खुद इन चरमपंथियों से जंग लड़ रहा है। आर्थिक पटल पर यह गठबंधन चमकदार अवसरों से भरा है– अफगानिस्तान के रसीले अनार, किशमिश, पिस्ता और जड़ी-बूटियां भारत के विशाल बाजारों में प्रवेश कर रही हैं, जहां पाकिस्तान की वाघा-कराची सीमाओं की रुकावटें अब इतिहास का हिस्सा बनने वाली हैं। चाबहार बंदरगाह के जरिए मध्य एशियाई गलियारों से जुड़ाव, खनिज संसाधनों में भारतीय निवेश, और पुरानी परियोजनाओं का पुनरारंभ–सलमा बांध की जीवनदायिनी धाराओं से लेकर काबुल संसद भवन की भव्यता तक–अफगान अर्थव्यवस्था को नई सांस देगा। बदले में भारत को ऊर्जा सुरक्षा, व्यापारिक लाभ और क्षेत्रीय वर्चस्व मिलेगा। हवाई गलियारों की स्थापना और ईरानी बंदरगाहों का प्रभावी उपयोग इस आर्थिक पुल को और मजबूत करेगा, अफगान गरीबी को जड़ से मिटाने में सहायक सिद्ध होगा। तालिबान के लिए यह रिश्ता वैधता का अमृतकलश है–पाकिस्तानी आईएसआई की कठपुतली की छवि से मुक्ति, स्वतंत्र शक्ति के रूप में उभरना, और पश्चिमी प्रतिबंधों के बीच वैकल्पिक समर्थन की ताकत। मानवीय सहायता के तहत भोजन-दवाओं का वितरण, व्यापारियों-छात्रों-मरीजों के लिए आसान वीजा, कंप्यूटर प्रशिक्षण से प्रशासनिक कौशल हस्तांतरण तक–ये कदम तालिबान शासन को आंतरिक स्थिरता देंगे, अफगान नागरिकों की आकांक्षाओं को साकार करेंगे। इस प्रकार, यह साझेदारी न केवल द्विपक्षीय लाभ का स्रोत है, बल्कि क्षेत्रीय शांति और समृद्धि की कुंजी भी। पाकिस्तान इस भू-राजनीतिक नाटक का सबसे बड़ा हारी है, जहां उसका तालिबान प्रेम सीमा पर गोलाबारी, टीटीपी के खूनी हमलों और आपसी कटुता में तब्दील हो चुका है। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री का 'शत्रु देश' बयान दरार को और गहराता है, जबकि अफगान हवाई हमलों में नागरिक हत्याओं के आरोप तालिबान को भारत की ओर धकेल रहे हैं। काबुल पर दबदबा कायम करने का इस्लामाबाद का दशकों पुराना सपना अब भारत के बढ़ते प्रभाव से चूर-चूर है। भारत की अफगानिस्तान में सक्रियता न केवल पाकिस्तानी रणनीति को ध्वस्त करती है, बल्कि बलूच विद्रोह और टीटीपी समर्थन के आरोपों को हवा देती है, जिनका भारत लगातार खंडन करता रहा है। यह बदलाव क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन को नया आयाम देता है–चीन की बेल्ट एंड रोड महत्त्वाकांक्षाएं, रूस की पारंपरिक पैठ, और ईरान की सीमाई चिंताएं–सब अफगानिस्तान को दांव पर लगाए हुए हैं। भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति यहां चमकती है, जो सतर्क लेकिन साहसी कदमों से प्रभाव क्षेत्र का विस्तार कर रही है, युद्ध की छाया से परे। तालिबान की स्वतंत्र विदेश नीति का ऐलान–पाकिस्तान की मांगों से मुक्त होना–भारत को आकर्षित करता है, जबकि अफगान नागरिकों की शिकायतें पाकिस्तानी रुकावटों पर केंद्रित हैं, जो इस नई दोस्ती को स्वाभाविक बनाती हैं। फिर भी, यह साझेदारी सावधानी की मांग करती है, क्योंकि शांति का भ्रम घातक हो सकता है। भारत ने तालिबान को औपचारिक मान्यता देने से परहेज किया है, महिलाओं पर अमानवीय पाबंदियों, अल्पसंख्यकों की दशा, और मानवाधिकार उल्लंघनों पर गहरी चिंताएं बरकरार हैं। 2021 में दूतावास बंदी और वीजा रद्दीकरण को पूर्व अफगान नेताओं ने विश्वासघात करार दिया, जो आज भी हवा में तैरते जख्म हैं। सुरक्षा जोखिम साये की तरह लिपटे हैं–चरमपंथी समूहों की साजिशें, अल-कायदा के अवशेष, और आईएस की उभरती ताकत सतर्कता की घंटी बजाते हैं। दोनों पक्ष धीमे मगर ठोस कदम उठा रहे हैं– तकनीकी टीमों से राजनयिक मिशनों तक, वाणिज्य दूतावासों का हस्तांतरण, उच्च-स्तरीय वार्ताएं–ये सतर्क प्रगति के प्रतीक हैं। व्यावहारिकता यहाँ सिद्धांतों पर भारी पड़ रही है; जैसा कि कूटनीति की भाषा में कहा जाता है, सत्ता में जो है, उसके साथ जुड़ना अनिवार्य है, चाहे वह कितना ही विवादास्पद हो। यह 'दुश्मन से मित्र' की गाथा भारत की दूरदर्शी कूटनीति का उत्सव है, जो अतीत की कटुता को भुलाकर भविष्य की संभावनाओं को गढ़ रही है। यदि यह गठजोड़ गहराता है, तो दक्षिण एशिया में शांति की लहर दौड़ेगी–व्यापारिक कारवां सड़कों पर लहराएंगे, विकास की धारा अफगान घाटियों को सींचेगी, और क्षेत्रीय स्थिरता नई ऊंचाइयों को छुएगी। पाकिस्तान को सबक मिलेगा कि छद्म युद्धों की होड़ में दोस्त खोना महंगा पड़ता है, जबकि भारत एक जिम्मेदार शक्ति के रूप में उभरेगा। लेकिन सफलता की कुंजी है सतत संवाद, पारस्परिक सम्मान, और सुधारों की प्रतिबद्धता–तालिबान को मानवाधिकारों की राह अपनानी होगी, और भारत को विश्वास का निर्माण जारी रखना होगा। यह नया दौर महज आहट नहीं, बल्कि एक क्रांति है, जहां पुराने शत्रु मिलकर समृद्धि का सपना बुन रहे हैं। भारत की यह कूटनीतिक विजय न केवल अफगानिस्तान को जोड़ेगी, बल्कि पूरे उपमहाद्वीप को नई दिशा देगी।



## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### प्रथम अध्याय

(गतांक से आगे)

तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि ।। 27 ।।

ऐसा मान लेने पर भी जन्मनेवाले की निश्चित मृत्यु और मरनेवाले का निश्चित जन्म सिद्ध होता है। इसलिये भी तू बिना उपायवाले इस विषय में शोक करने लायक नहीं है। जिसका कोई इलाज नहीं, उसके लिये शोक करना एक अन्य दुःख को आमन्त्रित करना है।

अव्यक्तादीनि भूतानि व्यक्तमध्यानि भारत। अव्यक्तनिधनान्येव तत्र का परिदेवना।। 28 ।।

अर्जुन ! सम्पूर्ण प्राणी जन्म से पहले बिना शरीरवाले और मरने के बाद भी बिना शरीरवाले हैं। जन्म के पूर्व और मृत्यु के पश्चात् भी दिखायी नहीं पड़ते, केवल जन्म-मृत्यु के बीच में ही शरीर धारण किये हुए दिखायी देते हैं। अतः इस परिवर्तन के लिये व्यर्थ की चिन्ता क्यों करते हो? इस आत्मा को देखता कौन है? इस पर कहते हैं- आश्चर्यवत्पश्यति कश्चिदेन-माश्चर्यवद्वदति तथैव चान्यः। आश्चर्यवच्चैनमन्यः शृणोति श्रुत्वाप्येनं वेद न चैव कश्चित।। 29।।पहले श्रीकृष्ण ने कहा था कि इस आत्मा को तत्त्वदर्शियों ने देखा है, अब तत्त्वदर्शन की दुर्लभता पर प्रकाश डालते हैं कि कोई विरला महापुरुष ही इस आत्मा को आश्चर्य की तरह देखता है। सुनता नहीं, प्रत्यक्ष देखता है और वैसे ही दूसरा कोई महापुरुष ही आश्चर्य की तरह इसके तत्त्व को कहता है। जिसने देखा है, वही यथार्थ कह सकता है। दूसरा कोई विरला साधक इसे आश्चर्य की भाँति सुनता है। सब सुनते भी नहीं; क्योंकि यह अधिकारी के लिये ही है। हे अर्जुन ! कोई-कोई तो सुनकर भी इस आत्मा को नहीं जान पाते; क्योंकि साधन पार नहीं लगता। आप लाख ज्ञान की बातें सुनें, समझें- बाल की खाल निकालकर समझें, लालायित भी रहें; किन्तु मोह बड़ा प्रबल है, थोड़ी देर बाद ही आप अपनी सांसारिक व्यवस्थाओं में लिप्त मिलेंगे। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**आत्मवर्गं परित्यज्य परवर्ग समाश्रितः।**
**स्वयमेव लयं याति यथा राजात्यधर्मतः।।**

जिस प्रकार कोई राजा अपने अधर्माचरण के कारण नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार अपनों को छोड़कर दूसरों को अपनाने वाला व्यक्ति भी अपने आप नष्ट हो जाता है।

♦♦♦

# गरीबी-कमी की यात्रा : प्रगति और परिप्रेक्ष्य

हर साल 17 अक्टूबर को विश्व गरीबी उन्मूलन दिवस मनाया जाता है। यह केवल गरीबी के अस्तित्व की जानकारी देने का दिन नहीं है, बल्कि समाज और नीतिनिर्माताओं को वास्तविक और ठोस कदम उठाने के



– डॉ. शिवम भारद्वाज

लिए प्रेरित करता है। यह दिन गरीबों के संघर्ष और उनकी रोज़मर्रा की कठिनाइयों को मान्यता देता है और याद दिलाता है कि गरीबी केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि लाखों परिवारों के जीवन के असली अनुभवों में मौजूद है। इसी संदर्भ में, भारत की गरीबी-कमी की यात्रा पिछले दशक में मिली उपलब्धियों और वास्तविक जीवन की चुनौतियों के माध्यम से समझी जा सकती है।

आँकड़ों के नजरिए से देखें तो भारत ने पिछले दशक में गरीबी-कमी के मोर्चे पर असाधारण प्रगति दर्ज की है। नीति आयोग के बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) के आंकड़े बताते हैं कि 2013-14 में 29.17 प्रतिशत बहुआयामी गरीबी घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत रह गई। इसका मतलब है कि लगभग 25 करोड़ लोग शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन-स्तर में सुधार के साथ गरीबी की सीमा से बाहर आए। विश्व बैंक की Spring 2025 Poverty & Equity Brief के अनुसार, 2011-12 में 16.2 प्रतिशत लोग 2.15 डॉलर प्रतिदिन (अत्यंत गरीबी रेखा) से नीचे जीवनयापन कर रहे थे, जो 2022-23 तक घटकर 2.3 प्रतिशत रह गया। ग्रामीण क्षेत्रों में यह 18.4 से 2.8 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 10.7 से 1.1 प्रतिशत हो गया। 3.65 डॉलर प्रतिदिन (निचले-मध्यम आय स्तर) पर गरीबी दर भी 61.8 प्रतिशत से घटकर 28.1 प्रतिशत हो गई, यानी 3.78 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। ग्रामीण-शहरी अंतर भी 25 से 15 प्रतिशत तक घट गया।

यह औसत प्रगति दिशा दिखाती है, लेकिन इन औसत आंकड़ों के पीछे वास्तविक जीवन की जटिलताएँ और संघर्ष, क्षेत्रीय असमानताएँ और सामाजिक समूहों के बीच अंतर अब भी स्पष्ट हैं। उदाहरणार्थ एक छोटे शहरी परिवार, जिसमें माता-पिता और दो बच्चे हैं, की मासिक आय लगभग 15-18 हजार रुपये है। किराना, बिजली, परिवहन, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च आसानी से 12-14 हजार रुपये हो जाता है। औसत आंकड़ों के अनुसार यह परिवार गरीबी रेखा से ऊपर है, लेकिन वास्तविक जीवन में आय का अधिकांश हिस्सा बुनियादी जरूरतों में ही चला जाता है। ग्रामीण प्रवासी मजदूर परिवार के लिए स्थिति और कठिन है। चार-पाँच सदस्यीय परिवार की आय मौसमी कृषि या निर्माण कार्य पर निर्भर रहती है, जिसके लिए 2ङ्क3 डॉलर प्रतिदिन का हिसाब भोजन-दवा-स्कूल आदि जैसे बुनियादी खर्चों के साथ वास्तविक मासिक खर्च से ऊपर पहुँच जाता है। यह दर्शाता है कि औसत आंकड़े केवल दिशा दिखाते हैं; वास्तविक जीवन में संघर्ष और असुरक्षा अब भी जारी हैं।

महामारी और बढ़ती महंगाई ने असमानताएँ और स्पष्ट कर दीं। 2020 में वैश्विक स्तर पर लगभग 70 मिलियन लोग फिर से अत्यंत गरीबी में चले गए। हालाँकि भारत में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और डिजिटल डीबीटी आधारित लक्षित हस्तांतरण ने इस झटके का प्रभाव सीमित किया। यह दिखाता है कि आर्थिक आंकड़े तभी सचमुच असरदार होते हैं जब वे वास्तविक जीवन की जरूरतों और खर्चों से मेल खाते हों। रोज़गार के मोर्चे पर बात करें तो 2021-22 के बाद रोजगार की वृद्धि कामकाजी उम्र की आबादी से अधिक रही। शहरी बेरोज़गारी 6.6 प्रतिशत तक घट गई, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में महिला रोजगार में वृद्धि हुई। स्वरोज़गार खासकर ग्रामीण क्षेत्रों और महिलाओं में बढ़ा, जिससे आर्थिक भागीदारी बढ़ी। फिर भी अनौपचारिक रोजगार में एक बड़ी तादाद में श्रमिकों के जुड़े होने से आय अस्थिर रहती है और सामाजिक सुरक्षा सीमित रहती है।तकनीकी रूप से रोजगार में शामिल लोग भी महँगाई और असुरक्षित आय के चलते जीवन स्तर में जोखिम झेलते हैं।

कुछ क्षेत्रीय आंकड़ों का हवाला लें तो उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश जैसे पाँच सबसे जनसंख्या वाले राज्य 2011-12 में देश की अत्यंत गरीब आबादी का 65 प्रतिशत हिस्सा थे। 2022-23 तक इन राज्यों ने कुल अत्यंत गरीबी कमी में दो-तिहाई योगदान दिया। यह स्पष्ट करता है कि क्षेत्रीय प्रगति ही समग्र राष्ट्रीय प्रगति को आकार देती है।

आंकड़े बहुआयामी गरीबी और आय असमानता में सुधार को भी दर्शाते हैं। बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2005-06 में 53.8 प्रतिशत था, जो 2019-21 में 16.4 प्रतिशत और 2022-23 में 15.5 प्रतिशत तक घट गया। Gini Inde& 28.8 से 25.5 तक सुधरा, यानी आय असमानता में कमी आई। विकास दर के अनुमानों में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और एशियन



विकास बैंक 2025 में भारत की वृद्धि दर 6.4-6.6 प्रतिशत आंका है। यह दक्षिण एशिया में अग्रणी स्थिति दिखाती है, लेकिन तेज़ आर्थिक वृद्धि का लाभ असमान रहेगा यदि समावेशी रोजगार, कौशल विकास और मानव पूंजी निवेश पर्याप्त नहीं हैं। क्षेत्रीय विषमताएँ, प्रवासी श्रमिकों की संवेदनशीलता और अनौपचारिक रोजगार की व्यापकता यह सुनिश्चित करती हैं कि औसत वृद्धि के आँकड़े वास्तविक जीवन में हर परिवार तक समान प्रभाव नहीं डालते। इसलिए भारत की गरीबी-कमी की कहानी केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है। इसे वास्तविक जीवन के खर्च, महंगाई, सामाजिक हस्तांतरण और रोज़गार की असुरक्षा के संदर्भ में समझना आवश्यक है। यही व्यावहारिक पक्ष आंकड़ों के पीछे की कठिनाई को स्पष्ट करता है। 2030 तक सतत विकास लक्ष्य-1 तक पहुँचने के लिए नीति निर्माण को सामाजिक सुरक्षा, समावेशी रोजगार-सृजन, कौशल और मानव पूंजी निवेश और क्षेत्रीय असमानताओं के समाधान के साथ संरेखित होना चाहिए। तभी भारत की प्रगति टिकाऊ, व्यावहारिक और वास्तविक रूप से हर परिवार पर असर डालने वाली साबित होगी।

## प्रेरक प्रसंग — खुशियों की खोज

रवि एक छोटे से शहर में रहने वाला युवक था, जिसके पास सिर्फ एक सपना था खुद को खुश देखना। उसने कभी नहीं सोचा था कि यह सपना उसको एक अद्वितीय सफर पर ले जाएगा।

एक दिन, वह अपने दोस्तों के साथ शहर की लाइब्रेरी घूमने गया। लाइब्रेरी में उसका काफी मन लगा, और वह वहीं ठहर गया। वहां उसे एक पुरानी पुस्तक मिली जिसमें अत्यंत खुशी की खोज के बारे में लिखा था।

रवि ने उस पुस्तक को खोला और पढ़ा, और फिर उसने तय किया कि वह खुशी की खोज करेगा। उसके दोस्त विचलित रहे, लेकिन उसकी उम्मीद और संवाद के जादू ने उन्हें भी अपने साथ ले लिया।

वे तीनों एक अनोखी यात्रा पर निकल पड़े, खुशी की खोज में। उन्होंने अलग-अलग लोगों से बात की, विभिन्न स्थलों का अन्वेषण किया, और नई चुनौतियों का सामना किया। इस सफर में, उन्होंने जीवन के असली मतलब को समझा और खुशी को अपने अंदर पाया।

कुछ सालों बाद, वे तीनों वापस अपने गाँव लौटे, लेकिन तब सब बदल गया था। अब वे खुद को खुश और संतुष्ट महसूस करते थे और उनकी खुशियां उनके चारों ओर के लोगों को प्रेरित कर रही थीं।

इस प्रेरक प्रसंग से हमें यह सीखने को मिलता है कि खुशी की खोज हमारे अंदर होती है, और हमें किसी खास स्थान पर जाने की आवश्यकता नहीं होती। हमें सिर्फ अपनी आंतरिक यात्रा पर निकलना होता है, और हम अपने जीवन को सजाने के लिए अपने अंदर के संसाधनों का सही तरीके से उपयोग कर सकते हैं।

## आपका पत्र मिला

### न्यायिक संस्थाओं में व्यापक सुधार किए जाने की जरूरत

देश के विभिन्न न्यायाधिकरणों में लंबित मामलों की संख्या और उनसे जुड़ी आर्थिक क्षति के आंकड़े बेहद चौंकाने वाले हैं। हालिया रिपोर्ट के अनुसार इन न्यायाधिकरणों में 3.56 लाख मामले अटके पड़े हैं, जिनमें लगभग 24.72 लाख करोड़ रुपये फंसे हुए हैं। यह राशि देश की जीडीपी का करीब 7.5 प्रतिशत है। यह स्थिति न केवल न्यायिक व्यवस्था की धीमी गति को उजागर करती है, बल्कि देश की आर्थिक प्रगति पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है। विडंबना यह है कि अदालतों में पहले से ही करोड़ों मामले लंबित हैं और अब न्यायाधिकरण, जिन्हें इस बोझ को कम करने के उद्देश्य से बनाया गया था, स्वयं विलंब और निष्क्रियता के शिकार बन चुके हैं। 'दक्ष' नामक थिंक टैंक की रिपोर्ट बताती है कि ये संस्थान न तो न्यायिक प्रक्रिया को तेज कर पा रहे हैं, न ही निवेशकों में भरोसा पैदा कर पा रहे हैं। विदेशी निवेश पर इसका प्रतिकूल असर पड़ना स्वाभाविक है। न्यायाधिकरणों की सबसे बड़ी समस्या है प्रशिक्षित स्टाफ और विशेषज्ञ न्यायाधीशों की कमी। कई बार इनमें नियुक्त अधिकारी आवश्यक कानूनी या तकनीकी ज्ञान से लैस नहीं होते। साथ ही, जजों और वकीलों की लापरवाही और विलंबित कार्यप्रणाली भी स्थिति को और बिगाड़ती है। उदाहरण के लिए, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल में किसी विवाद को 330 दिनों में सुलझाने का प्रावधान है, किंतु वास्तविकता यह है कि औसतन 752 दिन लग जाते हैं। दूसरी ओर, आम नागरिक को हर सुनवाई पर वकीलों की फीस, गवाहों के खर्च और यात्रा-भोजन जैसी भारी लागत झेलनी पड़ती है। इसके बावजूद न्याय की गाड़ी 'कछुआ चाल' से ही चलती है। कानून मंत्रालय पर हर साल करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, पर उसकी कार्यक्षमता का लाभ जनता तक नहीं पहुंचता। अब समय आ गया है कि न्यायिक और अर्ध-न्यायिक संस्थाओं में व्यापक सुधार किए जाएं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीक को न्याय प्रक्रिया में शामिल करना अनिवार्य हो चुका है। इससे न केवल मामलों का शीघ्र निपटान संभव होगा, बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही भी बढ़ेगी। कार पर ही आएगी!

विभूति बुपक्या
वाया ई-मेल

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।** आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# दिल को स्वस्थ रखने के लिए डाइट में शामिल करें सुपरफ्रूटस



हमारा दिल हमारे शरीर का सबसे जरूरी हिस्सा है, जो ब्लड सर्कुलेशन और शरीर के सभी हिस्सों तक ऑक्सीजन और पोषक तत्वों को पहुंचाने का काम करता है। दिल को स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है, ताकि हम लंबे समय तक खुशहाल जीवन जी सकें। इसके लिए हमें अपनी डाइट में कुछ खास फल शामिल करने चाहिए, जो दिल के लिए अच्छे होते हैं। ये फल हमें आवश्यक विटामिन्स, मिनरल्स, और एंटीऑक्सीडेंट प्रदान करते हैं, जो दिल की सेहत को बनाए रखते हैं। आइए जानते हैं ऐसे सुपरफ्रूट के बारे में, जो दिल को स्वस्थ रखने में मददगार साबित होते हैं।

**एवोकाडो**

एवोकाडो दिल के लिए बहुत फायदेमंद है क्योंकि इसमें मोनोअनसैचुरेटेड फैट्स होते हैं, जो खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करते हैं। इसके अलावा, इसमें पोटेशियम की अच्छी मात्रा होती है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। इसे सलाद या सैंडविच में शामिल किया जा सकता है।

**सेब**

सेब में फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करने और दिल की बीमारी के जोखिम को घटाने में मदद करते हैं। सेब में पाए जाने वाले फ्लावोनोइड्स दिल की सेहत के लिए अच्छे होते हैं और ब्लड सर्कुलेशन को सुधारते हैं।

**बेरी**

जैसे स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, और रास्पबेरी दिल के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इनमें एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो हृदय रोग के जोखिम को कम करते हैं। ये फल ब्लड वेसल्स को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करते हैं।

**केला**

केला पोटेशियम का एक अच्छा स्रोत है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। इसमें फाइबर भी होता है, जो कोलेस्ट्रॉल को कम करने और दिल को स्वस्थ रखने में सहायक होता है। केला दिल के लिए एक बेहतरीन विकल्प है।

**चेरी**

चेरी में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो दिल के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। यह शरीर में सूजन को कम करने और ब्लड वेसल्स को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। चेरी खाने से हृदय रोगों का खतरा कम होता है।

**अंगूर**

अंगूर में रेस्वेराट्रोल नामक एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है और ब्लड वेसल्स की सेहत को बनाए रखता है। अंगूर खाने से दिल की बीमारियों का जोखिम घटता है और शरीर की सूजन भी कम होती है।

**कीवी**

कीवी में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो दिल के लिए अच्छे होते हैं। यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने, रक्त को गाढ़ा होने से बचाने और कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है। कीवी खाने से हृदय के कार्य में सुधार होता है।

**संतरा**

संतरे में विटामिन ष्ट और फाइबर होते हैं, जो दिल के लिए बहुत अच्छे होते हैं। इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स रक्तदाब को नियंत्रित करने और हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में मदद करते हैं। संतरा एक बेहतरीन फल है, जो दिल की सेहत को बढ़ावा देता है।

**पपीता**

पपीता दिल के लिए बहुत लाभकारी है, क्योंकि इसमें विटामिन सी, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने, कोलेस्ट्रॉल को कम करने और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है।

**अनार**

अनार दिल के लिए बहुत फायदेमंद है, क्योंकि इसमें एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने और दिल के रोगों से बचाने में मदद करते हैं। अनार का जूस हृदय की सेहत को बढ़ावा देता है और को स्वस्थ बनाए रखता है। ये सभी फल न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि दिल की सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद हैं। इसलिए सुपर फ्रूट्स को अपनी डाइट में शामिल करें और अपने दिल को स्वस्थ रखे।

## गुणों का खजाना है करेले का जूस

कई तरह के पोषक तत्वों से भरपूर करेला किसी औषधी से कम नहीं है। इसमें विटामिन-सी, विटामिन-ए, पोटेशियम, मैग्नीशियम, आयरन, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। करेले में मौजूद मॉमॉर्डिसिन और पोलिपेप्टाइड-पी नामक एक्टिव तत्व इसे डायबिटीज के मरीजों के लिए खास बनाते हैं। यह कैलोरी में कम और डिटॉक्सिफाइंग गुणों से भरपूर होता है।

करेले का सेवन शरीर को टॉक्सिक पदार्थों को दूर करने में मदद करता है, इम्युनिटी बढ़ाता है और पाचन को भी दुरुस्त बनाए रखता है। ऐसे में इसके जूस को नियमित पीने से शरीर को अनेक फायदे मिल सकते हैं। यहां करेले का जूस पीने के फायदों के बारे में जानकारी दी गई है। आइए जानें।

**ब्लड शुगर नियंत्रण**

करेले का जूस नेचुरल रूप से इंसुलिन को एक्टिव करता है। इसमें मौजूद पोलिपेप्टाइड-पी और चारेंटिन ब्लड शुगर लेवल को कम करने में मदद करते हैं, जिससे डायबिटीज के मरीजों को फायदा मिलता है।

**पाचन में सुधार**

करेला फाइबर से भरपूर है, जो कब्ज, एसिडिटी और पेट की अन्य समस्याओं को दूर करता है। यह पाचन एंजाइम को उत्तेजित करता है, जिससे खाने का सही से पाचन हो पाता है।

**वजन घटाने में सहायक**

करेले का जूस कैलोरी में कम और फाइबर से ज्यादा भरपूर होता है। यह भूख को नियंत्रित करता है और फैट मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है।

**लिवर डिटॉक्सिफिकेशन**

करेले का जूस लिवर को साफ करता है और बाइल जूस के उत्पादन को बढ़ाकर उसकी कार्यक्षमता में सुधार करता है। यह लिवर की बीमारियों के जोखिम को कम करता है।

**त्वचा के लिए फायदेमंद**

करेले का जूस त्वचा को साफ और ग्लोइंग बनाता है। इसके एंटीबैक्टीरियल गुण एक्ने, पिंपल्स और अन्य स्किन इन्फेक्शन को कम करते हैं।



# आपकी ये आदतें आंखों को पहुंचा रही हैं गंभीर नुकसान



आंखें हमारे शरीर का अनमोल हिस्सा हैं। यह दुनिया को देखने, समझने और अनुभव करने में मदद करती हैं। इन्हें स्वस्थ रखने के लिए हमें निरंतर प्रयास करते रहने की आवश्यकता होती है। हालांकि भागदौड़ भरी जिंदगी और खराब आदतों के कारण हम अक्सर अपनी आंखों का ख्याल रखना भूल जाते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण पूरे शरीर के साथ आंखों की सेहत पर भी असर हो सकता है।

हमारी आंखें दुनिया को देखने का माध्यम हैं, लेकिन कुछ आदतें इन्हें धीरे-धीरे नुकसान पहुंचा सकती हैं। लगातार डिजिटल स्क्रीन का इस्तेमाल, गलत खानपान, और आराम की कमी जैसी आदतें आंखों के लिए गंभीर समस्याएं पैदा कर सकती हैं। अगर समय रहते इन आदतों को बदला न जाए, तो यह न केवल आपकी दृष्टि को प्रभावित कर सकती हैं, बल्कि आंखों की सेहत पर भी गहरा असर डाल सकती हैं।

**आंखों की समस्याएं**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारी आंखें बहुत नाजुक और संवेदनशील होती हैं। यही कारण है कि इनकी देखभाल हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। कुछ आदतों को सुधारकर आप अपनी आंखों को सुरक्षित और स्वस्थ रख सकते हैं। अगर आपको आंखों में कोई परेशानी महसूस हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

आजकल बच्चों में भी कम दिखाई देने और आंखों से संबंधित कई तरह की बीमारियों का खतरा देखा जा रहा है जो उनकी क्वालिटी ऑफ लाइफ को प्रभावित करता है। इसके अलावा उम्र बढ़ने के साथ आंखों की समस्याओं का जोखिम बढ़ ही जाता है जिसको लेकर सभी को सावधानी बरतनी चाहिए।

आइए जानते हैं कि किन आदतों में **सुधार करना आपके लिए बहुत जरूरी है?**

**लंबे समय तक डिजिटल स्क्रीन का इस्तेमाल नुकसानदायक**

आजकल ज्यादातर लोग दिनभर कंप्यूटर, मोबाइल, या टीवी स्क्रीन के सामने समय बिताते हैं। लंबे समय तक स्क्रीन देखने से आंखें थकान महसूस करती हैं, जलन-खुजली हो सकती है इसे डिजिटल आई स्ट्रेन कहा जाता है। स्क्रीन पर अधिक समय बिताने से डिजिटल आई स्ट्रेन, ड्राई आई सिंड्रोम और धुंधला दिखने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

आंखों को स्वस्थ रखने के लिए 20-20-20 नियम अपनाएं - हर 20 मिनट बाद 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूर देखें।

**संतुलित आहार की कमी**

विटामिन और मिनरल्स की कमी से आंखों की सेहत कमजोर हो सकती है। विशेष रूप से विटामिन ए, सी, और ई का अभाव आंखों की समस्याओं का कारण बन सकता है। यदि आप स्वस्थ और पौष्टिक चीजों का सेवन नहीं करते हैं तो इसका असर आंखों पर भी होने लगता है। इस तरह की दिक्कतों से बचे रहने के लिए गाजर, पालक, ब्रोकली, और मछली जैसे पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ खाएं। ओमेगा-3 फैटी एसिड वाले फूड्स को अपनी डाइट में शामिल करें। पानी ज्यादा पिएं, जिससे आंखें हाइड्रेटेड रहें।

**पर्याप्त नींद न लेना**

नींद की कमी संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। नींद पूरी न होने सेआंखें लाल, सूजी हुई, और थकी हुई दिखती हैं। यह आपकी आंखों की कार्यक्षमता और दृष्टि पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को रोजाना कम से कम 7-8 घंटे की नींद जरूर लेनी चाहिए। सोने से पहले स्क्रीन का इस्तेमाल बंद कर दें और सोने का एक निश्चित समय तय करें। इस तरह की कुछ आदतों को सुधारकर आप अपनी आंखों को सुरक्षित और स्वस्थ रख सकते हैं।

# पुरानी खांसी का पक्का इलाज भूना हुआ अमरूद



खांसी और जुकाम के लिए भुना हुआ अमरूद लेना एक घरेलू उपाय है। विशेषज्ञ के अनुसार, भुना हुआ अमरूद पुरानी खांसी से छुटकारा पाने में काफी फायदेमंद साबित होता है। अमरूद में विटामिन सी की मात्रा अधिक होती है और अमरूद में मौजूद गुण खांसी पैदा करने वाले माइक्रोबियल को रोकते हैं। एक स्टडी के मुताबिक, सर्दी में लगने वाली खांसी में भुने हुए अमरूद के साथ उसके पत्ते भी बहुत फायदेमंद रहते हैं। अमरूद एस्कॉर्बिक एसिड और आयरन का एक भरपूर स्रोत है जो लंग कंजेशन और बलगम बनने की प्रक्रिया को कम करता है। सबसे पहले एक कच्चा अमरूद लें और याद रखिए कि अमरूद कच्चा ही होना चाहिए। इसे दो हिस्सों में काट लें और सेंधा नमक लगाकर स्टोव पर भून लें। बैंगन की तरह जब अमरूद पूरी तरह से भुन जाए,तो उसे खांसी से पीड़ित व्यक्ति को खिला दें। भुना हुआ अमरूद तीन से चार दिन तक खाएं। जिन लोगों को शुगर है उन्हें अमरूद की पत्तियों का पानी पीना चाहिए। अमरूद की नरम साफ पत्तियां लें और जरूरतानुसार पानी में उबाल लें। इस पानी का सेवन करें। यह डायबिटीज रोगियों के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है।

**फायदे :** अमरूद में विटामिन सी, विटामिन ए और फाइबर के अलावा पोटेशियम, फोलिक एसिड और एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा भरपूर होती हैं जो हमारे शरीर के लिए बहुत बढ़िया माने जाते हैं। अमरूद में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो शरीर में सूजन को कम करने में मदद करते हैं। अमरूद के सेवन से कोलेस्ट्रॉल लेवल नियंत्रित रहता है और दिल को स्वस्थ बनाए रखता है। अमरूद में फाइबर की उच्च मात्रा होती है जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करता है। जिन लोगों को कब्ज की समस्या रहती हैं उन्हें काला नमक लगाकर अमरूद का सेवन जरूर करना चाहिए।

## तनाव खत्म करने के लिए करें ये योगासन

तेज रफ्तर जिंदगी में तनाव और चिंता अब आम बात हो चुकी है। काम का दबाव और पारिवारिक जिम्मेदारियां मन को बेचैन कर देते हैं। ऐसे में योग न सिर्फ शरीर को लचीलापन देता है बल्कि मन को भी शांति और स्थिरता प्रदान करता है। कुछ विशेष योगासन ऐसे हैं जो मन को गहराई से शांत करते हैं और चिंता को जड़ से मिटाने में मदद करते हैं। चिंता और तनाव मन की स्थिति हैं, लेकिन योग शरीर और आत्मा के बीच पुल का काम करता है। हर दिन सिर्फ 20 मिनट का योग आपके जीवन में गहरी शांति, सुकून और आत्मविश्वास ला सकता है।

**बालासन** – यह आसन दिमाग को ठंडक और मन को स्थिरता देता है। इससे तनाव, थकान और सिरदर्द में राहत मिलती है। बालासन के अभ्यास के लिए घुटनों के बल बैठकर सिर को जमीन पर टिकाएं और हाथ आगे की ओर फैलाएं। धीरे-धीरे गहरी सांस लें।

# खून नहीं बनता तो करें खजूर का सेवन



अगर शरीर में खून की कमी हो या हीमोग्लोबिन का लेवल कम हो, तो इसे बढ़ाने के लिए कई नेचुरल उपाय हैं। इनमें से एक सबसे असरदार उपाय है खजूर का सेवन। खजूर में भरपूर पोषक तत्व होते हैं जो शरीर में खून की कमी को पूरा करने में मदद करते हैं। चलिए जानते हैं कि खजूर कैसे खून की कमी को दूर करने में मदद करता है और इसे कैसे सही तरीके से खाया जाए।

**खजूर खाने के फायदे**

**आयरन :** खजूर में आयरन की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। आयरन शरीर में हीमोग्लोबिन के बनने लिए जरूरी है। जब आयरन की कमी होती है तो खून का लेवल कम हो जाता है और एनीमिया हो सकता है। खजूर का नियमित सेवन आयरन की कमी को दूर करने में मदद करता है।

**विटामिन सी :** खजूर में विटामिन सी भी पाया जाता है, जो शरीर में आयरन के अवशोषण को बढ़ाता है। इसके कारण शरीर को आयरन का पूरा फायदा मिलता है, जिससे हीमोग्लोबिन के लेवल में सुधार होता है।

**पोटैशियम :** खजूर में पोटैशियम की अच्छी मात्रा होती है, जो ब्लड प्रेशर को नार्मल बनाए रखने में मदद करता है। इसके अलावा यह शरीर को एनर्जी प्रदान करने में भी सहायक होता है।

**फाइबर :** खजूर में उच्च मात्रा में फाइबर होता है, जो पाचन क्रिया को सुधारता है और कब्ज की समस्या को दूर करता है। इससे रक्त प्रवाह भी बेहतर होता है, जिससे शरीर में खून का संचार अच्छे से होता है।

**कैल्शियम और मैग्नीशियम :** खजूर में कैल्शियम और मैग्नीशियम भी होते हैं, जो हड्डियों और मांसपेशियों की मजबूती के लिए जरूरी होते हैं, साथ ही यह रक्त परिसंचरण को भी बेहतर बनाते हैं।

**कई चीजों में करता है फायदा :** खजूर आयरन से भरपूर होता है, जो ब्लड में हीमोग्लोबिन के लेवल को बढ़ाता है और एनीमिया की समस्या को दूर करता है। खजूर में फाइबर की अधिकता होती है, जिससे पाचन क्रिया दुरुस्त रहती है और कब्ज की समस्या भी दूर होती है। खजूर में नेचुरल शक्कर होती है, जो शरीर को तुरंत एनर्जी देती है। यह कमजोरी को दूर करता है और शरीर को ताजगी का अहसास कराता है।

### खजूर का सेवन ऐसे करें

1. खजूर का सेवन सबसे अच्छे तरीके से तब होता है जब आप इन्हें रात भर पानी में भिगोकर सुबह खाली पेट खाएं। इससे खजूर के पोषक तत्व शरीर द्वारा जल्दी अवशोषित होते हैं।
2. खजूर को कटा हुआ दूध में डालकर भी खाया जा सकता है। यह स्वादिष्ट होता है और शरीर को भरपूर ऊर्जा देता है। यह तरीका विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों के लिए अच्छा है।
3. खजूर को दही, नारियल पानी या दूध के साथ स्मूदी बना कर भी पी सकते हैं। यह एक स्वादिष्ट और पोषण से भरपूर तरीका है।
4. खजूर को नाश्ते के रूप में पिस्ता, बादाम और अखरोट के साथ भी खाया जा सकता है। यह एक अच्छा और हेल्दी नाश्ता बनता है जो खून की कमी को दूर करने में मदद करता है।

# खसखस को हल्के में न लें, इसका सेवन करने से मिलते हैं ये बड़े फायदे

खसखस को आमतौर पर हम मिठाइयों या व्यंजनों को सजाने के लिए इस्तेमाल करते हैं, यह सिर्फ एक मसाला नहीं है, बल्कि यह पोषक तत्वों का एक पावर हाउस है। ये छोटे-छोटे बीज अपने अंदर ऐसे औषधीय गुण समेटे हुए हैं जो आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो सकते हैं। खसखस का सेवन अक्सर पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में बेहतर नींद, तनाव कम करने और पाचन को सुधारने के लिए किया जाता रहा है। इसमें मौजूद ओमेगा-6 फैटी एसिड, प्रोटीन, फाइबर, और कैल्शियम जैसे तत्व इसे एक सुपरफूड बनाते हैं। अगर आप भी मानते हैं कि खसखस सिर्फ स्वाद बढ़ाने के लिए है, तो आप इसके कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य लाभों से अनजान हैं। अपनी डाइट में इसे नियमित रूप से शामिल करके आप न सिर्फ अपनी हड्डियों को मजबूत बना सकते हैं, बल्कि अपने दिल और दिमाग की सेहत का भी ख्याल रख सकते हैं। इसलिए आइए इस लेख में खसखस के सेवन से होने वाले चार बड़े फायदों के बारे में जानते हैं।



**बेहतर नींद और तनाव से राहत**

खसखस में प्राकृतिक रूप से कुछ ऐसे यौगिक होते हैं जो दिमाग को शांत करने और नींद लाने में मदद करते हैं। अगर आप अनिद्रा या तनाव से परेशान हैं, तो रात में सोने से पहले खसखस का सेवन बहुत फायदेमंद हो सकता है।

# काम को अंत तक खींचने की है आदत? लोगों में बढ़ा रही है प्रोक्रेस्टिनेशन की समस्या



क्या आप भी उन लोगों में से हैं जो काम को अंतिम समय तक टालते रहते हैं? अगर हां, तो आप अकेले नहीं हैं। काम को टालने की इस आदत को प्रोक्रेस्टिनेशन कहा जाता है, और यह आजकल एक आम समस्या बन गई है, जिसने हमारी उत्पादकता और मानसिक सेहत दोनों पर नकारात्मक असर डाला है। यह सिर्फ आलस नहीं है, बल्कि इसके पीछे कई मनोवैज्ञानिक कारण होते हैं, जैसे अपूर्णता का भय, तनाव का प्रबंधन न कर पाना, या काम को बहुत मुश्किल समझना। सोशल मीडिया और डिजिटल डिस्ट्रैक्शन ने इस समस्या को और भी बढ़ा दिया है, जहां लोग जरूरी काम को छोड़कर तुरंत मिलने वाले %डोपामिन हिट% के लिए रील या वीडियो देखने लगते हैं। इस आदत के कारण काम का बोझ बढ़ता जाता है, जिससे अंत में बहुत ज्यादा तनाव और चिंता पैदा होती है। यह एक ऐसा खराब साइकिल है जो न केवल आपकी व्यक्तिगत और पेशेवर जिदगी को प्रभावित करता है, बल्कि आपकी सेहत को भी नुकसान पहुंचाता है। प्रोक्रेस्टिनेशन की समस्या पर ध्यान देना और इसे समझना जरूरी है, क्योंकि यह आपके मानसिक स्वास्थ्य और भविष्य की सफलता के लिए एक बड़ी बाधा बन सकता है।

**परफेक्शन और डर का जाल**

प्रोक्रेस्टिनेशन का एक बड़ा कारण परफेक्शन का डर है। बहुत से लोग काम को तब तक शुरू नहीं करते जब तक वे उसे पूरी तरह से सही करने के लिए तैयार न हों। यह डर उन्हें काम शुरू करने से ही रोक देता है। वे सोचते हैं कि अगर वे परफेक्ट नहीं कर पाए, तो वे असफल हो जाएंगे, जिससे काम टल जाता है।

**थकान और ऊर्जा की कमी**

आज की लाइफस्टाइल में लगातार काम और तनाव के कारण लोग मानसिक और शारीरिक रूप से थक जाते हैं। इस थकान के कारण, दिमाग ऐसे कामों से बचना चाहता है जिनमें ज्यादा ऊर्जा या प्रयास की जरूरत होती है। इस वजह से वह उन कामों को टाल देता है, जिससे थकान का चक्र और भी मजबूत होता जाता है।

**डिजिटल डिस्ट्रैक्शन का बढ़ता प्रभाव**

स्मार्टफोन और सोशल मीडिया ने हमारे दिमाग को इंस्टेंट ग्रैटिफिकेशन (तुरंत संतुष्टि) की आदत डाल दी है। जब हमें कोई मुश्किल काम करना होता है, तो दिमाग उसे टालकर सोशल मीडिया स्क्रॉलिंग या वीडियो देखने जैसे आसान और तुरंत खुशी देने वाले काम में लग जाता है, जिससे प्रोक्रेस्टिनेशन की समस्या बढ़ जाती है।

**सेल्फ-रेगुलेशन और आदत को बदलना**-प्रोक्रेस्टिनेशन से लड़ने के लिए आपको अपने दिमाग को छोटे-छोटे काम करने की आदत डालनी होगी। बड़े काम को छोटे हिस्सों में बांट लें और एक बार में एक ही हिस्से पर ध्यान दें। पोमोडोरो टेक्नीक (25 मिनट काम, 5 मिनट ब्रेक) जैसी तकनीकें इसमें बहुत कारगर साबित होती हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते शरद ऋतौ कार्तिक मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, एकादशी तिथौ शुक्र वासरे 11/13/ मघा नक्षत्रे 13/58/ शुक्ल योग 25/49/ बालव करणे 11/18/ सिंह राशिगत चन्द्रमा घं. मि.पर।

व्रत एवं त्यौहार- रम्भा एकादशी। गोवत्स पूजा।

**मेष :** अधिकारी की अनुकूलता और विशेष परामर्श की चर्चा होगी। किसी स्थाई आवश्यकता के लिए खर्चा करेंगे।

**तुला :** जीवनसाथी से तनावपूर्ण संबंध रहेगा। यदि दूरदर्शी तरह से कार्य करेंगे तो व्यवसाय में अच्छी सफलता मिलेगी।

**वृष :** अध्ययन मनन व बौद्धिक गतिविधियों में रुचि लेंगे। कार्यों में गति आएगी। बुजुर्गों के प्रति उत्तरदायी पूरे होंगे।

**वृश्चिक :** संदेह और संकोच नष्ट होंगे। नवीन योजना के प्रति उत्साह प्रबल होगा। मनस्ताप भी समाप्त होगा।

**मिथुन :** लाभ मार्ग अवरुद्ध रहेगा। अल्प लाभ की प्राप्ति हो जाएगी। मान सम्मान बढ़ेगा।

**धनु :** कामों में गलतियां खोजी जा सकती हैं। भविष्य का मार्ग स्पष्ट होगा। किसी घटना चक्र के कारण जिम्मेदरी बढ़ेगी।

**कर्क :** निकट के मित्रों से मेलजोल होगा। विभिन्न स्रोतों से धन पाने की संभावना है। आयोजनों पर अपव्यय से बचें।

**मकर :** व्यापार व्यवसाय में हानि हो सकती है। बढ़ते व्यय तथा संतान संबंधी समस्याएं महत्वपूर्ण होंगी।

**सिंह :** आयोजन में किसी षड्यंत्र तथा दुर्घटना संबंधी सावधानियां आवश्यक है। बढ़ते व्यय की चिंताओं से ग्रसित रहेंगे।

**कुंभ :** अनुमान से अधिक खर्च होगा। परिश्रम बढ़ेगा। विरोधियों और अवरोधों की प्रधानता रहेगी। निकट संबंधियों से प्रेम करें।

**कन्या :** विभिन्न बाधाओं के कारण तथा सूझबूझ के अभाव में अधिक व्यय का पश्चाताप रहेगा। शान्ति से काम करें।

**मीन :** सामाजिक परिवर्तनों के प्रति विश्वास बढ़ेगा। विविध सांसारिक सुखों को प्राप्त करने की तत्परता बढ़ेगी।




## हरियावाँ पुलिस ने समूह की महिलाओं को किया जागरूक

स्वतंत्र भारत



**हरदोई।** सदर ब्लॉक सभागार हरियावां मे महिलाओं की सुरक्षा सम्मान और सशक्तिकरण को मिशन शक्ति पेज 5.0 के तहत गुरुवार को ब्लॉक सभागार हरियावां मे खंड विकास अधिकारी रत्नेश सिंह की अध्यक्षता मे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम मे समूह की महिलाओं ने भाग लिया। उपनिरीक्षक रमेश वर्मा ने कार्यक्रम मे उपस्थित महिलाओं को संम्बोधित करते हुए कहा आज के डिजिटल युग मे साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे है थोड़ी सी लापरवाही आपकी मेहनत की कमायी और निजी जानकारी को खतरे मे डाल सकती है। उपनिरीक्षक शुभम पाण्डेय ने कहा अनजान लिंक या संदेश पर क्लिक ना करे पासवर्ड मजबूत रखे और समय समय पर बदले सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी पासवर्ड किसी से सांझा ना करे। महिला आरक्षी नीलम सिंह महिला आरक्षी रुपम ने महिलाओं को हेल्प लाइन नं 112, 1090, 1930, 1076, 1098, 181, की जानकारी दी और कहा किसी भी आपात स्थिति मे सहायता प्राप्त की जा सकती है। का0 अखिलेश कुमार ने कहा सतर्कता ही सुरक्षा है जागरूक महिला ही आत्मनिर्भर समाज की पहचान है। महिलाओं को साइबर अपराध से बजाव आत्मरक्षा के उपाय व सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया।

## तेज रफ्तार आटो पलटा एक युवक की मौत, दो लोग घायल



स्वतंत्र भारत

**शाहाबाद (हरदोई)।** शाहाबाद-हरदोई राजमार्ग पर ग्राम यासीनपुर मे एक तेज रफ्तार आटो के पलट जाने से एक युवक की मौत हो गयी जबकि एक महिला सहित दो लोग घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार हिमांशू मिश्रा (19) पुत्र देवकीनंदन मिश्रा निवासी ग्राम निजामपुर अपने साथी रामकिशोर उर्फ कल्लू वर्मा को दवा दिलाने ग्राम सकाहा जा रहे थे। बताया जाता है कि तीव्र गति से जा रहा आटो जब यासीनपुर मोड के पास पहुंचा तब आटो चालक ने जैसे ही आटो को मोडने का प्रयास किया तभी आटो अनियंत्रित होकर पलट गया परिणामस्वरूप हिमांशू मिश्रा, रामकिशोर वर्मा तथा एक महिला सड़क पर गिरकर घायल हो गयी। तीनो घायलो को उपचार हेतु स्वास्थ्य केन्द्र टोडरपुर भेजा गया, जहां उपचार के बाद महिला तथा रामकिशोर उर्फ कल्लू वर्मा को घर भेज दिया गया जबकि हिमांशु मिश्रा को जिला अस्पताल हरदोई रेफर कर दिया गया जहॉ पर हालत चिंताजनक होने के कारण लखनऊ भेज दिया गया जहॉ पर चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## खाना बनाते समय लीकेज सिलैंडर ने लगी आग गृहस्ती का समान जलकर राख



स्वतंत्र भारत

**माधौगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शुक्लापुर भगत के मजरा कौडियापुर में ख़ाना बनाते समय अचानक लीकेज सिलैंडर से आग लग गई जिससे ग्रहस्ती का सामान जल गया कौडियापुर निवासी देवेश कुमार ने बताया की हमारे घर में समय करीब 12 बजे हमारी बेटी खाना बना रही थी तभी अचानक आग लग गई जिससे हमारे घर का ग्रहस्ती का सामान व दरवाज़ा, चार पाई, गैस चूल्हा, बिजली केविल बोंड, कपड़े जलकर राख हो गए गांव वाले ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया।

## डीएम ने जन सुनवाई मे सुनी 72 शिकायतें



**हरदोई।** आज कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 72 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणावत्तापूर्ण ढंग से हो। जन सुनवाई के दौरान आज एक महिला को निराश्रित महिला पेशन योजना से जोड़ा गया तथा एक व्यक्ति का राशन कार्ड बनाया गया। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

## फोटोस्टेट दुकान की नीलामी 29 को

हरदोई। प्रभारी अधिकारी नजारत सुनील कुमार त्रिवेदी ने सूचित किया है कि कलेक्टेउ्ट परिसर में स्थित फोटो स्टेट की पक्की दुकान की नीलामी 29 अक्टूबर 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्टेउ्ट मंर की जायेगी। उन्होने कहा है कि उक्त दुकान लेने के इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि एवं समय पर नीलामी में भाग लें।

## तहसील परिसर में स्थित दुकान नम्बर-2 की नीलामी 24 अक्टूबर को

**हरदोई।** तहसीलदार शाहाबाद ने सूचित किया है कि तहसील परिसर में स्थित दुकान नम्बर-2 की नीलामी 24 अक्टूबर 2025 को दोपहर बाद तहसील शाहाबाद सभागार में की जायेगी। उन्होने कहा है दुकान लेने के इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि एवं समय पर नीलामी में भाग लेना सुनिश्चित करें।

## धनतेरस और दीपावली पर हरदोई शहर में रोड ड्राइवर्जन लागू

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** धनतेरस और दीपावली पर बाजारों में बढ़ती भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यातायात पुलिस ने शहर के कई प्रमुख मार्गों का रूट डायवर्जन लागू किया है। यह व्यवस्था त्योहारों के दौरान सुचारु यातायात और जाम से बचाव के लिए की गई है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित मार्गों का ही उपयोग करें और यातायात नियमों का पालन करें। पुलिस के अनुसार, शाहाबाद से सीतापुर या लखनऊ रोड की ओर जाने वाले वाहन अब चिरोली पुलिया, पुखरी तिराहा, महोलियाशिवपार और नानकगंज झाला मार्ग से होकर गुजरेंगे। वहीं, बिलग्राम रोड से लखनऊ या शाहाबाद-सीतापुर दिशा में जाने वाले वाहन बिलग्राम चुंगी, लखन सिनेमा चौराहाडीएम चौराहा और पिहानी चुंगी मार्ग का इस्तेमाल करेंगे। इसके अतिरिक्त, वाबन और सांडी की ओर से लखनऊ जाने वाले वाहन बिलग्राम चुंगी मार्ग से आगे बढ़ेंगे। शाहाबाद से सीतापुर की दिशा में जाने वाले वाहन चिरोली पुलिया और महोलिया शिवपार से होकर गुजरेंगे।

नुमाइश चौराहे से मुन्नेमियाँ चौराहे तक जाने वाले वाहन अब बावन चुंगी, रामदत्त चौराहा और महाराजा सिंह पार्क होते हुए निकलेंगे, जबकि सिनेमा चौराहा से मुन्नेमियाँ चौराहा जाने वालों को धर्मशाला रोड का इस्तेमाल करना होगा। त्योहारों की भीड़ को देखते हुए कुछ पूरी तरह बंद रहेंगे। इनमें बिलग्राम चुंगी से नुमाइश/अटल चौराहा, सिनेमा चौराहा से बड़ा चौराहा और रामदत्त चौराहा से बड़ा चौराहा शामिल हैं। निर्धारित रूट का पालन करें ताकि धनतेरस और दीपावली का पर्व शांति और सौहार्द के साथ मनाया जा। इन सड़कों परभारी और हल्के वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

## मत्स्य आखेट करने की नीलामी 30 अक्टूबर को

**हरदोई।** उप जिलाधिकारी शाहाबाद अंकित तिवारी ने सूचित किया है कि तहसील शाहाबाद क्षेत्र में बहने वाली गर्रा नदी में ग्राम गढ़ेपुर सीमा से कालागाड़ा सीमा तक, ग्राम बिरौरी से संजय वम्र्रा गौहनिया पार्क तक, ग्राम संजय वर्मा गौहनिया पार्क से कहारकोला तक, ग्राम कहारकोला से नगर पंचायत पाली मार्ग तक तथा नगर पंचायत पाली मार्ग से दाने बाबा मन्दिर तक मत्स्य आखेट करने की नीलामी 30 अक्टूबर 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे तहसील शाहाबाद सभागार में की जायेगी। मत्स्य आखेट के इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि एवं समय पर नीलामी में भाग ले सकते है।

## शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर अभियान

हरदोई। यातायात प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव के नेतृत्व में टीम ने शहर के सिनेमा चौराहा, बड़ा चौराहा और बस स्टैंड जैसे व्यस्त स्थानों पर चेकिंग की। देर रात तक गश्त जारी रही। हरदोई जिले में सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए यातायात पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर प्रमुख मार्गों पर नाकाबंदी की गई। ब्रीथ एनालाइजर मशीन से सैकड़ों चालकों का अल्कोहल स्तर जांचा गया। नशे की हालत में पाए गए चालकों के चालान काटे गए। साथ ही सभी चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। यह अभियान दीपावली और धनतेरस जैसे त्योहारों के दौरान बढ़ते हादसों को रोकने के उद्देश्य से शुरू किया गया।

## जिला पंचायत की बैठक 17 को

**हरदोई।** अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत ने अवगत कराया है कि जिला पंचायत, हरदोई की आगामी बैठक 17 अक्टूबर 2025 को मध्यान्ह 12 बजे से जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमावती की अध्यक्षता में आहूत की गयी है। उन्होने कहा है कि बैठक में केवल निर्वाचित/पदेन मा0 सदस्यगण ही बैठक में प्रतिभाग करें।

## लखनऊ पब्लिक स्कूल माधोगंज में मिशन शक्ति के तहत क्षेत्राधिकारी बिलग्राम रवि प्रकाश सिंह एवं थानाध्यक्ष विजय कुमार ने विद्यार्थियों को जागरूक किया

**माधोगंज।** क्षेत्राधिकारी रविप्रकाश सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति का प्रारंभ सन 2020 में हुआ था। यह मिशन 22 सितंबर से 31 दिसंबर 2025 तक चलेगा। इसका उद्देश्य महिलाओं की पूर्ण सुरक्षा प्रदान करना है ढ्ढ यदि किसी भी महिला को किसी भी प्रकार का कोई खतरा महसूस होता है तो वह 1090 पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकती हैं। श्री सिंह ने छात्र-छात्राओं को जागरुक करते हुए सरकार द्वारा जारी किए गए हेल्प लाइन नंबरों के बारे में भी जानकारी दी जैसे 181 घरेलू समस्याओं के लिए 1098 चाइल्ड केयर हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस हेल्पलाइन नंबर और 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर आदि।




उन्होंने बताया कि यदि किसी भी महिला को किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो वह 1090 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। पुलिस उसकी लोकेशन को ट्रेस करके सुरक्षा के लिए 10 मिनट में उसके पास पहुंच जाएगी। इसके अलावा अगर किसी भी व्यक्ति को कोई शिकायत दर्ज करानी है तो वह पुलिस के पिंक बॉक्स में लिखित रूप से अपना शिकायती पत्र डाल सकता है। उन्होंने यातायात के विषय में भी छात्रों को जागरूक किया और बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाना प्रतिबंधित है। बच्चों से वार्ता करते हुए उन्होंने सभी को सड़क पर यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य के0 के0 शर्मा ने क्षेत्राधिकारी बिलग्राम एवं थानाध्यक्ष को स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। प्रधानाचार्य के के शर्मा ने क्षेत्राधिकारी बिलग्राम के द्वारा छात्रों को बताई गई उपयोगी बातों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रोत्साहित किया।

## खबर एक नजर

### युवक को लडकी छेड़ने तथा किराना दुकानदार को अबैध आतिशबाजी रखने के आरोप मे पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** थाना बेनीगंज पुलिस ने एक युवक को राह चलती युवतियो से छेडखानी करने तथा एक किराना दुकानदार को अबैध आतिशबाजी रखने के आरोप मे गिरफ्तार किया है।




मिली जानकारी के अनुसार अजीम पुत्र अब्दुल हसन निवासी मोहल्ला कबडियन टोला थाना बेनीगंज जिला हरदोई राह चलती युवतियो को देखकर अश्लील फब्तियां कस रहा था तभी एन्टी रोमियो अभियान के तहत क्षेत्र भ्रमण पर निकली पुलिस ने अजीम को धर दबोचा। पुलिस ने अजीम के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की है। दूसरी घटना मे पुलिस ने अभिमन्यु कुमार पुत्र राम औतार निवासी मोहल्ला सिकलिन टोला कस्बा बेनीगंज जिला हरदोई को गिरफ्तार किया है जिनके ऊपर आरोप है कि उन्होने अपनी किराने की दुकान पर अवैध रूप से आतिशबाजी पटाखे का भंडारण किया है। पुलिस ने अभिमन्यु कुमार के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर बरामद आतिशबाजी को सील कर दिया है

### श्री देवी भागवत महापुराण में कथा व्यास ने पर्वत राज व नारद चरित्र की कथा का श्रवण कराया

**माधोगंज (स्वतंत्र भारत)।** ग्राम पंचायत खधेरिया सुमेरगंज में व्यास विनोद तिवारी ने कहा कि मनुष्य जब तक ईश्वर की शरण मे रहता है तब तक उसका कोई अहित नही कर सकता है। नारद जी की कामदेव का वर्णन करते हुए कहा कि कामदेव के कामरूपी तीर प्रभाव न पड़ने पर नारद जी के अंदर अहंकार ने जन्म ले लिया। भगवान विष्णु ने माया रचकर विश्वमोहनी के स्वयंवर में वानर का रूप देकर उनके अहंकार का मर्दन कर उन्हें अपनी भक्ति देकर अहंकार से मुक्त किया। कथा के मुख्य यजमान मंजू सिंह व कृष्णपाल सिंह सोमवंशी रहे।

### प्रहलाद नगरी जन कल्याण समिति का आवाहन

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** प्रहलाद नगरी जन कल्याण समिति ने इस दीपावली पर देशवासियों से स्वदेशी परंपरा अपनाने का भावनात्मक आवाहन किया है। समिति के अध्यक्ष शिवम द्विवेदी ने कहा कि दीपावली का पर्व भारतीय संस्कृति और स्वाभिमान का प्रतीक है, अतः इस पावन अवसर पर हमें मिट्टी के दीपक जलाने चाहिए। और विदेशी चाइनीज दियों व झालरों से परहेज करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि स्थानीय कुम्हारों द्वारा बनाए गए दीप न केवल पर्यावरण हितैषी हैं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदम भी हैं। समिति ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे स्वदेशी उत्पादों का उपयोग कर देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में योगदान दें। इस बार की दीपावली, भारत की मिट्टी से बने दीपों से ही जगमगाए – यही सच्ची देशभक्ति होगी।

### आवेदकों को समय पर ऋण उपलब्ध करायें-डीएम



**हरदोई।** स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्टेट में आहूत बैंकर्स बैठक की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी अनुनय झा ने उपस्थित बैंक अधिकारियों को निर्देश दिये कि भारत एवं प्रदेश सरकार द्वारा द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं आदि के सम्बन्ध में किये गये ऋण आवेदनों का सत्यापन निर्धारित समय सीमा में कराये और आवेदकों को समय पर ऋण उपलब्ध करायें। बैंक ऑफ इण्डिया की अच्छी प्रगति पर उन्होंने बधायी दी। उन्होंने कहा कि जिन शाखाओं की प्रगति खराब है उन बैंक शाखा प्रबंधकों पर कार्यवाही की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सान्या छावड़ा, उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह, अग्रणी बैंक प्रबन्धक सहित सभी बैंकों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

## निशुल्क आई कैंप का हुआ शुभारंभ, 76 मरीजों का परीक्षण, 28 के होंगे आपरेशन




**संडीला।** शिफा नेत्र चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान सें निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 76 मरीजों का परीक्षण किया गया, जिनमें से 28 मरीजों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु किया गया। कार्यक्रम की देखरेख समिति के प्रबंधक डॉ. जाहिद अली ने की, शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान विजय पाण्डेय ढीकुन्नि अतरौवली ने किया। शिविर नेत्र परीक्षण शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक टीम– डाक्टर टी एच खान, डाक्टर एस पी गौतम, डाक्टर जाहिद अली डॉक्टर शमीम, ओ पी राठौर, बबलू, डाक्टर राजीव द्विवेदी द्वारा नेत्र रोगियों का परीक्षण कर 28 लोगो को मोतियाबिंद के आपरेशन के लिए चयनित किया एवं अन्य को उचित उपचार हेतु परामर्श और दवाएं दी। इस शिविर में समिति के अन्य सदस्यों ने भी अपना योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## स्वदेशी मेला में रही भारी भीड़

स्वतंत्र भारत



**हरदोई।** जनपद हरदोई में शहीद उद्यान में यू0पी0 इण्टरनेशन ट्रेड शो की भॉति यू0पी ट्रेड शो स्वदेशी मेला में नोडल उद्योग विभाग के साथ-साथ उद्यान विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग द्वारा 50 स्टाल लगवाये गये। कार्यकम में लगायी गयी स्टालों में जनपद में उत्पादित/निर्मित विभिन्न प्रकार के उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी गयी, जिसमें इत्र, धूपबत्ती, मिट्टी के बर्तन, गाय के गोबर से बने गणेश, दियाली, मूर्ति, हैण्डलूम प्रोडक्टस, खादी की बनती हुई. खादी की बनी हुई विभिन्न चीजे, एनआरएलएम द्वारा बुनी हुई विभिन्न आकृतियों, खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगाये गये विभिन्न प्रकार के स्टाल, जिनमें चाट बताशा, पिज्जा, मोमोज, सीएम युवा के स्टाल जैसे कि इत्र, फोटो स्टूडियो एवं रेडीमेड गारमेन्ट के स्टाल लगाये गये, जिसमें जनपद की आम जनता द्वारा उक्त स्थल पर बेकरी, मोमबत्ती, धूपबत्ती, दियाली आदि की खरीददारी की जा रही है। आज दिनांक 16-10-2025 को स्वदेशी मेले में सॉय 5 बजे से 8 बजे तक श्री अश्वनी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। उक्त मेले में सी0एस0एन0 कालेज एवं आई0टी0आई हरदोई के विद्यार्थियों द्वारा उक्त मेले में भ्रमण किया।

## चालक, परिचालक महिला यात्रियों एवं बालिकाओं के प्रति अच्छा व्यवहार करें:-एआरटीओ

**हरदोई।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/परिवर्तन ने अवगत कराया है कि आज मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत प्राइवेट बस अड्डा पर महिला सशक्तिकरण का आयोजन किया जायेगा, जिसमें चालकों एवं परिचालकों को महिला यात्रियों एवं बालिकाओं के प्रति अच्छा व्यवहार करने हेतु जागरूक किया गया तथा बस अड्डा पर उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को सड़क सुरक्षा के उपाय एवं महिला अपराध संबंधी कानूनों के बारे में बताया गया साथ ही विभिन्न स्थानों पर महिला सशक्तिकरण संबंधी पम्पलेट का वितरण कराया गया।

## पालिकाध्यक्ष ने खेल महोत्सव के रजिस्ट्रेशन काउंटर का फीता काटकर किया शुभारंभ

**गोला गोकरननाथ खीरी।** गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने एक नवम्बर से 14 नवंबर तक होने वाले गोला खेल महोत्सव 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन कराने के लिए काउंटर का शुभारंभ फीता काटकर किया। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने बताया, गोला खेल महोत्सव में हॉकी, फुटबॉल, बालीबाल, क्रिकेट, एथलीट, बैडमिंटन, शतरंज, कबड्डी, खो-खो, टेबल टेनिस, ताईक्कांडो जैसे लगभग 13 खेलों में प्रतिभाग कर सकते है।



प्रतिभागी 16 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। गोला खेल महोत्सव में टीम या व्यक्तिगत सभी निशुल्क रहेगा। इस अवसर पर गोला खेल महोत्सव संयोजक श्याममूर्ति शुक्ला, सभासद रज्जन खान, आशीष अवस्थी, राजेश वर्मा, कफील अहमद, धर्मेन्द्र जायसवाल, सुरेश जायसवाल, रियाजुद्दीन, शुफियान खान, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, लेखाकार मोहित अवस्थी, ब्रजेन्द्र कुमार प्रवक्ता कृषक समाज, संतोष कुमार गुप्ता पब्लिक कालेज, पुष्पेन्द्र मिश्रा पब्लिक कालेज, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, कुम्भी मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, गौरव ज्ञान त्रिपाठी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## बस की टक्कर से एक छात्र की मौत, दूसरा घायल

स्वतंत्र भारत

**जंगबहादुरगंज खीरी।** पसगंवा थाना क्षेत्र में बस की टक्कर से एक छात्र की मौत हो गई। वहीं दूसरा छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली पसगवां क्षेत्र की चौकी ताजपुर के अंतर्गत 15 अक्टूबर को करीब 1:15 बजे शाहजहांपुर मोहम्मदी रोड पर जेपी इंटर कॉलेज मोहम्मदी खीरी के कक्षा 11 के छात्र आशुतोष शुक्ला पुत्र शैलेंद्र शुक्ला उम्र 16 वर्ष निवासी ग्राम रायपुर कला पोस्ट गुलौली थाना मोहम्मदी व वैभव त्रिवेदी पुत्र स्वर्गीय रामगोपाल उम्र 16 वर्ष निवासी शुक्लापुर थाना मोहम्मदी खीरी के दोनों छात्र विद्यालय से प्रैक्टिकल परीक्षा देने के बाद मोटरसाइकिल से शाहजहांपुर की ओर जा रहे थे की मछेछा पेट्रोल पंप के पास बस से एक्सीडेंट हो गया जिससे आशुतोष की मौके पर ही मौत हो गयी ब वैभव को घायल हो गया जिसे पसगवां पुलिस ने सीएचसी मोहम्मदी भिजवाया जहां घायल का इलाज चल रहा है वहीं मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पीएम के लिए मुख्यालय भेज दिया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई नगर निकायों की बैठक



स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** आज सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में दीपावली पर्व के दृष्टिगत जनपद के नगर निकायों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा सभी चौराहों, सड़कों बजारों व प्रमुख स्थलों की साफ-सफाई दीपावली से पूर्व कर ली जाये। सभी प्रमुख चौराहों को सजाया जाये। पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था रखी जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, अतिरिक्त मजिस्टेट अरूणिमा श्रीवास्तव तथा समस्त अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।



# आईवीआरआई में ज्ञानशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ

## कार्यक्रम में भाग लेने वाले 25 प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर के संयुक्त निदेशालय (प्रसार शिक्षा) द्वारा सॉफ्ट स्किल्स फॉर पर्सनैलिटी डेवलपमेंट विषय पर आयोजित मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम (ज्ञानशाला) का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले 25 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।




समापन सत्र के मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक (प्रसार शिक्षा) डॉ. रूपसी तिवारी ने अपने संबोधन में विभिन्न प्लेटफार्मों पर छात्रों के लिए आवश्यक सॉफ्ट स्किल्स के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संवाद कौशल, प्रेरणा, तनाव एवं समय प्रबंधन, क्रोध एवं संघर्ष प्रबंधन, परिवर्तन प्रबंधन, सामाजिक नेटवर्किंग, भावनात्मक बुद्धिमत्ता तथा नेतृत्व कौशल जैसे विषय समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

डॉ. तिवारी ने व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवन में सॉफ्ट स्किल्स के महत्व को रेखांकित करते हुए इमोशनल इंटेलिजेंस (भावनात्मक बुद्धिमत्ता) की अवधारणा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने छात्रों को आत्म-जागरूकता विकसित करने, अपनी भावनाओं का प्रबंधन करने, प्रेरित रहने, सहानुभूति रखने तथा सामाजिक कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. महेश चंद्र, प्रधान वैज्ञानिक एवं पूर्व विभागाध्यक्ष (प्रसार शिक्षा प्रभाग), ने अपने संबोधन में सामाजिक नेटवर्किंग, ब्लॉग लेखन तथा संप्रेषण कौशल के विकास पर अपने अनुभव साझा किए।

डॉ. एच. आर. मीणा, प्रमुख वैज्ञानिक एवं विभागाध्यक्ष (प्रसार शिक्षा), ने प्रबंधकीय एवं प्रेरणात्मक कौशल के विभिन्न पहलुओं पर प्रतिभागियों से संवाद किया। डॉ. आर. एस. सुमन ने क्रोध एवं तनाव प्रबंधन को सॉफ्ट स्किल्स का एक महत्वपूर्ण घटक बताते हुए इसके व्यावहारिक महत्व पर प्रकाश डाला।डॉ. मदन सिंह, वैज्ञानिक, ने संघर्ष प्रबंधन एवं परिवर्तन प्रबंधन पर अपने विचार साझा किए तथा छात्रों को ÷जौहरी विंडो मॉडल÷ से परिचित कराया, जो आत्म-जागरूकता एवं आत्म-मूल्यांकन में सहायक सिद्ध होता है। डॉ. श्रुति, वैज्ञानिक, ने टीम बिल्डिंग, समय प्रबंधन, ÷बिग फाइव पर्सनैलिटी ट्रेट्स÷ तथा संगठनों में रचनात्मकता को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर छात्रों के साथ संवाद किया।

छात्रों की समझ को और अधिक सशक्त बनाने हेतु इंटरैक्टिव हैंड्स-ऑन अभ्यास भी आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम का सफल समन्वयन डॉ. श्रुति (वैज्ञानिक) द्वारा किया गया, जिसमें श्री वीर सिंह एवं श्री सूरज सिंह (संयुक्त निदेशालय, प्रसार शिक्षा) ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम को प्रतिभागियों की ओर से अत्यंत सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई, और उन्होंने पूरे सत्र के दौरान गहरी रुचि एवं उत्साह प्रदर्शित किया।

# दलितों पर बढ़ते अत्याचारों के विरोध में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** दलित समाज पर हो रहे लगातार अत्याचारों को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने जिला अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। पार्टी पदाधिकारी राजेश तिवारी एडवोकेट ने कहा कि अक्टूबर माह के प्रथम पखवाड़े से देशभर में दलितों के खिलाफ बढ़ती घटनाएं न केवल समाज के लिए चिंताजनक हैं, बल्कि पूरे राष्ट्र को झकझोर देने वाली हैं।

ज्ञापन में रायबरेली की दर्दनाक घटना का उल्लेख करते हुए बताया गया कि वहां दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की बेरहमी से हत्या कर दी गई। वहीं एक अन्य मामले में जातिवादी मानसिकता के चलते एक वकील ने सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंक दिया। हरियाणा में दलित आईपीएस अधिकारी पूरण कुमार को इतना मानसिक उत्पीड़न झेलना पड़ा कि उन्होंने आत्महत्या जैसा कदम उठाया।



इसके अलावा लखनऊ के बांद्रा क्षेत्र में 11वीं कक्षा की दलित छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना को भी उदाहरण के रूप में सामने रखा गया।

पार्टी ने कहा कि इन घटनाओं से यह स्पष्ट होता है कि प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह विफल हो रही है। जब विपक्ष इन मुद्दों को उठाता है तो उसे विरोधी प्रचार बताया जाता है, जबकि सरकारी आंकड़े खुद इन दावों का खंडन कर रहे हैं। पार्टी ने मांग की कि उत्तर प्रदेश सरकार को सख्त निर्देश दिए जाएं कि वह इस प्रकार की घटनाओं पर तत्काल रोक लगाए और दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करे।

ज्ञापन सौंपने वालों में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सतीश कुमार सिंह, उमेश चंद्र, नरपाल, मोईनुद्दीन, हरी बाबू सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब फ्रेंगरेंस ने वृद्धा आश्रम में मनाई दीपावली

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** रोटरी क्लब फ्रेगरेंस द्वारा दीपावली का पर्व काशी धाम वृद्ध आश्रम में बड़े ही स्नेह और भावनात्मक वातावरण में मनाया गया। क्लब की सदस्याओं ने आश्रम पहुंचकर वहां रह रहे बुजुर्गों को प्रेमपूर्वक भोजन, फल, बिस्कुट आदि वितरित किए और उनके साथ त्यौहार की खुशियां साझा कीं।



बुजुर्गों को पूरी, कचौड़ी, पुलाव, मिठाई जैसे स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए तथा क्लब सदस्याओं ने उनके साथ समय बिताकर उनके जीवन के अनुभव सुने। बुजुर्गों ने इस स्नेह और अपनत्व को दिल से सराहा और सभी को आशीर्वाद दिया।

क्लब अध्यक्ष सुधा गुप्ता ने कहा कि दीपावली खुशियों का त्योहार है और हमारा उद्देश्य उन बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान लाना है जो अपने परिवार से दूर आश्रम में रह रहे हैं।

इस अवसर पर क्लब सेक्रेटरी मुक्ता अग्रवाल, अंजू अदलखा तथा मुनिता रेक्रीवाल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान गीत-संगीत का भी आयोजन किया गया जिससे वातावरण आनंदमय हो उठा।

वृद्धा आश्रम के प्रबंधन ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

# रामलीला महोत्सव में कुंभकरण, मेघनाथ, सुलोचना सती की कथा का मंचन

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** श्री आदर्श रामलीला प्रबंध समिति के तत्वधान में चल रही रामलीला महोत्सव मंचन मे कुंभकरण वध, मेघनाथ वध, सुलोचना सती एवं अहिरावण वध व रावण वध लीला का भव्य मंचन हुआ। श्री आदर्श रामलीला मंडल वृंदावन मथुरा के निर्देशक पवन देव चतुर्वेदी द्वारा मंचन में कुंभकरण वध व मेघनाद की मृत्यु के बाद रावण असहाय महसूस करता है और सोचता है सारे योद्धा एक-एक करके मारे गए। अब कौन है, जो इस समय मेरी सहायता करेगा। तब उसे अपने बेटे पाताल के राजा अहिरावण का ध्यान आता है। रावण अपनी माया शक्ति से अहिरावण को बुलाता है और उसे युद्ध मे जाने के लिए कहता है। अहिरावण अपने पिता को कहता है कि आपने एक पराई स्त्री के लिए कुंभकर्ण व मेघनाद जैसे महायोद्धा कुर्बान कर दिए और अब मेरे पास आए हो। लेकिन वह बेटा किस काम का जो मुसीबत के समय काम न आए। इसलिए मैं युद्ध में जरूर जाऊंगा और श्रीराम के हाथों मारे जाने से अच्छी बात मेरे लिए और क्या होगी। अहिरावण युद्ध मे जाता है और मायावी शक्ति से श्रीराम व लक्ष्मण का अपहरण कर पाताल में ले आता है। हनुमान अहिरावण का वध करके राम लक्ष्मण को छुड़ा कर ले आते हैं।



फिर रावण अपने बेटे नारांतक को युद्ध में भेजता है। सुग्रीव का बेटा दधिबल उसे मार देता है। रावण अपने आप युद्ध की कमान संभालते हैं और राम व रावण में भयंकर युद्ध होता है। जब बहुत देर तक रावण हार नहीं मानता तो श्रीराम विभीषण से कहते हैं कि क्या कारण है कि रावण मर नहीं रहा। तब विभीषण राम को बताते हैं कि आप इसकी नाभि में तीर मारिए, तब इसकी मौत होगी। रावण के वध के साथ ही पंडाल जय श्रीराम के नारे गूंज उठा। दर्शकों की संख्या में भारी भीड़ पुरुष, महिलाएं, व बच्चे मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन की निगरानी में भव्य आतिशबाजी के साथ कुंभकरण एवं रावण दहन किया गया। रावण का पुतला इंसाप अली पलिया के द्वारा बनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर श्याम बिहारी लाल व नगर के सम्मानित लोग उपस्थित रहे। इस दौरान मेला कमेटी के संरक्षक वी.एन अग्रवाल, सुबोध अग्रवाल अध्यक्ष,अतीश अग्रवाल कार्यकारी अध्यक्ष,विकास अग्रवाल शानू वरिष्ठ अध्यक्ष प्रतीक सिंगल महामंत्री,ब्रह्मा शंकर गुप्ता कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल ऑडिटर, सर्वेश अग्रवाल बवलू मुख्य मेला प्रबंधक, एड0ओमवीर गुर्जर कानूनी सलाहकार, शैलेश सिंह मीडिया प्रभारी आदित्य गुप्ता कार्यालय प्रभारी संदीप मोहन अग्रवाल,उज्जवल अग्रवाल स्टेज प्रभारी,अनुज पांडेय,पुष्पेंद्र यादव, विजय कुमार गौड़,विकास अग्रवाल चंदा, सत्येंद्र सिंह लवी,अमित पांडेय, अजीत प्रताप सिंह,ओमवीर यादव, मयंक अग्रवाल,राकेश सिंह,अंकुर अग्रवाल,दिनेश सिंह ( उपाध्यक्ष ) उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मिशन शक्ति 5.0 के तहत छात्राओं ने निकाली साइकिल रैली



**बरेली।** मिशन शक्ति-5.0 अभियान के तहत सुदेश भूषण गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा जागरूकता साइकिल रैली निकाली गई। यह रैली करीब दो किलोमीटर तक निकाली गई, जिसमें छात्राओं ने महिला सुरक्षा, स्वावलंबन और सशक्तिकरण का संदेश दिया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि पुलिस अधीक्षक (एसपी) सोनाली मिश्रा स्वयं रैली में शामिल हुई और छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान की महत्ता बताते हुए कहा कि यह अभियान महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए चलाया जा रहा है। रैली के दौरान छात्राओं ने नारे लगाकर समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। विद्यालय परिवार ने भी इस पहल की सराहना की।

### छात्राओं ने प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों के प्रति जागरुक किया



**बरेली।** वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय बरेली में स्वच्छता ही सेवा विशेष अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में प्लास्टिक मुक्त भारत की थीम पर एक स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर अन्नू महाजन एवं डॉक्टर सुरभि श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने जागरूकता फैलाई कि किस प्रकार प्लास्टिक प्रदूषण के बड़े कारणों में से एक है। इसके अतिरिक्त स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक बीन कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। समस्त कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य के संरक्षण में हुआ।

### सड़क हादसे में महिला की मौत, शव देखकर भाई की आंखों से छलके आंसू



**फरीदपुर।** नगर में मुख्य बाजार में एक विद्यालय की महिला कर्मचारी की विद्यालय से घर जाते समय साहूकारा मोड़ पार करते हुए पीछे से आ रही रोडवेज बस द्वारा टक्कर मार देने से उनकी बस से कुचल कर दर्दनाक मौत हो गई। मोहल्ला साहूकारा निवासी सुरेश चन्द्र अग्रवाल की 55 वर्षीय पुत्री शालिनी अग्रवाल नगर के श्याम सुंदर कन्या इंटर कॉलेज में कार्यरत थी बृहस्पतिवार को समय लगभग 4:00 बजे कॉलेज से वापस अपने घर जा रही थी जैसे ही वह साहूकारा मोड़ पर छप्पन भोग की दुकान के सामने पहुंची ही थी की पीछे से आ रही रोडवेज बस ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे उनकी रोडवेज बस के पहिए के नीचे आकर कुचल जाने से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस एवं उनके परिजन मौके पर पहुंच गए।

पुलिस ने शव को तत्काल सड़क से हटवा कर रोड पर लगे जाम को खुलवाया। पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शालिनी अग्रवाल की लगभग 20 वर्ष पूर्व बरेली के नवीन चंद्र जैन के साथ शादी हुई थी परिवार से उनका मनमुटाव चल रहा था वह 20 वर्षों से अपने पिता के घर रह रही थी और श्याम सुंदर कन्या इंटर कॉलेज में कार्यरत थी। उनके अचानक हुए इस निधन पर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉक्टर दीपा काला एवं कॉलेज स्टाफ ने शोक संवेदना व्यक्त की।

### ई-रिक्शा चालक को सांप ने डसा इलाज के दौरान मौत

**बरेली।** घर में काम करते समय ईरिक्शा चालक को सांप ने हाथ में डस लिया हालत बिगड़ने पर परिवार वालों ने जिला अस्पताल भर्ती कराया इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के बेटे ने बताया जिला पीलीभीत के थाना बीसलपुर क्षेत्र के गांव शहबाजपुर के रहने वाले हैं वर्तमान में कई साल से थाना बारादरी के हरुनगला में रहते हैं 34 वर्षीय नन्हे लाल पुत्र लालाराम ईरिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करते हैं गुरुवार की सुबह गड्ढा करने के लिए अलमारी से छेनी हथौड़ी निकाल रहे थे उसमें बैठे सांप ने नन्हे लाल के हाथ में डस लिया इनकी हालत बिगड़ने लगी परिवार वालों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया इलाज के दौरान नन्हेंलाल की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिवार वाले उनकी मौत से संतुष्ट नहीं थे इसलिए परिवार वाले जिला अस्पताल से प्राइवेट अस्पताल में या कही और जगह दिखाने के लिए नन्हे लाल को ले गए।

# आईवीआरआई में मनाया गया विश्व खाद्य दिवस

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-आईवीआरआई), इज़्ज़तनगर में आज विश्व खाद्य दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं पौष्टिक खाद्य उत्पाद प्रदर्शन प्रतियोगिता शामिल थीं। संस्थान के विभिन्न उपाधि कार्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पशुधन उत्पादन प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ए. आर. सेन ने कहा कि भारत में अब केवल खाद्य सुरक्षा ही नहीं, बल्कि पोषण सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने भोजन का चयन उसकी पौष्टिकता और संतुलन को ध्यान में रखते हुए करना चाहिए ताकि स्वस्थ जीवन सुनिश्चित किया जा सके।

कार्यक्रम की समन्वयक एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ. गीता चौहान ने पौष्टिक आहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि हम अपने आहार में विविध प्रकार के स्थानीय एवं पौष्टिक खाद्य उत्पादों को सम्मिलित करें तो यह स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत लाभदायक होगा। उन्होंने संतुलित आहार को स्वस्थ जीवन का मूल आधार बताया।

कार्यक्रम में डॉ. ए. के. विश्वास, डॉ. तनवीर अहमद, डॉ. सुमन तालुकदार एवं डॉ. सागर चंद्र सहित अनेक वैज्ञानिक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गीता चौहान ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सागर चंद्र द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# राजश्री में डांडिया नाइट का आयोजन, डीजे बरखा की संगीतमय धुनों पर झूमे छात्र

## बबली और नितीश के सिर पर सजा मिस एंड मि. डांडिया का ताज

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** राजश्री ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में दिवाली महोत्सव पर डांडिया नाइट सीजन 4 का आयोजन किया गया जिसमें डीजे बरखा की संगीतमय धुनों पर संस्थान में उपस्थित सभी दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इससे पूर्व प्रातःकालीन सत्र में इंटर स्कूल डांस कंपटीशन के तहत बेदी इंटरनेशनल स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, गुलाब राय मोंटेसरी स्कूल, आर्मी पब्लिक स्कूल जैसे प्रतिष्ठित विद्यालयों के बच्चों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक समूह नृत्य पेश किये। जिसमें प्रथम स्थान पर बेदी इंटरनेशनल स्कूल, द्वितीय स्थान पर जीआरएम स्कूल, डोहरा रोड, तृतीय स्थान पर जीआरएम स्कूल नैनीताल रोड रहा। विजेता प्रतिभागियों को संस्थान के चेयरमैन श्री राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने ट्राफी, प्रशस्ति पत्र और मेडल से सम्मानित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल, सचिव राकेश कुमार अग्रवाल, प्रबंध निदेशक रोहन बंसल ने मां सरस्वती का दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण करके किया। संस्थान के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने अपने संबोधन में बताया कि राजश्री ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के अंतर्गत संचालित सभी प्रकार के पाठ्यक्रमों में पूरे भारतवर्ष के छात्र-छात्राए अध्ययन करते हैं दिवाली महोत्सव पर आयोजित यह कार्यक्रम पूरे भारतवर्ष की संस्कृति को एक सूत्र में पिरोने के उद्देश्य से विविधता में एकता का संदेश देता है। समस्त अध्यनरत छात्र-छात्राए इस प्रोग्राम को प्रतिवर्ष धूमधाम से मनाते हैं। विद्यालयों से आए स्कूली छात्रों ने लोक लुभावन शैली में भारतीय परंपरागत परिधान पहनकर मनमोहक नृत्य पेश किये। कार्यक्रम के द्वितीय सायंकालीन सत्र में डांडिया नाइट के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली से आई डीजे बरखा ने लाइव डीजे, ओपन एयर शो, लाइव ढोल और डांस परफॉर्मेंस में राजश्री संस्थान परिसर के वातावरण को संगीत के रंग में रंग दिया। पंडाल में उपस्थित सभी दर्शक गण, बाह्य आगंतुको और छात्र-छात्राओं ने जमकर डांस किया। डांडिया डांस प्रतियोगिताओं में मिस डांडिया का ताज बबली मि. डांडिया का ताज नितीश सोनकर के सिर पर सजा साथ ही राजश्री आयुर्वेदिक संस्थान की टीम द हीलिंग हैण्ड्स प्रथम स्थान पर, राजश्री लॉ कालेज की टीम द डांडिया ज्यूरिस्ट द्वितीय व राजश्री टीचर्स ट्रेनिंग संस्थान की टीम द लर्निंग लीपर्स तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में निदेशक प्रो डॉ पंकज कुमार शर्मा, डॉ अनिल कुमार, अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ साकेत अग्रवाल, रजिस्ट्रार दुष्यन्त माहेश्वरी, कार्यक्रम समन्वयक डॉ स्वतंत्र गुप्ता, डॉ नितिन विष्ट, डॉ प्रियंका सिंह, मिस प्रतीक्षा का सहयोग रहा।

# गुरु नानक खालसा इंटर कॉलेज में सेल्फ डिफेंस कार्यशाला आयोजित

## छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा व हेल्पलाइन नंबरों की दी गई जानकारी



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** सुभाष नगर क्षेत्र स्थित गुरु नानक खालसा इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत सेल्फ डिफेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न उपायों के साथ ही सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान रविंदर कौर एवं गुरप्रीत कौर ने छात्राओं को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। वहीं, महिला थाना सुभाष नगर की टीम ने छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर जैसे 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वूमेन पावर लाइन) और 101 (फायर ब्रिगेड) आदि के बारे में बताया।

कार्यक्रम में प्रशिक्षकों ने छात्राओं को मार्शल आर्ट्स व कराटे जैसे आत्मरक्षा के गुर सिखाए और बताया कि आत्मरक्षा सीखने से बेटियों का आत्मविश्वास बढ़ता है तथा वे किसी भी आपात स्थिति में स्वयं की रक्षा कर सकती हैं।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, अध्यापकगण, एवं थाना सुभाष नगर महिला पुलिस टीम सहित अनेक छात्राएं उपस्थित रहीं।

# इनर व्हील क्लब बरेली जुपिटर ने मनाया धनतेरस व दिवाली महोत्सव

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** इनर व्हील क्लब बरेली जुपिटर की ओर से धनतेरस एवं दिवाली महोत्सव का आयोजन बालाजी रेस्टोरेंट में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नारी निकेतन की सुपरीटेंडेंट छाया बड़वाल, महिला आयोग सदस्य पुष्पा पांडे तथा एलआईयू उपनिरीक्षक बिना सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहीं महिलाओं को सम्मानित किया गया। क्लब सदस्यों ने लोगों से अपील की कि दिवाली के अवसर पर सड़कों पर बैठे जरूरतमंदों से सामान खरीदकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करें।कार्यक्रम में मनोरंजक गेम्स व डांस प्रस्तुतियां भी आयोजित की गईं। पंक्चुअलिटी गेम में प्रेरणा विजेता रहीं, जबकि समीक्षा ने पहला गेम और रीमा ने दूसरा गेम जीता। करवा चौथ क्वीन का खिताब स्नेहा को मिला, वहीं सबसे सुंदर परिधान के लिए अंजलि और शशि प्रभा सिंह को सम्मानित किया गया।



महिलाओं के सशक्तिकरण पर विचार रखते हुए छाया बड़वाल और बिना सिंह ने कहा कि समाज में महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए।

कार्यक्रम में चार्टर प्रेसिडेंट रचना सक्सेना, नीरू, झरना, अंजलि, किरण, निधि, नीलम, सुमन, बंदिता, अर्चना, राखी, शिवा, शिखा, एकता, रीमा, शशि, कामाक्षी, सीमा प्रधान आदि सदस्याएं उपस्थित रहीं। अंत में रचना सक्सेना ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने पुलिस थाने का कामकाज जाना

-स्वतंत्र भारत-

**भुता।** आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज ग्राम बेवल बसंतपुर के छात्र-छात्राओं ने मिशन शक्ति अभियान के तहत सभी छात्र-छात्राओं को पुलिस थाने की कार्यशैली व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं के बारे में बताया गया। एस आई पूजा तोमर ने महिला व बालिकाओं के साथ हो रहे अपराध से रोकथाम के लिए शक्ति मोबाइल, महिला हेल्प डेस्क, महिला पुलिस बीट अधिकारी, महिला साइबर सेल, पिंक बूथ आदि की जानकारी दी।



इधर थाने में तैनात महिला पुलिसकर्मी अंजलि व मेघा शर्मा ने छात्राओं को जागरूक करते हुए ऑपरेशन गरुड़, ऑपरेशन शील्ड,ऑपरेशन मजनू, ऑपरेशन रक्षा व ऑपरेशन खोज आदि के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी छात्राओं को प्रदान करी।

थाने में तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा आपातकालीन तत्काल सहायता हेतु टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर भी छात्र-छात्राओं को नोट करवाए गए। और उन्हें बताया गया। किसी भी आपातकालीन सहायता हेतु तत्काल इस नंबर पर संपर्क कर आप पुलिस की मदद ले सकते हैं।

इधर सभी छात्र छात्राओं ने सभी जानकारी प्राप्त कर पुलिस कर्मियों को धन्यवाद कहा ।इस मौके पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं व पुलिस स्टाफ मौजूद रहा

# जमीन के सौदे में 1 करोड़ 35 लाख की ठगी

**स्वतंत्र भारत जमानियां (गाजीपुर)।** स्थानीय स्टेशन बाजार में जमीन खरीद फरोख्त के नाम पर 1 करोड़ 35 लाख रुपये की ठगी का एक मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी अवधेश बिंद व चन्द्रदीप सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पटखौलिया निवासी पीड़ित अब्दुल बाकी ने न्यायिक मजिस्ट्रेट गाजीपुर में दिए गए प्रार्थना पत्र में गंभीर आरोप लगाते हुए बताया है कि स्टेशन बाजार के पटखौलिया निवासी अवधेश बिंद जमीन की दलाली का कार्य करता है और उसी के माध्यम से रामनारायणपुर निवासी चन्द्रदीप सिंह से मुलाकात हुई। दोनों ने मिलकर उसे भरोसा दिलाया कि सानिया सुल्ताना नामक महिला की 18 बिस्वा जमीन उनके नाम खरीदकर बाद में उसके नाम हस्तांतरित कर देंगे। इस आश्वासन पर आवेदक ने अपनी पत्नी इशरत परवीन और भाभी शहनाज बानो के नाम दर्ज भूमि संपत्तियां बेचकर कई किश्तों में कुल 95 लाख 85 हजार रुपये बैंक खाते के माध्यम से तथा करीब 40 लाख रुपये नगद रूप में आरोपियों को दिए। आरोप है कि आरोपियों ने आवेदक के पैसे से सानिया सुल्ताना की साढ़े बारह बिस्वा जमीन अपने नाम तो खरीद ली, पर शेष जमीन पर एग्रीमेंट कराकर उसके नाम हस्तांतरण का वादा पूरा नहीं किया। जब आवेदक ने बार-बार रुपया वापस मांगना शुरू किया तो दोनों आरोपी टालमटोल करने लगे और हाल ही में गाली-गलौज करते हुए धमकी भी दी कि न तो पैसा लौटाएंगे और न ही जमीन का बैनामा करेंगे। आवेदक ने बताया कि उसने कई बार थाना जमानियां में रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने सुनवाई नहीं की। इसके बाद उसने पुलिस अधीक्षक गाजीपुर को डाक से प्रार्थना पत्र भेजा, किंतु वहां से भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। थाने में न्याय न मिलने पर पीड़ित ने न्यायालय में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कर विवेचना कराए जाने की मांग किया। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

# मुंबई से दीपावली मनाने घर आए युवक की दुर्घटना में मौत

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मुंबई से दीपावली मनाने घर आए युवक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा बुधवार के रात्रि 11:00 बजे के लगभग घटित हुई। दुर्घटना के बाद हुई मौत से परिवार में पसरा मातम पसरा हुआ है। मृतक हलधरपुर थाना क्षेत्र की पिंडोहरी ग्राम पंचायत निवासी शिवानंद शर्मा 29 वर्ष पुत्र प्रमोद शर्मा थे। शिवानंद शर्मा रोजी-रोटी के सिलसिले में मुंबई रहते थे, बुधवार को दिवाली मनाने के लिए अपने घर पिंडोहरी आए थे ,और दोपहर में पिंडोहरी से बाइक से अपने ससुराल बलिया जनपद के भीमपुरा थाना अंतर्गत उधरन ग्राम पंचायत गए थे। उनकी पत्नी सोनी इन दिनों अपने मायके में ही थी। उधर से रात्रि लगभग 10:00 बजे बाइक से वापस लौट रहे थे, जैसे ही वह रतनपुरा ठैचा मार्ग पर अवस्थित बीबीपुर अंधा मोड़ के पास पहुंचे उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिर गई ,और वह भी बाइक के नीचे दब गए। क्योंकि रात्रि में लगभग 11:00 से अधिक का समय हो रहा था, इसलिए किसी ने ध्यान नहीं दिया, और बाइक के नीचे दबने के बाद परिस्थितियों को देखकर लग रहा है कि उन्होंने निकलने का काफी प्रयास किया परंतु पूरी तरह निकल नहीं पाए और वही गंभीर रूप से घायल शिवानंद की तड़प तड़प कर मौत हो गई। बीबीपुर ग्राम पंचायत के लोग जब प्रातः सिवान के तरफ गए तो लगभग 5:30 बजे बाइक के नीचे दबे युवक को देखकर लोगों ने शोर मचाया।यह खबर जंगल के आग की तरह फैल गई, और बड़ी संख्या में लोग वहां एकत्र हो गए। सूचना पर लगभग 6:00 बजे स्थानीय पुलिस भी पहुंच गई, और पुलिस ने बाइक से युवक को निकाला। तभी युवक के मोबाइल की घंटी बजी। मोबाइल से बात करने के बाद युवक की शिनाख्त पिंडोहरी ग्राम पंचायत निवासी शिवानंद शर्मा के रूप में हुई। शिवानंद शर्मा चार भाइयों में सबसे छोटे थे, और मुंबई रहकर रोजी-रोटी अपनी चलाते थे। इनकी शादी अभी मात्र 1 वर्ष पूर्व ही हुई थी। उनके आकस्मिक मौत से पिता प्रमोद शर्मा, माता लालसा देवी और पत्नी सोनी का रोते-रोते बुरा हाल है। इनके आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ? शिवानंद आए थे परिवार के साथ दिवाली मनाने, लेकिन दुर्घटना में मौत के चलते पूरे परिवार पर विपत्तियों का पहाड़ टूट पड़ा है। सबसे बुरा हाल तो पत्नी सोनी का है जिसका मात्र 1 वर्ष के अंदर ही सारा सपना टूटकर धराशाई हो गया। ससुराल वाले तो बार-बार यही कह रहे हैं कि हम लोगों ने रोकने का बहुत प्रयास किया, और सुबह जाने को कहा था। लेकिन वह नहीं माने, और जिद करके चल दिए।

## जनपद स्तरीय युवा उत्सव एवं साइंस मेला का आयोजन 17 अक्टूबर को

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जिला युवा कल्याण अधिकारी काशी नाथ ने बताया कि युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में एक दिवसीय जनपद स्तरीय युवा उत्सव एवं साइंस मेला का आयोजन दिनांक 17 अक्टूबर 2025 को नगर पालिका कम्युनिटी हाल में आयोजित किया जायेगा। उक्त प्रतियोगिता के आयोजन में राष्ट्रीय युवा उत्सव हेतु निर्धारित विधाओं लोकनृत्य (समूह), लोकगीत (समूह), कहानी लेखन, कविता, चित्रकारी, डिक्लेमेशन एवं साइंस मेला की विधाओं में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। प्रतियोगिता में जनपद के कलाकार जिनकी उम्र दिनांक 01 सितम्बर, 2025 को 15 वर्ष से 29 वर्ष के मध्य होगी, प्रतिभाग कर सकते है। इस हेतु उन्हे जन्म तिथि प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले इच्छुक कलाकार अपना पंजीकरण स्थ्र द्धद्धद्दद्धह्ल क्ष्यद्गद्धह्लद्धद्य पर कराकर 17 अक्टूबर 2025 को आयोजित युवा उत्सव एवं साइंस मेला में प्रतिभाग कर सकते है।

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने किया जोरदार प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत मऊ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्यव्यापी आवाहन पर आज मऊ कलेक्ट्रेट परिसर में सैकड़ो भाकपा कार्यकर्ताओं ने जुट कर देश और प्रदेश में दलितों, पिछड़ों ,महिलाओं तथा धार्मिक अल्पसंख्यकों के विरुद्ध बेलगाम होती जा रही घृणा हिंसा तथा भेदभाव के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय तक जुलूस निकालकर जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर उच्चतम न्यायालय में इजलास पर मुकदमों की सुनवाई कर रहे पीठासीन चीफ जस्टिस पर अपमानजनक हमले के दोषी को दण्डित करने, हरियाणा राज्य के अतिरिक्त डी0जी0आला पुलिस अधिकारी स्व0वाई0पूरन कुमार की लोमहर्षक आत्महत्या तथा आश्चर्यजनक परिस्थितियों में मामले की जांच में शामिल इंस्पेक्टर की आत्महत्या की कार्यरत सुप्रीम कोर्ट के जज़ से जांच कराकर दोषी उच्च पदस्थ अधिकारियों को बर्खास्त करने, बंथरा में हाल में सरेआम वीभत्स सामूहिक बलात्कार की शिकार छात्रा को न्याय देने व दोषी बेख़ौफ़ बलात्कारियों को दंडित करने तथा रायबरेली में दलित युवक हरिओम बाल्मीकि की नृशंस हत्यारोपियों को सख्त सज़ा देने और मृतक के परिजनों को सरकारी नौकरी तथा 1 करोड़ रुपए आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की गई। प्रदर्शन में मुख्य रूप से पूर्व विधायक इम्तियाज अहमद, राम सोच यादव, विनोद कुमार राय ,देवेंद्र कुमार मिश्रा, रामकुमार भारती ,राम अवतार सिंह, शेख हिसामुद्दीन सुभाषचंद्र गौतम,अनीस अहमद अंसारी ,फखरे आलम, राम जीत चौहान ,राम आशीष चौहान, अशोक राजभर मनोरमा देवी ,गुलाइचा देवी, अतवारी देवी ,रमेश सिंह, जयप्रकाश राम, छवि शर्मा अनीस खान ,इस्हाक़ मास्टर, जगजीवन राम ,इम्तियाज, जमील अहमद, शमशाद अहमद,सुभाष चक्र देवा, जयप्रकाश चौहान ,सुगन यादव, कैलाश चौहान, मुनव्वर अली, शकील अहमद,राम बली राम,उदय नारायण राय, मंज़र कमाल, मुमताज अहमद,सोनू, यूसुफ़, चन्दन कुमार, राम दरश, मुख़्तार शर्मा, वृजमोहन पाण्डेय, जगजीवन राम, विद्यासागर,रमेश भारद्वाज, वीरेंद्र राम,विजय नारायण राय, आदि शामिल हुए।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति एवं एनकॉर्ड की बैठक संपन्न

**स्वतंत्र मऊ।** जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं एनकॉर्ड की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, ब्लैक स्पॉट सुधार, अवैध शराब पर कार्रवाई और यातायात व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने बताया कि सितंबर माह में जनपद में कुल 16 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 8 लोगों की मृत्यु हुई। चिन्हित 17 ब्लैक स्पॉट में से 5 पर सुधार कार्य पूरे कर लिए गए हैं, जबकि भीटी ब्लैक स्पॉट पर कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि दुर्घटना स्थलों पर ब्रेकर और रिफ्लेक्टर लगाए जाएं तथा आगामी त्योहारी सीजन से पूर्व सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाए।एआरटीओ सोहेल अहमद ने बताया कि बिना लाइसेंस, फिटनेस और मानकविहीन स्कूली वाहनों पर नियमित रूप से चेकिंग व चालान की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने जनपद के प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्रस्ताव तैयार है। जिलाधिकारी ने एआरटीओ को पुलिस विभाग से समन्वय कर शीघ्र कैमरे लगवाने के निर्देश दिए।जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि अवैध शराब बिक्री पर सख्त कार्रवाई जारी है तथा सरकारी दुकानों पर औचक छापेमारी की जा रही है ताकि मिलावटी शराब की बिक्री न हो सके।

## खबर एक नजर

### अवैध अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग का छापा

**जलालपुर जौनपुर।** जलालपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग ने अवैध अस्पतालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जिला अधिकारी के निर्देश पर उप जिला अधिकारी केराकत के नेतृत्व में गठित टीम ने कई निजी अस्पतालों पर छापा मारा छापेमारी के दौरान जलालपुर बाजार, त्रिलोचन महादेव, और मकरा सहित वाराणसी लखनऊ हाईवे पर स्थित कहीं निजी अस्पतालों के संचालक अपने प्रतिष्ठान बंद कर मौके से फरार हो गए इसमें कई अवैध रूप से संचालित अस्पतालों की जांच नहीं हो पाई एसडीम शैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में प्रभारी डिप्टी सीएमओ और सीएचसी रेहटी के अधीक्षक डॉक्टर आलोक कुमार सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के साथ त्रिलोचन महादेव बाजार में एम. पी. हेल्थ केयर केंद्र और शिवम हॉस्पिटल मकरा की जांच की प्रभारी डिप्टी सीएमओ डॉक्टर आलोक सिंह ने बताया कि इन दोनों अस्पताल में जौनपुर के जिला आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी का वैध रजिस्ट्रेशन दिखाए रजिस्ट्रेशन सही पाए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आगे जांच के लिए बढ़ गई।

### जे पी स्कूल में अग्निशमन विभाग ने दी जानकारी

**सुजानगंज जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के जे पी इंटरनेशनल स्कूल में दीपावली से पहले अग्निशमन विभाग द्वारा आग से बचाव के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जौनपुर पुलिस अधीक्षक के आदेश और मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देश पर यह कार्यक्रम हुआ। सतहरिया फायर स्टेशन प्रभारी अनिल यादव ने अपनी टीम के साथ बच्चों को आग से बचाव की सावधानियां बताईं। उन्होंने समझाया कि यदि कमरे में धुआं भर जाए और कोई व्यक्ति उसमें फंसा हो, तो कैसे सुरक्षित बाहर निकलना चाहिए। प्रभारी यादव ने बताया कि आतिशबाजी से जलने पर व्यक्ति को कंबल लपेटकर बचाया जा सकता है। उन्होंने यह भी सलाह दी कि यदि किसी के कपड़ों में आग लग जाए तो भागना नहीं चाहिए, क्योंकि इससे आग और फैलती है। पटाखे फोड़ते समय बरती जाने वाली सावधानियों पर भी जोर दिया गया। बच्चों को बताया गया कि पटाखे हमेशा बड़ों की निगरानी में और खुले स्थानों पर ही फोड़ने चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रीति सिंह, फायरमैन सुधाकर, फायरमैन अनिल और विपिन सहित विद्यालय के सभी अध्यापक और वाहन चालक मौजूद रहे।

### फोन पर जान से मारने की धमकी देने पर मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत जमानियां(गाजीपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के चितावनपट्टी गांव निवासी विजयशंकर ने विपक्षियों पर फोन पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दिया है। पुलिस ने गोरवा मुहल्ला निवासी आसिफ व असरफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित विजयशंकर ने तहरीर देकर बताया कि बीते 27 सितंबर को आसिफ के द्वारा फोन कर गाली देते हुए जान से मरवाकर फेंक देने की धमकी देने लगा। इसके बाद 30 अक्टूबर 25 को भी थाना गेट के पास ही अनायास गाली गलौज हाथापाई करने की घटना को अंजाम दिया गया। इस संबंध में कोतवाल प्रमोद सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### उधार पैसा मांगने पर मां बेटे के साथ मारपीट, मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत जमानियां(गाजीपुर)।** कस्बा बाजार निवासिनी सुनीता गुप्ता ने कोतवाली में तहरीर देकर विपक्षियों पर मारने पीटने व जान से मारने की धमकी देने की तहरीर दी है। पुलिस ने इस मामले में प्रदीप कुशवाहा के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता ने तहरीर देकर आरोप लगाते हुए बताया कि विपक्षी को दुकान खोलने के लिए 50 हजार रुपये नगद दिया था। लेकिन बुधवार की सुबह 10 बजे मेरा पुत्र राजू गुप्ता रुपया मांगने गया तो विपक्षी ने मुझे व मेरे पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दिया कि इधर दिखाई दिया तो जान से मरवाकर फेकवा देगें। इस संबंध में प्रभारी प्रमोद सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में कर-करेत्तर राजस्व वसूली एवं मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर आधारित राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की वसूली एवं कार्य प्रगति की समीक्षा की गई।राजस्व वसूली के आंकड़ों में व्यापार कर 59.85त्न, स्टांप रजिस्ट्रेशन 102.31त्न, परिवहन कर 76.24त्न, आबकारी 92.62त्न, वन 166.50त्न, खनन 67.33त्न, भू-राजस्व 13.51त्न और विद्युत देय 63.19त्न पाई गई। जिलाधिकारी ने कम वसूली वाले विभागों को लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति के निर्देश दिए तथा राजस्व विभाग से समन्वय बनाकर वसूली में तेजी लाने को कहा।सीएम डैशबोर्ड पर एमओयू मॉनिटरिंग, धारा 24, 34, 116 और भू-आवंटन पट्टा से संबंधित कार्यों की ग्रेडिंग पर असंतोष जताते हुए जिलाधिकारी ने सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित वादों के त्वरित निस्तारण, विशेषकर धारा 24 एवं मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना से जुड़े प्रकरणों के शीघ्र निपटारे पर बल दिया।आईजीआरएस रैंकिंग में सुधार के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर करें, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

### बंदरों के आतंक को लेकर क्षेत्रीय वन अधिकारी को सौपा ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत मऊ।** गांव में बढ़ते बंदरों के बढ़ते आतंक से निजात दिलाने की गुहार लगाते हुए बीबीपुर गांव के दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने गुरुवार को क्षेत्र पंचायत सदस्य अभिषेक यादव के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी घोसी और क्षेत्रीय वन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी बंदरों के इस आतंक के खिलाफ शिकायत की गई, लेकिन सम्बंधित अधिकारियों द्वारा कोई भी पहल नहीं की जा सकी और बंदरों का आतंक अपने चरम पर है। बताते चलें कि स्थानीय तहसील क्षेत्र के बीबीपुर गांव में बंदरों के बढ़ते आतंक से गांव के लोग काफी भयभीत हैं। सैकड़ों की संख्या में आया बंदरों के झुंड पिछले छ महीने से पूरे गांव में उत्पात मचाये हुए हैं। घर के छतों पर रखी पानी की टँकीयों आदि को क्षतिग्रस्त करने के बाद पिछले एक माह से हिंसक हो गए हैं और कई लोगों को काट चुके हैं। इन बंदरों का अड्डा उसी क्षेत्र में है जहां पर दो परिषदीय विद्यालयों के साथ डाकघर स्थापित है। जिस कारण सैकड़ों बच्चों का प्रतिदिन आवागमन है।

# भरतमिलाप पर निकली झांकियां व लाग, ऐतिहासिक भरत मिलाप को देखने उमड़ी भीड़



गौराबादशाहपुर जौनपुर गौराबादशाहपुर कस्बे का ऐतिहासिक भरत मिलाप बुधवार की रात धूमधाम से मनाया गया। श्रीराम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न चारों भाईयों के मिलन पर श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर जयकारे लगाये। इस ऐतिहासिक भरतमिलाप को देखने भीड़ उमड़ पड़ी थी। देर रात कस्बा के गौरा और बंजारेपुर रामलीला व भरत मिलाप समिति के द्वारा जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए शोभायात्रा कस्बे में निकाली गयी। इस दौरान डीजे साउंड की धुन पर युवा नाचते गाते रहे। शोभायात्रा में दर्जनों आकर्षक लाग व झांकियां शामिल रहीं। जुलूस का समापन गुरुवार को सुबह हुआ। इस दौरान दोनों रामलीला और भरतमिलाप समितियों के पदाधिकारी और सदस्य व्यवस्था में लगे रहे। शांति व्यवस्था को लेकर सीओ केराकत अजीत रजक व थानाध्यक्ष प्रवीण यादव नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश सोनकर मोहम्मद शाहिद नवीन साहू अजीत सोनकर व्यापार मंडल अध्यक्ष लल्लन सिंह अजीत चौहान धर्मेंद्र जायसवाल धर्मेंद्र गुप्ताके साथ ही जनपद के कई थानों की फोर्स व पीएसी के जवान चक्रमण करते रहे।

## रंगोली व दीया मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**स्वतंत्र भारत जमानियां (गाजीपुर)।** दीपावली पर्व को लेकर एस एस देव पब्लिक स्कूल में गुरुवार को रंगोली एवं दीया मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, परंपरा और संस्कृति के प्रति प्रेम को प्रोत्साहित करना था।विद्यालय परिसर बच्चों की बनाई आकर्षक रंगोलियों और सजे हुए रंग-बिरंगे दीयों से जगमगा उठा। हर रंगोली एक संदेश दे रही थी, किसी में ÷माँ लक्ष्मी÷ का सजीव चित्रण था, तो कहीं ÷शुभ दीपावली÷ और ÷स्वच्छ भारत÷ जैसे संदेशों ने सभी का ध्यान खींचा।प्रतियोगिता में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों के चेहरों पर उमंग और उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रबंधक श्री सुभाष चन्द्र कुशवाहा और प्राचार्या श्रीमती सुनीता कुशवाहा ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएँ बच्चों में न केवल प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रबल करती हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा के प्रति आदर भी विकसित करती हैं।

# स्वच्छता में छिपा है सेहत का राज : डॉ. गोरखनाथ पटेल

**जौनपुर।** पी0 एम0 श्री कंपोजिट विद्यालय नाथूपुर, ब्लॉक सिरकोनी, जनपद जौनपुर के प्रांगण में छ्वद्गह्लह्लश्द्य बनेगा स्वस्थ इंडिया के सहयोग से ग्लोबल हैंडवॉशिंग डे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री डॉ. गोरखनाथ पटेल तथा विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी श्री अमरेश कुमार सिंह (सिरकोनी) डॉ0 एमली पॉल चौधरी प्लान इंडिया लखनऊ उपस्थित रहे। साथ ही समाजसेविका श्रीमती लता शुक्ला, ग्राम प्रधान श्रीमती सुचिता सिंह, प्राथड्डमिक शिक्षक संघ जौनपुर के जिलाध्यक्ष एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री अरविंद शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति रही। भरी संख्या में जुटे हुए ग्रामवासियों एवं बच्चो को संबोधित करते हुए डॉ गोरखनाथ पटेल ने कहा कि स्वच्छता ही सेहत की कुंजी है और बिना स्वच्छता के नियमों के पालन के बगैर अच्छे स्वास्थ्य की कल्पना नहीं की जा सकती । उन्होंने डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया अभियान के लोगो को बधाई देते हुए कहा कि स्वच्छता के लिए इनका समर्पण काबिले तारीफ है। इस अवसर पर बच्चों द्वारा स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, डांस प्रतियोगिता एवं हैंडवॉश डेमो प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने हाथ धोने के सही तरीकों को सीखा और स्वच्छता के महत्व पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय डिस्ट्रिक्ट लीड श्री उत्कर्ष पाठक द्वारा किया गया। सहयोगी के रूप में श्री राजन दुबे एवं श्री ऋषभ पाठक की सक्रिय भूमिका रही। अंत में आभार व्यक्त करते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर के अध्यक्ष एवं प्रधानाध्यापक अरविंद शुक्ल ने बच्चों को स्वच्छता अपनाने एवं नियमित हाथ धोने की प्रेरणा दी ताकि हर बच्चा स्वस्थ और सुरक्षित रह सके।अपने संदेश में कहा कि स्वच्छ हाथ, स्वस्थ जीवन – यही है ग्लोबल हैंडवॉशिंग ड का उद्देश्य।



# स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए : विधायक

**जौनपुर।** बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान में जनपद स्तरीय यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला का आयोजन किया गया है, जिसकी भव्यता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, जहाँ एक तरफ लोगो के द्वारा स्वदेशी उत्पादों को पसंद किया जा रहा है वही दूसरी ओर उत्पादों की बिक्री भी बढ़ती जा रही है, लोगो का पसंद बनता जा रहा हस्तनिर्मित उत्पाद। ज्यादातर स्वदेशी उत्पादों में गाय के गोबर के बने दीये, मिट्टी के सामानों, सजावटी उत्पादों और हाथों से बने स्वादिष्ट अचार, मुरब्बा आदि को पसंद किया जा रहा है इसके साथ ही घरों को स्वच्छ रखने के उत्पादों जैसे हैंडवास, फिनायल, ट्वायलेट क्लीनर सहित अन्य सामग्री को भी ग्राहको द्वारा पसंद किया जा रहा है। आज स्वदेशी मेले के आठवें दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकप्रिय विधायक विधायक शाहगंज रमेश सिंह, विशिष्ट अतिथि अजीत प्रताप सिंह, जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र सहित अन्य प्रबुद्धजनों के द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर और फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। सभी अतिथिगण को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्रम और प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन करते हुए खादी के वस्त्र, साड़ी, अचार, मिट्टी के दीये, हस्तनिर्मित दरवाजा तोरन सहित अन्य उत्पादों की खरीददारी करते हुए अन्य लोगों को भी स्वदेशी उत्पादों को प्रयोग में लाने के लिए प्रेरित किया गया। विधायक के द्वारा किसान बंशराज को कृषि विभाग के द्वारा अनुदानित ट्रैक्टर की सांकेतिक चाभी और सीएम युवा उद्यमी के लाभार्थी अमरजीत सिंह को सांकेतिक चेक प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि विधायक ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्रीजी और मुख्यमंत्री के 2047 में विकसित भारत की संकल्पना तभी साकार होगी जब प्रदेश, जिला, तहसील, और ग्राम पंचायते, विकसित होगी जिसके लिए आवश्यक होगा कि स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढावा दिया जाए। युवाओं का आत्मनिर्भर बनाने के उददेश्य में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की शुरूआत की गयी जिससे युवा अपने जनपद में ही स्वरोजगार शुरू कर सके। उन्होने स्वदेशी मेले में बिक्री हेतु वस्तुओं के पैकेजिंग की सराहना की। विधायक के द्वारा अपील किया गया कि स्वदेशी वस्तुओं की खरीददारी कर देश को विकसित बनाने में अपना योगदान दे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि हर वह चीज़ स्वदेशी है जिसमें किसी भारतीय का पसीना और मेहनत शामिल है।



## बिना हेलमेट के 28 युवकों को पुलिस ने दी चेतावनी

**स्वतंत्र भारत मऊ।** पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र में जगह-जगह अभियान चलाकर बिना हेलमेट, बाइक से स्टैंड करने वाले युवकों व एंटी रोमियो की टीम ने गुरुवार को विभिन्न स्थानों से 28 युवकों सहित 11 बाई को पकड़ कर कोतवाली लाई। पुलिस ने पकड़े गए युवको का नाम, पता, बाइक नंबर एवं मोबाइल नंबर नोट कर कोतवाल कमलकांत वर्मा ने कड़ी हिदायत देते हुए युवकों को बाइक सहित छोड़ दिया। कोतवाल ने इन सभी बाइक स्टैंड करने वाले युवकों तथा बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने वाले चालकों को चेतावनी दिया, कि अगामी आने वाले लक्ष्मी पूजा मेला, छठ पूजा, दीपावली में शान द्वारा जारी किए गए गाइडलाइन के नियमों किसी भी तरह से उल्लंघन करने पर दोबारा पाए जाते हैं तो निश्चित रूप से आपके विरुद्ध संबंधी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसलिए यह हिदायत दी जा रही है कि सार्वजनिक स्थानों पर बेवजह न घूमें, और रास्ते में आने जाने वाली लड़कियों ,महिलाओ के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न करें।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिला सशक्तिकरण मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत कार्यक्रम

**स्वतन्त्र भारत ग़ाज़ीपुर।** गाजीपुर-मा0 मुख्यमंत्री जी की महत्वपूर्ण योजना मिशन शक्ति-5.0 उ0प्र0 शासन के आदेशानुसार जिलाधिकारी अविनाश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डॉ ईरज राजा के निर्देशन में महिला सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे ''मिशन शक्ति'' अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें मिशन शक्ति अभियान को सार्थक बनाने के क्रम में जनपद गाजीपुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों थाना दिलदारनगर, भुड़कुडा, नोनहरा, ग्राम पंचायत भारौली थाना करीमुद्दीनपुर, शादियाबाद, मरदह, बाबा विश्वनाथ महाविद्यालय खानपुर थाना खानपुर, थाना बहरियाबाद, ग्राम सभा तड़वां टप्पा सौरी थाना शादियाबाद, थाना जमानियां, रेवतीपुर एवं अन्य थाना क्षेत्रों में स्थित मुख्य- मुख्य बाजारों, विद्यालयों, संवेदनशील स्थानों एवं भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाकर पुलिस बल द्वारा पैदल गश्त कर मिशन शक्ति का अभियान चलाकर सभी को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सरकार के द्वारा चलाई गई हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 1076, 1930, 112, 102, 108, सी0यू0जी0नं0- 9454403443 एवं विभिन्न नंबरों के बारे में लोगो को जागरूक किया गया। जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों मे स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र द्वारा महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। जनपद गाजीपुर के समस्त थाना क्षेत्रों मे पुलिस प्रशासन की एंटी रोमियो टीम द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण/चेकिंग कर शोहदों के विरुद्ध कार्यवाही की गई । जनपद गाजीपुर के थाना क्षेत्रों मे वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें हूटर, काली फिल्म, लाल नीली बत्ती, नंबर प्लेट पर शासकीय या जाति या धर्म को इंगित करने वाले शब्द/प्रतीक चिन्ह अंकित करने वालों, स्टंट करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई ।

# मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत बीसी सखी के साथ संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम

**स्वतन्त्र भारत ग़ाज़ीपुर।** गाजीपुर मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आज दिनांक 16 अक्टूबर 2025 को जनपद गाज़ीपुर में बीसी सखी के साथ संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय सोनी, वन स्टॉप सेंटर मैनेजर सुश्री प्रियंका प्रजापति, सीएचएल समन्वयक संतोष सिंह, तथा बाल संरक्षण अधिकारी सुश्री गीता श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय आजीविका मिशन के कार्मिकों के साथ-साथ जनपद की विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की बैंक सखियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं, हेल्पलाइन नंबरों (1090, 181, 112, 1076, 102, 108) तथा साइबर सुरक्षा एवं वित्तीय साक्षरता के विषय में जानकारी प्रदान की गई। बैंक सखियों को बैंकिंग सेवाओं में उनकी भूमिका, महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में योगदान तथा ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना रहा। इसी क्रम में जनपद के समस्त विकास खण्डों मरदह, मनिहारी, बराचवर, बिरनों मुहम्मदाबाद, जखनियां, एवं विभिन्न विकास खण्डों के विभिन्न ग्राम पंचायतों में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के दौरान महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते हुए विशिष्ट उपलब्धियों हेतु महिलाओं को सम्मानित किया गया तथा विद्यालय में भी बच्चों को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी प्रदान किया गया। इसी क्रम में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के दौरान यूपी ट्रेड स्वदेशी मेला लंका गाजीपुर में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन हेतु जागरूकता कार्यक्रम उद्योग विभाग आयोजीत किया गया। कार्यक्रम में 05 महिलाओं को सिलाई मशीन, 02 महिलाओं - शीतल यादव, बिंदु कुमारी को लोन दिया गया, तथा 02 महिला उद्यमियों - रेहाना परवीन, फातिमा खातून को उद्यमिता प्रोत्साहन हेतु सम्मानित किया गया।

## रतनपुरा ठैचा मार्ग पर सरपत की झाड़ियां बनी जानलेवा

**स्वतंत्र भारत मऊ।** रतनपुरा बीबीपुर चौहान बस्ती और बीबीपुर चट्टी के मध्य रतनपुरा ठैचा मार्ग पर अंधा मोड़ है। वह मोड़ इस समय बहुत ही खतरनाक हो चुका है। क्योंकि सरपत की झाड़ियां के चलते कुछ दिखाई नहीं देता है, जिससे आने जाने वाले अक्सर वहां गिरकर घायल हो जाते हैं। इस संबंध में सड़क के किनारे लगे सरपत और झाड़ियां की वजह से हो रही दुर्घटनाओं के प्रति कई बार शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया, लेकिन प्रशासन कान में तेल डाले सो रहा है । अंततः उसकी कीमत एक युवक की मौत के रूप में चुकानी पड़ी। स्थानीय लोगों ने मांग की है की रतनपुरा ठेचा मार्ग पर लगे सर्वप्रथम कटीली झाड़ियां को अविलंब साफ किया जाए। ताकि लोग सुगमता पूर्वक आवागमन कर सकें। क्योंकि यह क्षेत्र का एक प्रमुख संपर्क मार्ग है। जिसमें प्रतिदिन तीन जनपदों गाजीपुर, बलिया, मऊ के सीमावर्ती गांव के हजारों लोगों का आना-जाना होता है ।

# महिलाओं की भागीदारी से ही संगठन सशक्त होगा और देश आत्मनिर्भर बनेगा : अपराजिता सोनकर

**जौनपुर।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत भाजपा जौनपुर महिला मोर्चा द्वारा जिला स्तर पर आत्मनिर्भर महिला सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा उसी को लेकर भाजपा कार्यालय पर महिला मोर्चा की बैठक आहुत बैठक की गई जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंघानिया ने की और मुख्य अतिथि के रूप में काशी क्षेत्र की क्षेत्रीय महामंत्री अपराजिता सोनकर उपस्थित रहीं एवं कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा रागिनी सिंह ने की। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री अपराजिता सोनकर ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से ही संगठन सशक्त होगा और देश आत्मनिर्भर बनेगा मातृशक्ति की राष्ट नवनिर्माण में भागीदारी से ही अन्त्योदय की अवधारणा मूर्त रूप लेगी महिलाएं घर की नींव भी हैं और राष्ट की धुरी भी हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को समुचित नेतृत्व मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। संगठन में भी महिलाओं की भागीदारी और जिम्मेदारी बढे इसके लिए बड़ी संख्या में महिला नेतृत्व विकसित करना होगा संगठन में महिलाओं का नेतृत्व बढ़ने से देश की आधी आबादी तक मोदी सरकार एवं योगी सरकार की योजनाएं तथा संगठन की विचारधारा, कार्यक्रम व अभियान पहुंचाने का माध्यम महिलाएं स्वयं बनेगी। अध्यक्षता करते हुए सुरेन्द्र सिंघानिया ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला, शौचालय, हर घर नल से जल, मुद्रा योजना, जनधन जैसी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन को सुगम, सुरक्षित तथा आत्मनिर्भर बनाया है महिलाओं के बीच महिलाओं की बात महिलाओं से करने की संवाद शैली संगठन को सशक्त करेगी और समाज व राष्ट को आत्मनिर्भर बनाएगी।



# सीतापुर-मिश्रिख की सड़क को गढ्डामुक्त किया जाये : जिलाधिकारी

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में लोक निर्माण विभाग के समस्त खण्डों एवं एन0एच0 कानपुर/लखीमपुर के मार्गो के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन सड़कों पर बिजली के पोलों को शिफ्ट करना है, उसके कार्य को ससमय पूर्ण किया जाये। उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पाटों को चिन्हित करते हुये निस्तारण सुनिश्चित किया जाये



तथा जिन सड़कों पर चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य चल रहा है, उसके समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाये। सीतापुर-मिश्रिख की सड़क को जल्द से जल्द गढ्डामुक्त किया जाये। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां-जहां की सड़कों के किनारे झाड़ियां उग आयी हैं, उनकी आगामी त्यौहारों से पहले साफ-सफाई करायी जाये।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि ओवरब्रिज एवं सड़कों पर खराब हुयी स्ट्रीट लाइटों को सही कराया जाये तथा सभी लाइटें त्योहारों से पहले क्रियाशील हो जायें, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि जिन सड़कों पर पैचिंग का कार्य संचालित है, उन कार्यों को भी जल्द ही पूर्ण किया जाये। अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देश दिये कि पाईप लाइन बिछानें के बाद जो भी सड़कें क्षतिग्रस्त हुयी हैं, उनको भी सही कराया जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि राष्ट्रीय राज्यमार्ग से इलसिया पार्क के निकट स्थित पोस्मार्टम हाउस जाने हेतु समुचित मार्ग उपलब्ध कराया जाये। ओवरब्रिजों के निर्माण कार्यों की जानकारी करते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि सभी संचालित कार्यों को समय से पूरा कराया जाये।

बैठक के दौरान लोक निर्माण विभाग के सभी खण्डों अधिशासी अभियन्ता एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# रेल मंत्री ने यात्री सुविधाओं से जुड़े विभिन्न कार्यों को राष्ट्र को किया समर्पण



**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी ने आज खातीपुरा रेलवे स्टेशन का दौरा किया और राजस्थान में यात्रियों की सुविधा बढ़ाने तथा आधुनिक और कुशल रेल सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण पहलों की शुरुआत की। ये पहल राज्य के रेल इंफ्रास्ट्रक्चर को रूपांतरित करने और यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम हैं।श्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्थान के 65 रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए किए गए विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इनमें रामसर, सिवानी, लूनी, पृथ्वीराज पुर और भगत की कोठी जैसे स्टेशन शामिल हैं। इन सुधारों में प्रतीक्षालयों का आधुनिकीकरण, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, उन्नत स्वच्छता सुविधाएँ, बैठने की सुविधाएँ, स्पष्ट साइनबोर्ड और दिव्यांगजन के अनुकूल इंतजाम शामिल हैं, जिससे स्टेशन और अधिक सुरक्षित, स्वच्छ और यात्रियों के अनुकूल बन गए है।

## सम्राट मिहिर भोज प्रतिहार जी का जयंती समारोह 18 अक्टूबर को

**महमूदाबाद सीतापुर।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेवा सीतापुर की तरफ से सम्राट मिहिर भोज प्रतिहार जी का जयंती समारोह 18 अक्टूबर शनिवार को प्रातः 11 बजे से सायं तीन बजे तक मां संकटा देवी धाम परिसर महमूदाबाद में मनाया जाएगा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी होंगे। यह जानकारी प्रतीक सिंह द्वारा दी गई।

## ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण मिठाई व अन्य खाद्य सामग्री उपलब्ध हो : बीके सिंह

**महमूदाबाद, सीतापुर।** राजस्व व खाद्य सुरक्षा की टीम ने दीपावली के मद्देनजर महमूदाबाद नगर की चार दुकानों पर छापेमारी कर नमूने भरकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी महमूदाबाद अनंत स्वरूप, सुभाष यादव, नायब तहसीलदार राकेश त्रिवेदी, एसआई दीपक राठौर, लेखपाल रमाकांत रावत की टीम ने नगर के विजय रेस्टोरेंट एंड स्वीट्स, शंकर स्वीट्स, नैंसी सवीट्स से बूंदी लड्डू, छेना रसगुल्ला, बर्फी के नमूने लेकर गुणवत्ता की जांच के लिए सील कर प्रयोगशाला भेजे गए। गुप्ता रेस्टोरेंट से 15 किग्रा बर्फी व पांच लड्डू नष्ट किए गए। एसडीएम बीके सिंह ने बताया कि त्योहार के मद्देनजर मिठाइयों में मिलावट की नियमित जांच कराई जा रही है।

## यातायात नियमों का पालन न करने वाले चालकों के विरुद्ध कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी : सर्वेश चतुर्वेदी

**सीतापुर।** परिवहन विभाग, सीतापुर ने सड़क पर लापरवाही बरतने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही का शिकंजा कसा है। जनपद के प्रतर्वन अधिकारियों द्वारा छापामार पद्धति के अनुसार चेकिंग के दौरान मार्ग पर नियम विरूद्ध वाहनों का संचालन करने वाले लाईसेंस धारकों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी कार्यवाही की जानकारी दते हुए बताया कि जनपद के 33 लाइसेंस धारकों व अन्य जनपदों के 29 लाइसेंसो सहित कुल 62 लाइसेंस निलम्बित करने की कार्यवाही की गयी है। निलम्बन अविध के उक्त वाहन चालक 90 दिनों तक वाहन का संचालन नही कर सकेगें। उन्होने बताया कि इन वाहन चालकों द्वारा निर्धारित क्षमता से अधिक (ओवरलोड) माल ढ़ोने एवं प्रत्येक अधिक टन के लिए 2000 रूपये प्रति टन की दर से संचालन करने के अभियोग में मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा-19 के अन्तर्गत पारित किये गये नियमों का उल्लघंन मानते हुए उनके ड्राइविंग लाइसेंस 03 माह के लिये निलम्बित कर दिये गये है। उन्होने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा गया कि वाहनों को ओवरलोड संचालन करने से वाहन का इंजन, टायर, ब्रेकिंग, सस्पेंशन अधिक लोड होने के कारण जल्दी खराब हो जाते है तथा ओवरलोड वाहनों से सड़कों और पुलों को भी नुक्सान होता है साथ ही पर्यावरण भी दूषित होता है। वाहन ओवरलोडिंग से वाहन पर नियन्त्रण कम हो जाता है, जिससे वाहन दुर्घटना ग्रस्त होने की सम्भवना अधिक हो जाती है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

